**सुविचार**

यदि आपने वास्तव में खुद से प्यार करना सीख लिया, तो फिर यह संभव ही नहीं है कि आपको ये दुनिया प्यारी न लगे।


हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

रांची, सोमवार | 24.06.2024 | वर्ष 11, अंक 171 | RNI No. - JHAHIN/2014/59110







## क्विक न्यूज

### डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को स्मृति दिवस के रूप में मनाया

**रुद्रप्रयाग :** भाजपा जिला संगठन ने गुलाबराय स्थित भाजपा कार्यालय में रविवार को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को स्मृति दिवस के रूप में मनाया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश के शिक्षा मंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत ने प्रतिभाग करते हुए कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन देश के समर्पित रहा। मंत्री रांवत ने कहा कि भारतीय संस्कृति के नक्षत्र अखिल भारतीय जनसंघ के संस्थापक, राजनीतिक व शिक्षा के क्षेत्र मे सुविख्यात डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अपने विचारों और सिद्धान्तों से देश की राजनीति में उच्च आदर्श स्थापित किए हैं। उनका सम्पूर्ण जीवन देश की एकता व देशवासियों के कल्याण के लिए समर्पित रहा। उन्होंने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी प्रखर राष्ट्रवादी थे।

### मोदी शासन में कश्मीर घाटी में पर्यटन फल-फूल रहा है : कविंद्र

**जम्मू :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद कश्मीर घाटी में पर्यटन में उल्लेखनीय उछाल आया है। वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री कविंद्र गुप्ता ने श्रीनगर से हाल ही में दिए गए एक बयान में इस बदलाव पर प्रकाश डाला।गुप्ता ने इस संवैधानिक सुधार से प्रेरित आर्थिक वृद्धि और विकास पर जोर दिया, घाटी के वैश्विक पर्यटन स्थल के रूप में पुनरुद्धार का उल्लेख किया। गुप्ता ने कहा,अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद से, घाटी में पर्यटकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है, जो समृद्धि के एक नए युग की शुरुआत है। अकेले 2023 में, दो करोड़ से अधिक पर्यटकों ने पिछले रिकॉर्ड तोड़ते हुए जम्मू और कश्मीर का भ्रमण किया।

### 48 फीसदी स्टूडेंट्स ने दोबारा नहीं दी नीट यूजी परीक्षा

**नई दिल्ली :** नीट यूजी परीक्षा का रविवार को देश में 7 केंद्रों पर 1563 स्टूडेंट्स के लिए दोबारा आयोजन किया गया. इनमें से कुछ परीक्षा केंद्रों पर एक भी स्टूडेंट पेपर देने नहीं पहुंचा. नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने एक बयान में कहा कि 48 फीसदी स्टूडेंट्स परीक्षा देने नहीं पहुंचे. एनटीए ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद, जिन 1,563 छात्रों को ग्रेस मार्क्स दिए गए थे, वे दोबारा परीक्षा देने के योग्य थे.एनटीए द्वारा जारी आंकड़ों से पता चलता है कि कुल 1,563 छात्रों में से 813 ने दोबारा परीक्षा दी और 750 छात्र परीक्षा में शामिल नहीं हुए. एनटीए ने छत्तीसगढ़, गुजरात, हरियाणा, मेघालय और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ में सात परीक्षा केंद्र खोले थे.

### मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने अहमदाबाद में मैसेंजर्स ऑन साइकिल रैली को रवाना किया

**गांधीनगर :** मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने रविवार को अहमदाबाद में एचएल कॉलेज ऑफ कॉमर्स कैम्पस से 'मैसेंजर्स ऑन साइकिल' रैली को रवाना किया। अमेरिकी लेखिका हेलेन केलर के 144वें जन्म दिवस पर दिव्यांगों के समर्थन में इस चैरिटी राइड का आयोजन सेन्स इंटरनेशनल इंडिया नामक संस्था की ओर से किया गया।हेलेन केलर सुप्रसिद्ध अमेरिकी लेखिका हैं, जो स्वयं एक दिव्यांग थीं। इसके बावजूद उन्होंने अपने जीवन में न केवल अच्छी शिक्षा हासिल की, बल्कि उन्होंने अपने लेखों से पूरे विश्व भर के समाज को प्रभावित भी किया।

### रांची का तापमान

अधिकतम $38^{0}$

न्यूनतम $26^{0}$

---

**सीएम ने घाटशिला में आयोजित कार्यक्रम में 2141 विकास योजनाओं की दी सौगात**

# राज्य को संवारने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : चंपाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड को संवारना है। इस राज्य को नई दिशा देना है। समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को आगे बढ़ाना है। इसी प्रतिबद्धता के साथ हमारी सरकार हर मोर्चे पर काम कर रही है। मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने.पूर्वी सिंहभूम जिले के घाटशिला स्थित मऊभंडार में आयोजित विभिन्न योजनाओं के उद्घाटन-शिलान्यास एवं लाभुकों के बीच परिसंपत्ति वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे।मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी के सहयोग और भागीदारी से झारखंड को अव्वल राज्य बनाएंगे।

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

इस कार्यक्रम में विधायक रामदास सोरेन, विधायक समीर मोहंती , विधायक संजीव सरदार, झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष हिदायतुल्लाह खान, झारखंड गौ सेवा आयोग के उपाध्यक्ष राजू गिरि , जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष मोहन कर्मकार, मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल, कोल्हान प्रमंडल के आयुक्त श्री हरि कुमार केशरी तथा जिले के उपायुक्त एवं वरीय पुलिस अधीक्षक समेत कई पदाधिकारी मौजूद थे।

### कई योजनाओं का मिला तोहफा

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 45 करोड़ 79 लाख 99 हजार 980 रुपए की 2141 योजनाओं का उद्घाटन शिलान्यास किया। इसमें 14 करोड़ 88 लाख 44 हजार 580 रुपए की 15 योजनाओं का शिलान्यास एवं 30 करोड़ 91 लाख 55 हजार 400 रुपए की योजनाओं की आधारशिला रखी। वहीं, अबुआ आवास योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, सावित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना, सर्वजन पेंशन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, छात्रवृत्ति योजना, वन पट्टा वितरण योजना और मुख्यमंत्री पशुधन योजना समेत अनेकों कल्याणकारी योजनाओं के 20, 484 लाभुकों के बीच 71 करोड़ 63 लाख 4 हजार 200 रुपए की परिसम्पतियों का वितरण किया।

### विपरीत परिस्थितियों और चुनौतियों के बीच विकास को दे रहे गति

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार के साढ़े चार वर्ष हो चुके हैं। आप इस बात से वाकिफ हैं कि सरकार गठन के साथ कोरोना जैसी वैश्विक महामारी से सामना करना पड़ा। ऐसे हालत में भी हमारी सरकार ने जीवन और जीविका के लिए बेहतरीन कार्य किया। इसके बाद जब विकास को गति गति देने की शुरुआत हुई तो कई विपरीत परिस्थितियां आ खड़ी हुई। लेकिन, इन तमाम चुनौतियों से निपटते हुए हम विकास को लगातार गति देने का काम कर रहे हैं ।



### गरीबों के पक्का मकान होने के सपने को कर रहे सरकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार अपने दम पर अबुआ आवास योजना के तहत 20 लाख गरीबों और जरूरतमंदों को पक्का मकान उपलब्ध करा रही है। हमारी सरकार का संकल्प है कि इस राज्य में कोई भी व्यक्ति मिट्टी का कच्चा घर या झुग्गी झोपड़ी पर रहने को मजबूर नही रहे। सबके पास अपना पक्का मकान हो यह राज्य सरकार का लक्ष्य है।

**यह आपकी सरकार है :** मुख्यमंत्री ने कहा कि यह आपकी सरकार है। ऐसे में आपकी भावनाओं, उम्मीदों और आकांक्षाओ को पूरा करने की दिशा में हम लगातार काम कर रहे हैं। इसी कड़ी में आपकी योजना -आपकी सरकार -आपके द्वार कार्यक्रम के जरिए सरकार आपके दरवाजे पर पहुंचकर आपकी समस्याओं का समाधान करने के साथ कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। यह कार्यक्रम आगे भी चलाया जाएगा, क्योंकि जनता से जुड़कर हम राज्य को नई पहचान दिलाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### राज्य की जनता को दे रहे हैं कई नई योजनाओं की सौगात

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की जनता को हमारी सरकार कई नई सौगात देने जा रही है। अब बिजली उपभोक्ताओं को 200 यूनिट बिजली मुफ्त मिलेगा। वहीं, 25 वर्ष से अधिक एवं 50 वर्ष से कम उम्र की बहनों और बेटियों को सरकार आर्थिक सहायता देने जा रही है। किसानों के दो लाख रुपए तक का कृषि लोन माफ करने का भी निर्णय सरकार ने लिया है। इन योजनाओं के जरिए राज्य की जनता को आगे बढ़ाने और सशक्त बनाने का प्रयास हो रहा है।

---

**झारखंड भाजपा के चुनाव प्रभारी व सह प्रभारी ने की बैठक, कहा**

## बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ता करेंगे काम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रविवार को झारखंड भाजपा के चुनाव प्रभारी व केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और सह-प्रभारी सह असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिश्व सरमा ने सभी सांसदों, विधायकों व नेताओं के साथ बैठक की। इसके बाद पत्रकारों को संयुक्त रूप से संबंधित करते हुए कहा कि भाजपा आक्रामक तरीके से विधानसभा का चुनाव लड़ेगी और बहुमत की सरकार बनायेगी। झारखंड भाजपा के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान और सह-प्रभारी हिमंत बिश्व सरमा, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी भी मौके पर उपस्थित थे। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिश्व सरमा सह झारखंड भाजपा के चुनाव सह-प्रभारी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में हमारी सीटें 2019 की तुलना में कम रही, लेकिन हमारा प्रदर्शन बेहतर रहा। हम 81 विधानसभा सीटों में से 52 विधानसभा सीटों पर आगे रहे। उन्होंने कहा कि क्या झारखंड के मुख्यमंत्री अपनी सीट पर नहीं हारे? अगर मैं अपनी सीट पर हार जाता तो तुरंत इस्तीफा दे देता। क्या मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को इस्तीफा नहीं देना चाहिए?

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि लोकसभा चुनाव में पूरी टीम ने बहुत मेहनत की है। सहयोगी आजसू पार्टी के साथ बीजेपी ने 9 सीटें जीती है। झारखंड में बेहतर प्रदर्शन के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं का किया अभिनंदन

प्रभारी और सह प्रभारी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में 52 विधानसभा क्षेत्रों में बीजेपी को प्रतिद्वंद्वी गठबंधन से अधिक वोट मिले। झारखंड भाजपा के चुनाव प्रभारी ने झारखंड में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं का अभिनंदन किया।कहा कि अब झारखंड को कुशासन से मुक्ति दिलाना है। इसके लिए बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ता झारखंड में काम करेंगे। हमलोग भी यहां के कामकाज को देखेंगे। शिवराज सिंह चौहान ने झारखंड की सरकार को सबसे भ्रष्ट सरकार बताया। उन्होंने कहा कि इस सरकार ने प्रदेश की जनता से जो वादे किये थे, उनमें से एक भी वादा पूरा नहीं किया। उन्होंने कहा कि युवाओं को नौकरी नहीं मिली।

**शिवराज सिंह चौहान ने किया पौधरोपण:** शिवराज सिंह ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण नामकुम में राष्ट्रीय कृषि उच्चतर संस्थान (नाशा) परिसर में अपने प्रवास के दूसरे दिन 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण किया। उनके साथ रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ, बोकारो के विधायक बिरंची नारायण, पांकी विधायक शशि भूषण मेहता व अन्य लोग मौजूद थे।

---

## बिहार के नवादा में सीबीआई की टीम पर हमला

**एजेंसी**

**पटना :** यूजीसी नेट पेपर मामले में बिहार के नवादा में जांच करने पहुंची सीबीआई टीम पर गांव वालों ने हमला कर दिया. ग्रामीणों ने सीबीआई टीम को नकली टीम समझकर उसमें शामिल अधिकारियों से मारपीट की. जब उन्हें ये भरोसा हुआ कि ये असली सीबीआई टीम है तब उन्हें छोड़ा गया. इस मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है. शनिवार को लगभग 4 बजे सीबीआई की टीम नवादा पुलिस बल के साथ मुरहेना के कसियाडीह गांव निवासी फूलचंद प्रसाद व उनकी पत्नी बबिता देवी के घर की तलाशी लेकर लोटने ही वाली थी कि करीब 200-300 लोगों की भीड़ जमा हो गई. ग्रामीणों ने सिविल ड्रेस में रहे सीबीआई टीम को नकली बताकर घेर लिया.पुलिस जब तक पहुंचती उससे पहले ही ग्रामीणों ने सीबीआई की टीम पर हमला बोल दिया. हमले में सीबीआई टीम की गाड़ी चला रहे संजय सोनी घायल हो गए. बताया जा रहा है कि यूजीसी नेट पेपर लीक मामले में गिरफ्तार एक युवक की निशानदेही पर कसियाडीह की एक युवती की तलाश में सीबीआई की टीम पहुंची थी. छापेमारी में सीबीआई टीम ने दो मोबाइल के साथ कुछ बैंक पासबुक और यूजीसी नेट से संबंधित कुछ कागजात बरामद कर अपने साथ ले गई है.

## जमानत पर हाईकोर्ट की रोक के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचे केजरीवाल

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने निचली अदालत के जमानत देने के फैसले पर दिल्ली हाईकोर्ट की रोक के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। केजरीवाल ने वकीलों के जरिए इस मामले में सोमवार ही सुनवाई की मांग की है। गौरतलब है कि दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल को अब समाप्त हो चुकी दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में जमानत



देने के निचली अदालत के आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी थी। न्यायमूर्ति सुधीर कुमार जैन ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा निचली अदालत के आदेश को चुनौती देने के लिए उच्च न्यायालय का रुख करने के बाद यह आदेश पारित किया।अदालत ने कहा कि वह निचली अदालत के आदेश पर रोक लगाने की प्रार्थना पर विस्तृत आदेश के लिए मामले को सुरक्षित रख रही है। इसने यह भी कहा कि इस पर दो से तीन दिनों में फैसला सुनाया जाएगा। इस बीच, एकल न्यायाधीश ने निर्देश दिया कि निचली अदालत के जमानत आदेश के क्रियान्वयन पर रोक रहेगी। अंतिम आदेश दो से तीन दिनों के बाद पारित किया जाएगा। शराब घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने गुरुवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जमानत दे दी थी और एक लाख के जमानत बांड पर उन्हें रिहा करने का आदेश दिया था।

## इसरो ने बनाया कीर्तिमान : विमान की तकनीक का तीसरा परीक्षण भी सफल

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने रविवार को बताया कि उसने अपनी रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल तकनीक का तीसरी बार सफल परीक्षण किया। इसरो ने बताया कि इस बार ज्यादा चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में प्रक्षेपण यान का परीक्षण किया और वह सभी मानकों पर खरा उतरा। इस परीक्षण में इसरो ने लैंडिंग इंटरफेस और तेज गति में विमान की लैंडिंग की स्थितियों की जांच की। इस परीक्षण के साथ ही इसरो ने आज के समय की सबसे अहम तकनीक में से एक को हासिल करने की तरफ मजबूती से कदम बढ़ा दिया है।इसरो ने रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल का तीसरा और अंतिम परीक्षण कर्नाटक के चित्रदुर्ग में एयरोनॉटिकल टेस्ट रेंज में को किया गया। इससे पहले इसरो रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल के दो सफल परीक्षण कर चुका है। तीसरे परीक्षण में प्रक्षेपण यान को ज्यादा ऊंचाई से छोड़ा गया और इस दौरान तेज हवाएं भी चल रहीं थी, इसके बावजूद प्रक्षेपण यान %पुष्पक% ने पूरी सटीकता के साथ रनवे पर सुरक्षित लैंडिंग की।



**चिनूक हेलीकॉप्टर से हवा में छोड़ा गया प्रक्षेपण यान पुष्पक:** परीक्षण के दौरान वायुसेना के चिनूक हेलीकॉप्टर से प्रक्षेपण यान पुष्पक को साढ़े चार किलोमीटर की ऊंचाई से छोड़ा गया। इसके बाद प्रक्षेपण यान पुष्पक ने स्वायत तरीके से रनवे पर सफल लैंडिंग की। लैंडिंग के दौरान यान की गति करीब 320 किलोमीटर प्रतिघंटे थी। बता दें कि एक कमर्शियल विमान की लैंडिंग के वक्त स्पीड 260 किलोमीटर प्रतिघंटे और एक लड़ाकू विमान की गति करीब 280 किलोमीटर प्रतिघंटे होती है। लैंडिंग के वक्त पहले ब्रेक पैराशूट की मदद से प्रक्षेपण यान की गति को घटाकर 100 किलोमीटर प्रतिघंटे पर लाया गया और फिर लैंडिंग गीयर ब्रेक की मदद से रनवे पर विमान को रोका गया।

**तकनीक की मदद से अंतरिक्ष मिशन की लागत घटेगी:** परीक्षण के दौरान यान के रूडर और नोज व्हील स्टीयरिंग सिस्टम की भी कार्यक्षमता की जांच की गई। भविष्य में प्रक्षेपण यान को अंतरिक्ष में भेजने और उसे वापस सुरक्षित धरती पर उतारकर फिर से अंतरिक्ष में भेजने के लिहाज से यह तकनीक बेहद अहम है। इस तकनीक की मदद से इसरो की लागत में काफी कमी आएगी क्योंकि किसी भी अंतरिक्ष मिशन में प्रक्षेपण यान की लागत काफी ज्यादा होती है और अभी एक बार इस्तेमाल होने के बाद यान को दोबारा इस्तेमाल नहीं किया जाता। अब रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल तकनीक की मदद से अंतरिक्ष में बढ़ रहे कचरे की समस्या से भी निपटा जा सकेगा।

### सुकमा : आईईडी ब्लास्ट में दो जवान शहीद

**रायपुर (एजेंसी) :** छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों की तरफ से नक्सलियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। जवानों की कार्रवाई से बौखलाए नक्सलियों की करतूत सामने आई है। सुकमा और बीजापुर की सरहद पर बसे सिलगेर और टेकुलगुडम के पास नक्सलियों के आईईडी ब्लास्ट करने से कोबरा के दो जवान बलिदान हो गए। जवानों के पार्थिव शरीर को घटना स्थल से निकाला जा रहा है।




प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com


# विधायक आलोक चौरसिया पर से कार्यकर्ताओं का टूटा भरोसा

## चौरसिया के कार्यकर्ताओं ने आगामी चुनाव में सबक सिखाने का लिया संकल्प

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** कचहरी प्रांगण में स्वर्गीय अनिल चौरसिया के सभी पुराने कार्यकर्ता जिसमे डालटनगंज विधानसभा के सदर, शहर, चैनपुर, एवं सतबरवा के लोगों की बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता बिहारी साव और संचालन मुस्तकीम अंसारी ने किया। बैठक में कहा गया कि वर्तमान विधायक आलोक चौरसिया के द्वारा सभी कार्यकर्ताओं के साथ विगत दस वर्षों में भेदभाव, एवं कार्यकताओं को हमेशा उपेक्षित किया गया। साथ ही डालटनगंज विधानसभा के जनता के भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया गया। जो अब कार्यकर्ताओं के बर्दास्त से



बाहर है। जिससे नाराज होकर हम सभी कार्यकताओं ने आपसी एकजुटता दिखाते हुए सैकड़ों कार्यकता के आपसी सहमती के साथ विधायक आलोक चौरसिया से अलग होने का निर्णय लिया है। तथा सभी साथियो के सहमती के बाद आगे की राजनितिक भविष्य के लिए अगले बैठक में निर्णय लिया जाएगा। बैठक में राजकुमार चौरसिया, धर्मेन्द्र चौरसिया, मो0असिफ हुसैन (गुडु), राजेश चंद्रवंशी, मुद्रिका राम, रामलाल राम, मंजू देवी, जावेद खाँन, एक राम अंसारी, चंदू चंद्रवंशी,शंभू प्रसाद, राजा गुप्ता सहित सैकड़ो कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव में आलोक चौरसिया को सबक सिखाने का भी कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया। बता दें कि मेदिनीनगर चैनपुर भंडारिया क्षेत्र के विधायक आलोक कुमार चौरसिया से लोग एकदम खफा हैं। यही कारण है कि विधायक चौरसिया से उनके समर्थक अलग होने का निर्णय ले रहे हैं। 10 वर्षों के विधायकी के कार्यकाल में आलोक चौरसिया ने किसी भी अपने पुराने कार्यकर्ताओं को तरजीह नहीं दी। यहां तक की चुनाव जीताने में जो कार्यकर्ता आलोक चौरसिया को सहायता किया, उसको भी उन्होंने तनिक भी अपने नजदीक जगह नहीं दिया। अभी तो विधानसभा चुनाव आने में विलंब है और उनके समर्थकों के फूटने का सिलसिला शुरू हो गया है। चुनाव आते तक ऐसी संभावना है कि विधायक आलोक चौरसिया के साथ एक भी लोग ना रहें। ऐसा मात्र आलोक चौरसिया के करनी के कारण हो रहा है। जब से विधायक आलोक चौरसिया विधायक बने हैं तब से वे पूरी तरह अहम में डूबे हुए हैं। आलोक चौरसिया के प्रति लोगों में इतना गुस्सा है कि अगर भूलकर भी विधानसभा चुनाव में भाजपा उन्हें टिकट दे दिया तो जमानत बचना भी मुश्किल हो जाएगा।

# सांसद वीडी राम की अध्यक्षता में विभिन्न योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** सांसद विष्णु दयाल राम की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभागार में शनिवार को गढ़वा जिला अंतर्गत केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक संपन्न हुई। उक्त बैठक में मुख्य बिंदु क्रमशः सोन-कनहर पाइप लाइन सिंचाई योजना, भारतमाला परियोजना के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 39 (75) एवं 343 का फोरलेन सड़क निर्माण, बाईपास व अन्नराज घाटी में ब्लैक स्पॉट निर्माण कार्य योजना तथा कांडी प्रखंड के श्रीनगर-पंडुका के बीच सोन नदी पर ब्रिज का निर्माण कार्य आदि रही। सर्वप्रथम सांसद द्वारा सोन-कनहर पाइपलाइन सिंचाई योजना के कार्य अब तक पूर्ण नहीं होने का कारण पूछा गया। उन्होंने कहा कि इस योजना की प्राप्ति वर्ष 2019 में हो चुकी थी एवं 2022 तक पूर्ण करने का अवधि निर्धारित था। कार्यपालक अभियंता



लघु सिंचाई प्रमंडल द्वारा बताया गया कि इस योजना से संबंधित 95त्न क्षेत्र में कार्य पूर्ण हो चुका है। शेष अपूर्ण कार्यों के लिए फॉरेस्ट क्लीयरेंस सर्टिफिकेट नहीं मिला है। उन्होंने बताया कि पीएससी की बैठक में आवश्यक निर्देश मिलने के फलस्वरुप फॉरेस्ट क्लीयरेंस हेतु अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है जिसे एक माह के अंदर पूर्ण कर लिया जाएगा। सोन-कनहर पाइप लाइन सिंचाई योजना का अधिकांश भाग वन क्षेत्र होने एवं भवनाथपुर सेल माइंस का क्षेत्र होने के चलते भी एनओसी सर्टिफिकेट के लिए अग्रेतर कार्रवाई की गई है। एनओसी मिलते ही जल्द कार्य शुरू करते हुए योजना पूर्ण कर ली जाएगी। सांसद द्वारा इस महत्वपूर्ण योजना को जल्द से जल्द पूर्ण करने को लेकर निर्देशित किया गया ताकि किसानों को सिंचाई हेतु पानी पाइप लाइन के माध्यम से पहुंचा जा सके। भारतमाला प्रोजेक्ट के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 39 (75) एवं 343 का फोरलेन सड़क निर्माण की भी समीक्षा की गई। साथ ही अन्नराज घाटी में ब्लैक स्पॉट निर्माण कार्य योजना की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान गढ़वा बाईपास सड़क निर्माण में आ रही समस्या की चर्चा की गई, जिसमें एनएचएआई के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कब्रिस्तान के ऊपर बनाये जा रहे ब्रिज की हाईट को लेकर कुछ समस्याएं है।

# एकजुटता का जश्न मनाने का दिन है अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस : किशोर पांडेय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** कर्जन स्टेडियम हजारीबाग में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के आयोजन पर पलामू ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष सह भाजपा नेता किशोर कुमार पांडेय मुख्य रूप से उपस्थित हुए। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस हर साल 23 जून को मनाया जाता है। यह दिन खेल, स्वास्थ्य और एकजुटता का जश्न मनाने का दिन है। यह अवसर पूरी दुनिया के लोगों को क्रियाशील बनने और खेल के साथ भविष्य बनाने के साथ-साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। इसी दिन पेरिस के सोरबॉन में अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति की स्थापना की गई थी, इसी की याद में हर साल अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के रूप में मनाया जाता है, उक्त बातें श्री पांडेय ने कर्जन स्टेडियम हजारीबाग में खिलाड़ियों को संबोधन करते हुए बोला एवं खिलाड़ियों के साथ बारी-बारी से हाथ मिलाकर परिचय प्राप्त किय मौके पर उपस्थित हजारीबाग ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष, सचिव के साथ अन्य सम्मानित कार्यकर्ता एवं प्रतिनिधि मुख्य रूप से इस कार्यक्रम में सम्मिलित थे।

# जमीनी विवाद को लेकर जानलेवा हमला, कई लोग हुए घायल


**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौड़ीहा बाजार :** नौड़ीहा बाजार थाना क्षेत्र के लकराही निवासी संतोष कुमार साव उम्र 28 ने नौड़ीहा बाजार थाना मे जमीनी विवाद को लेकर जानलेवा हमला गत 20 जून 2024 दिन गुरूवार के करीब 9 बजे रात्रि मे योगेंद्र साव - राजेंद्र साव के पिता श्री मल्लू साव, अनिता देवी पति योगेंद्र साव के विरूद्ध लिखित आवेदन दिया है। पीड़ित संतोष साव ने बताया कि पूर्व रंजिश के तहत मेरे ऊपर जानलेवा हमला किया गया है और बचाव के लिए मेरे मां और पत्नी आई तो उसे भी लोग मारने लगे। उन सभी अपने हाथ मे टाँगी, बलुआ एवं लाठी डंडा से



लेस होकर अचानक धावा बोल दिया। योगेंद्र साव व राजेंद्र साव के द्वारा तेज़ हथियार से सीधे सिर पर वार किया गया जिससे हम घायल होकर गिर पड़े। आस पास ने हल्ला गुला व चिल्लाने की आवाज से लोग आये मेरे और मेरे साथ माता और पत्नी की गाडी से स्थानीय थाना भेजा गया। थाना प्रभारी अमित कुमार द्विवेदी ने तत्वरित करवाई करते हुए इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल छतरपुर भेज दिया गया । थाना प्रभारी अमित कुमार द्विवेदी ने बताया कि दोनों पक्षों ने थाना मे लिखित आवेदन दिया है और दिये हुए आवेदन पर नामजद नौ लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और पुलिस आगे की करवाई मे जुट गई है। यह घटना गत गुरुवार की है।

# वीडी राम को पलामू का सांसद होना गर्व की बात : अशोक पांडेय



**विश्रामपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू में पेयजल संकट विकराल रूप लेता जा रहा है। लोग पानी के लिए भटक रहे हैं। नदी, नाले, आहर पोखर तालाब आदि सभी जलश्रोत सूख गए है। आदमी हीं नहीं पशु पक्षी भी पानी की खोज में भटक रहे हैं। ऐसे में पलामू सांसद को पेयजल की दिशा में पहल की जरूरत है। उक्त बातें शिक्षाविद अशोक पांडेय ने कहा। वे अपने आवास पर पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पलामू संसदीय क्षेत्र के लिए सांसद बीडी राम का होना गर्व की बात है। पलामू की जनता अपार मत देकर जीत की हैट्रिक लगवाई। कहा कि मोदी-तीन मंत्रीमंडल में बीडी राम को शामिल न कर पलामू संसदीय क्षेत्र के साथ सौतेला व्यवहार किया गया है। कहां कि पलामू सांसद बीडी राम से लोगों को ढेरों सारी अपेक्षाएं हैं। संसदीय क्षेत्र में पेयजल की बहुत बड़ी समस्या बन गई है, लोग भटक रहे हैं। केंद्र सरकार की हर घर शुद्ध पेयजल पहुंचाने की जल नल योजना बिल्कुल फेल हो गया। कागज पर योजना दिखाकर विभागीय पदाधिकारी की मिलीभगत से पैसों की बंदरबांट हो रहा है। सांसद बीडी राम इस पर संज्ञान लेते हुए संवेदक पर दबाव डालकर कर कार्य कराए। संवेदक के द्वारा मनमानी तरीके से कार्य की केवल औपचारिकता पूरी की जा रही है।

## श्रेया के परिजनों से मिलकर शोक व्यक्त किया : नंदन सिंह

**नौड़ीहा बाजार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** क्षत्रिय जागृति मंच नौड़ीहा बाजार प्रखंड इकाई के अध्यक्ष सह समाज सेवी श्री नंदन कुमार सिंह उर्फ़ चिंटू सिंह ने अपने सहयोगी के साथ औरंगाबाद जिले अति सुदूरवर्ती प्रखंड नवीनगर श्रेया के पिता अभय कुमार सिंह से मुलकात कर हत्या कांड की पूर्ण रूप से जानकारी लिया। नाबालिग लड़की श्रेया सिंह के बेहरमी तरीका से हत्या विगत एक सप्ताह पूर्व कर दी गई थी। क्षत्रिय जागृति मंच के अध्यक्ष सह समाज सेवी नंदन कुमार सिंह उर्फ़ चिंटू सिंह ने नवीनगर की पुलिस प्रशासन के घोर निंदा किया।उन्होंने प्रशासन पर निशाना साधते हुए कहा कि अभी तक प्रशासन चुपी क्यों साधी है? प्रशासन ने श्रेया की हत्यारा की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करें। बिहार के सरकार से मांग किया कि यथाशीर्घ दोषियों के करवाई करें। अन्यथा क्षत्रिय जागृति मंच के बैनर तले प्रशासन के खिलाफ उग्र आंदोलन करेगें। मौके पर भाजपा नेता रौशन कुमार सिंह, मंटू सिंह, लल्लू सिंह, बिटू सिंह, नीकु सिंह समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## शहर में जिज्ञासा कोचिंग सेंटर का उद्घाटन

**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नगर पंचायत क्षेत्र के अहिपुरवा मोड स्थित साधना पैथोलॉजी पतंजलि आरोग्य केंद्र के मकान में जिज्ञासा इंस्टीट्यूट नामक एक कोचिंग सेंटर रविवार को खोला गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि शिक्षक संघ के प्रदेश सचिव सह जिलाध्यक्ष कमलेश्वर पांडेय, वरिष्ट समाजसेवी नंदलाल प्रसाद ने संयुक्त रूप से फीताकाट कर व दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर कमलेश्वर पांडेय ने कहा कि जिज्ञासा शिक्षण संस्थान खुलने से बच्चों की अच्छी शिक्षा मिलेगी। श्री बंशीधर नगर जैसे छोटे शहर में इस तरह का संस्थान खुलने से गरीब बच्चों को शिक्षा हासिल करने के लिए अब बाहर नहीं जाना पड़ेगा। जिज्ञासा इंस्टीट्यूट कोचिंग सेंटर के संचालक अंकित कुमार एवं सौरव सिंह ने कहा कि आज के इस आधुनिक युग में बच्चों के बेहतरी शिक्षा के लिए जहाँ ट्यूशन सेंटरों में अलग-अलग विषयों के लिए अभिभावकों को हजारों रुपये खर्च करने पड़ रहे हैं। वहीं अब एजुकेशन पॉइंट में एक छत के नीचे बच्चों को सम्पूर्ण विषय की जानकारी मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि अब इस संस्था के खुल जाने से गरीब एवं मेधावी बच्चे आसानी से बेहतर शिक्षा ग्रहण कर सकेंगे। इसका एक शाखा राजधानी रांची के प्रसिद्ध हरिओम टावर में भी खोला गया है। संस्था में वर्ग सातवां से बारहवीं के छात्रों का एक माह का डेमो क्लास भी शुरू हो चुका है।

# सांप के काटने से 40 वर्षीय महिला की हुई मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार :** थाना अंतर्गत ग्राम-पंचायत मुकुंदपुर के मायर टोला निवासी 40 वर्षीय ललिता देवी पति सूर्यनाथ सिंह की मृत्यु जहरीले सांप के काटने से रविवार की सुबह 6 बजे के करीब इलाज के दौरान रावटसगंज हॉस्पिटल में हो गई। मिली जानकारी के अनुसार घर के अंदर ही शनिवार के अर्ध रात्रि में जहरीले सांप ने काट ली इसके तुरंत बाद ही परिजनों ने निजी वाहन से उत्तर प्रदेश के रामगढ़ ले गए उसके बाद बेहतर इलाज हेतु रावटसगंज ले जाया गया जहां इलाज के दौरान ही रविवार के सुबह 6 बजे मौत हो गई। उक्त शव निजी वाहन से पैतृक गांव मुकुंदपुर-मायर लाया गया जहां शव देख परिजनों ने चित्रकार मार कर रोने लगे इससे आस पड़ोस की माहौल गमगीन सा हो गया। वहीं मृतक का अंतिम संस्कार पास के ही पंडा नदी तट पर किया गया। मृतक्का ललिता देवी अपने पीछे पति एवं दो पुत्र 16 वर्षीय विकास कुमार व 12 वर्षीय आकाश कुमार को छोड़कर चल बसी। इस मौके पर बीडीसी प्रतिनिधि इम्तेयाज आलम, समाजसेवी शिववरन साह, महेंद्र सिंह, रामजी सिंह, हफिज अंसारी, गुलबहार अंसारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# फर्जी एलपीसी मामले में कंप्यूटर ऑपरेटर को बली का बकरा बनाया जा रहा है : मुखिया संघ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नीलांबर पितांबरपुर :** अंचल फर्जी एलपीसी बनाने को लेकर सुर्खियों में है लगातार एक के बाद एक फर्जी एलसी का मामला प्रकाश में आया है इस मामले में जो दोषी है उसे बचाने के लिए अनुबंधकर्मी अंचल कार्यालय में तीन कंप्यूटर ऑपरेटर को बली का बकरा बनाया जा रहा है उक्त बातें मुखिया संघ प्रखंड अध्यक्ष मनदीप मेहता ने रविवार को प्रेस वार्ता कर कहा है साथ ही कहा कि दोषी बच्चे नहीं और निर्दोष फंसे नहीं इसलिए जांच उच्च स्तरीय कराया जाए क्योंकि वर्तमान अंचलाधिकारी चंद्रशेखर कुणाल और अंचल निरीक्षक महेंद्र राम के द्वारा फर्जी एलपीसी बनाया गया। और जमीन की खरीद विक्री किया गया। उच्च स्तरीय जाँच नहीं करने पर मुखिया संघ ने अंचल कार्यालय में अनिश्चितकालीन धरना देने की बात कहा है। हलाकि इस मामले में अंचलाधिकारी चंद्रशेखर कुणाल के द्वारा लेस्लीगंज थाने में तीन कंप्यूटर ऑपरेटर शिव कुमार, दीपक कुमार सिंह और बाबूलाल शर्मा को आरोपी बनाते हुए आवेदन दिया है अब देखना काफी दिलचस्प होगा की इस मामले में क्या उच्च स्तरीय जाँच होगी या फिर लीपापोती।

# बिजली चोरी के खिलाफ छापामारी, 9 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज, 89 हजार का जुर्माना भी लगा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद/पलामू :** हैदरनगर थाना क्षेत्र में झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के अभियंताओं ने विशेष छापेमारी अभियान चलाया। 9 लोगों को बिजली का अवैध उपयोग करते पाया गया। बिना बिजली कनेक्शन बिजली का उपयोग करने वाले 9 लोगों के खिलाफ हैदरनगर थाना में बिजली अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। सभी 9 लोगों पर 89 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। जिन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है, उनमें विनय शर्मा, बैजनाथ शर्मा, रामजय शर्मा, राजू साव, हरिपुजन सिंह, दौलत सिंह, उमेश यादव, सुरेंद्र पासवान व अजीत कुमार शामिल हैं। सभी हैदरनगर थाना क्षेत्र के निवासी हैं। इस आशय की जानकारी अवर विद्युत प्रमंडल जपला के कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने दी। इस अभियान में कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह के अलावा सहायक अभियंता राम प्रसाद महतो, मानव दिवसकर्मी जितेंद्र ठाकुर, मनोज कुमार व रंजीत कुमार शामिल थे। कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि जेबीवीएनएल के आदेश पर आगे भी छापेमारी का कार्य जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि पांच हजार रुपए से अधिक बकाएदारों के खिलाफ भी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने बकाएदारों को बिल का भुक्तान करने की हिदायत दी है। उन्होंने वैध कनेक्शन के बगैर बिजली का उपयोग करने वाले लोगों को चेतावनी देते हुए कहा है कि किसी भी कार्य दिवस में विद्युत कार्यालय जपला में कनेक्शन के लिए आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन आवेदन की भी सुविधा है। प्रज्ञा केंद्र या किसी ऑनलाइन सेंटर से आवेदन किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सभी कनेक्शन धारियों को घर या दुकान के बाहर मीटर लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। मीटर नहीं लगवाने व पांच हजार से अधिक बकाया रखने वाले उपभोक्ताओं पर कार्रवाई की जायेगी।

# बीडीओ ने किया घासीदाग पंचायत में संचालित योजनाओं का निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** विश्रामपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद प्रखंड टीम के साथ घासीदास पंचायत क्षेत्र का भ्रमण किया। जहां चल रहे विभिन्न सरकारी योजनाओं का निरीक्षण किया। मुखिया, पंचायत सेवक व रोजगार सेवक से योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी ली। साथ ही उसकी उपयोगिता को भी जाना। पंचायत क्षेत्र में चल रहे प्रधानमंत्री आवास व अबुआ आवास का भी स्थलीय निरीक्षण करते भौतिक सत्यापन किया। लाभुक को निर्माण कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। वहीं वैसे लाभुक जिनके द्वारा राशि प्राप्त होने के बाद भी निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया है उन्हें एक सप्ताह के अंदर फाउंडेशन आदि का कार्य पूरा करने का भी निर्देश दिया गया। साथ हीं कहा कि इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुखिया, पंचायत सेवक, रोजगार सेवक, प्रखंड कोऑर्डिनेटर सहित पंचायत स्वयंसेवक को मिलकर निर्माण का



शीघ्र पूरा कराने को कहा। वही पंचायत क्षेत्र की भ्रमण के बाद बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद पंचायत सचिवालय में सभी के साथ समीक्षा बैठक की। जहां पंचायत क्षेत्र में संचालित योजनाओं का अभिलेख का अवलोकन किया। वहीं पंचायत में मनरेगा 7 रजिस्टर का संधारण नहीं किए जाने के कारण पंचायत के रोजगार सेवक अफताब आलम को कड़ी फटकार लगाई। साथ हीं कड़े शब्दों में निर्देश देते हुए कहा कि पंचायत क्षेत्र में किसी भी तरह की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जा सकती। पंचायत में संचालित योजनाओं को समय पर पूरा करने को लेकर मुखिया सहित सभी पंचायत प्रतिनिधि, पंचायत सेवक व रोजगार सेवक समन्वय बनाकर कार्य करें। किसी भी तरह की शिकायत प्राप्त होने की स्थिति में संबंधित लोगों के ऊपर कारवाई की जाएगी। सभी तरह की योजनाएं स-समय व प्राक्कलन के अनुरूप हो इसके लिए सभी ग्रुप बनाकर क्षेत्र का भ्रमण करते हुए योजनाओं को मूर्त रूप दें। वहीं सभी योजनाओं का अभिलेख व कैश बुक का भी अवलोकन किया। जहां आधा अधूरा पाए जाने की स्थिति में पंचायत सचिव को फटकार लगाई गई। साथ हीं अगले दो दिनों के अंदर अभिलेख व कैश बुक को दुरुस्त कर रिपोर्ट करने की बात कहा। बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायत का निरीक्षण नियमित किए जाते रहेंगे। निरीक्षण में प्रखंड के सभी कर्मी पंचायत प्रतिनिधि व पंचायत कर्मी शामिल होंगे। ताकि पंचायत क्षेत्र से आने वाली समस्याओं को तत्काल दूर किया जा सके। पंचायत क्षेत्र से आने वाली शिकायतों के लिए संबंधित मुखिया, पंचायत सचिव सहित संबंधित विभाग के प्रखंड कर्मी जिम्मेवार होंगे। सरकार के दिशा निर्देश के अनुरूप सभी को कार्य करना होगा। मौके पर मुखिया अंजू देवी, अंकित श्रीवास्तव, अभिषेक कुमार, अजीत सिंह, अफताब आलम सहित पंचायत प्रतिनिधि व कर्मी मौजूद थे।

# झारखंड सरकार की 53 डिसमिल भूमि पर निजी विद्यालय संचालक द्वारा करा लिया गया अवैध रूप से सड़क निर्माण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** अनुमंडल मुख्यालय स्थित नगर उंटारी प्रखंड के मर्चवार ग्राम में झारखंड सरकार की 53 डिसमिल जमीन पर निजी विद्यालय संचालक ने कब्जा कर मुखिया व राजस्व कर्मचारी की मिली भगत से निजी सड़क बना कब्जा जमा लिया। ज्ञात हो की मर्चवार ग्राम में झारखंड सरकार के लौंगा नदी के कोल्हुआ ग्राम पुल से मार्चवार पुल के किनारे प्लॉट संख्या 605, प्लॉट संख्या 43, प्लॉट संख्या 57, प्लॉट संख्या 58, प्लॉट संख्या 59, प्लॉट संख्या 64, प्लॉट संख्या67, प्लॉट संख्या 68, प्लॉट संख्या 69,प्लॉट संख्या 73 तथा प्लॉट संख्या 182 में कुल 6 एकड़ 5 डिसमिल जमीन है। उक्त भूमि के निकट गुरुकुल पब्लिक स्कूल के संचालक द्वारा विद्यालय भवन का निर्माण कराया जा रहा है। उक्त विद्यालय भवन तक जाने के लिए सड़क निर्माण हेतु प्लॉट संख्या 58, प्लॉट संख्या 64, प्लॉट संख्या




67 तथा प्लॉट संख्या 68 में 53 डिसमिल जमीन पर उक्त विद्यालय संचालक द्वारा अवैध रूप से मिट्टी गिराकर निजी रोड का निर्माण कर लिया गया है। उक्त विद्यालय भवन का कार्य लगभग 1 वर्ष से चल रहा है। विद्यालय के संचालक द्वारा सरकारी भूमि अतिक्रमित किए जाने की जानकारी कई बार ग्रामीणों ने मौखिक रूप से मुखिया व राजस्व कर्मचारी को दिया। बावजूद इसके आज तक सरकारी भूमि को अतिक्रमण से बचाने के लिए कोई भी पहल नहीं किया गया।बताते चले गुरुकुल पब्लिक स्कूल के संचालक सरकार द्वारा निर्धारित गाइड लाइन को ताक पर रख कर विद्यालय का संचालन करते है।विद्यालय में बच्चों के लिए मानक अनुसार कोई भी व्यवस्था बच्चो के लिए नही किया गया है। यहां तक कि विद्यालय की किसी कमरे में ताजी हवा के लिए कोई भी व्यवस्था नही है।जैसे ही विद्यालय घुसेंगे लैट्रिन-बाथरूम है।जिसके गंध से पूरे विद्यालय में गंध फैली रहती है।किराये के मकान में चल रहे इस विद्यालय कक्षा 10 तक कि पढ़ाई कराई जाती है। जब शिक्षा विभाग ने पिछले वर्ष शिकंजा कसा तब संचालक द्वारा लौंगा नदी के किनारे और नव निर्मित एनएच75 बाई पास के बीच मे विद्यालय के नाम जमीन खरीदा गया।उक्त खरीदी किये गए जमीन से हट कर सरकारी जमीन में एक कच्चे का एक कमरा भी समान रखने के लिए बनवा लिया गया।इतना ही नही झारखंड सरकार के जमीन में ही चापानल के लिये बोर भी करा लिया।अतिक्रमण का सारा कार्य रात के अंधेरे में किया जा रहा है।जिससे उनके कार्य मे कोई बाधा उत्पन्न नही हो।उक्त सभी कार्य पिछले एक वर्ष से चल रहा है।लेकिन न तो पंचायत प्रतिनिधियों ने इसे रोका, न ही राजस्व कर्मचारी ने इसके लिए कोई पहल किया। यहां तक कि राजस्व कर्मचारी द्वारा इस संबंध में अपने उच्चपदाधिकारियो को भी इसकी सूचना देना भी देना गवारा नही किया। जिससे पता चलता है कि राजस्व कर्मचारी अपने कर्तव्य के प्रति कितने जिम्मेवार है। इस संबंध में अंचल पदाधिकारी विकास कुमार सिंह ने कहा कि मुझे इसकी जानकारी नही थी। उन्होंने कहा कि सरकारी भूमि मिल नही रहा है और सरकारी भूमि पर अतिक्रमण, किसी भी हालत में बर्दास्त नही किया जाएगा। इस मामले की जांच करा कर उचित कार्यवाही किया जायेगा।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



**संक्षिप्त खबरें**

### रांची के रितेश गुप्ता जी-20 युवा उद्यमिता सम्मेलन के लिए पहुंचे ब्राजील

**रांची :** रांची के प्रतिष्ठित उद्योगपति और यंग इंडियंस रांची के संस्थापक अध्यक्ष रितेश गुप्ता जी-20 युवा उद्यमिता सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए ब्राजील पहुंचे हैं। इस सम्मेलन में भारत के 21 राज्यों से सदस्य शामिल हुए हैं और रितेश गुप्ता ने झारखंड का प्रतिनिधित्व किया है। रितेश गुप्ता अब वाईआई के राष्ट्रीय टीम का भी हिस्सा हैं। रितेश गुप्ता की कंपनी, पारागोन फाइनेंस लिमिटेड, बीएसई में 1992 से सूचीबद्ध है। यह कंपनी 1986 से रांची में ऑटोमोबाइल वित्त और अन्य व्यापारिक ऋण प्रदान कर रही है। उनकी इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य वैश्विक उद्यमिता के मुद्दों पर चर्चा करना और भारत की ओर से युवा उद्यमियों की आवाज़ को विश्व पटल पर प्रस्तुत करना है।रितेश गुप्ता की इस उपलब्धि से न केवल रांची बल्कि पूरे झारखंड का गौरव बढ़ा है। उनके अनुभव और नेतृत्व के माध्यम से भारतीय युवा उद्यमियों के लिए नए अवसर खुलने की उम्मीद है।

### मादक पदार्थों के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम चला

**रांची :** मादक पदार्थों के दुरुपयोग के विरूद्ध में जागरूकता लाने हेतु रांची नगर निगम के DAY-NULM शाखा अंतर्गत गठित सभी SHG/ALF की महिलाओं के द्वारा मोराबादी मैदान में मानव श्रृंखला बनाते हुए नशा मुक्त रांची का संदेश दिया गया। साथ ही नशा मुक्ति अभियान के तहत व्यापक प्रचार-प्रसार करने हेतु सभी के द्वारा शपथ ली गई। मौके पर सहायक प्रशासक निकेश कुमार, नगर अभियान प्रबंधक, सामुदायिक संगठनकर्ता, CRPs तथा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने भाग लिया।

# पर्यावरण की सुरक्षा के लिए अपनी मां के नाम से एक पेड़ अवश्य लगाएं : संजय सेठ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रक्षा राज्य मंत्री सह सांसद संजय सेठ ने एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के निर्माता मोराबादी स्थित शहीद संकल्प शुक्ला पार्क में अपनी मां के चित्र के साथ वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर रक्षा राज्य मंत्री सांसद संजय सेठ ने कहा यह धरती हमारी मां है और इसे सुरक्षित रखना हमारा कर्तव्य है। आज पूरे देश में एक पेड़ अपनी मां के नाम से लगाया जा रहा है आज विकास के नाम पर पेड़ काटे जा रहे हैं कंक्रीट का जाल बीछ रहा है इसका दुष्परिणाम हम सबों के सामने हैं। इसे बचाने के लिए हम सबों को जल, जंगल, जमीन, को सुरक्षित करने की आवश्यकता है। हम सबों को अपनी मां के नाम से एक वृक्ष अवश्य लगानी चाहिए। इस अवसर पर पूर्व डिप्टी मेयर संजीव विजय वर्गीय, हेमंत दास, प्रेम मित्तल, रमेश सिंह, ललित ओझा, संजय जयसवाल, मुनचुन राय, कृष्ण कुमार दयाल, रंजीत चौरसिया, सरदार गोविंद सिंह, प्रकाश नारायण, हरि नारायण गुप्ता, नीरज पासवान, राजेश सिन्हा, रामेंद्र कुमार सहित सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित थे।

### पूरे देश में ऐसा कोई दूसरा प्रेस क्लब नहीं : संजय सेठ

**रांची** : द राँची प्रेस क्लब में जब भी मैं आता हूँ, लगता है कि अपने परिवार में आया हूँ। पूरे देश में ऐसा प्रेस क्लब दूसरा नहीं है। इस क्लब पर समाज को नाज है। उक्त बातें राँची के सांसद सह केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने प्रेस क्लब में आयोजित सम्मान समारोह में कही । सेठ द रांची प्रेस क्लब के एसोसिएट मेंबर भी हैं। इस दौरान मीडिया को संबोधित करते हुए उन्होने कहा की प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री ने जो भरोसा मुझ पर जताया है, मैं उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूँगा।

केंद्रीय मंत्री बनने के बाद पहली बार राँची प्रेस क्लब पहुँचे सेठ का स्वागत क्लब के अध्यक्ष सुरेंद्र सोरेन और सचिव अमरकांत ने शॉल ओढ़ाकर किया। मौके पर कांके विधायक समरी लाल भी मौजूद रहे। वहीं प्रेस क्लब में नया लिफ्ट लगाने, पत्रकारों की स्वस्थ्य बीमा कराने और रेलवे टिकट पर पचास प्रतिशत की छूट दिलाने की मांग रखी गई। इस अवसर पर प्रेस क्लब के उपाध्यक्ष धर्मेंद्र गिरि, सह सचिव रतन लाल



कोषाध्यक्ष कुबेर सिंह, कार्यकारिणी सदस्यों ने आलोक कुमार सिन्हा, अंजनी कुमार, आरजे अरविंद, संजय सुमन, सौरभ शुक्ला, चंदन भट्टाचार्य, मोनू कुमार ने पौधा देकर उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम का संचालन मैनेजिंग कमेटी सदस्य आरजे अरविंद ने किया। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार प्रमोद झा, ब्रजेश राय, निलय सिंह, सुनील सिंह, सुशील सिंह मंटू, दिलीप सिंह, परवेज़ कुरैशी, काजल मेहता, अजय लाल, प्रभात जायसवाल , विनय, प्रताप ,जगदीश सिंह ,प्रदीप आदि मौजूद थे।

## अस्थाई कर्मियों को भविष्य निधि के दायरे में लाने का निर्णय स्वागत योग्यः प्रकाश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : माकपा के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने कहा कि राज्य सरकार का अस्थाई कर्मियों को भविष्य निधि के दायरे में लाने का निर्णय स्वागत योग्य है। उन्होंने रविवार को कहा कि राज्य सरकार ने विभिन्न विभागों, सार्वजनिक उपक्रमों और अन्य सरकारी निकायों में संविदा, आकस्मिक, दैनिक वेतन एवं आउटसोर्सिंग एजेंसियों के माध्यम से काम करने वाले कामगारों को भविष्य निधि के दायरे में लाने का फैसला किया है। प्रकाश विप्लव ने कहा कि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) द्वारा सरकारी और निजी प्रतिष्ठानों में जहां 20 से अधिक कर्मी काम करते हैं उन्हें पीएफ के दायरे में लाने का प्रावधान है लेकिन सरकार की इच्छाशक्ति की कमी और श्रम विभाग की उदासीनता तथा अधिकांश निजी प्रतिष्ठानों द्वारा इस प्रावधान को नजरअंदाज करने के चलते राज्य के लाखों कामगार भविष्य निधि की सुरक्षा छतरी के दायरे से बाहर ही हैं। विप्लव ने कहा कि पीएफ कामगारों का एक बड़ा सहारा है। उम्र हो जाने और सेवानिवृति के बाद पीएफ धारियों को ही अत्यंत कम लेकिन एक निश्चित राशि पेंशन के रूप में मिलती है, जिसे बढाए जाने की मांग ट्रेड यूनियनों द्वारा लगातार की जा रही है। इसके अलावा भविष्य निधि की जो राशि जमा होती है वह सेवा समाप्त होने के बाद ब्याज सहित एकमुश्त कामगारों को मिलती है जो उन्हें बुढापे में आर्थिक सुरक्षा प्रदान करता है। विप्लव ने कहा कि सीपीएम का राज्य सचिवमंडल चंपाई सोरेन सरकार के इस निर्णय का स्वागत करते हुए आग्रह करता है इस निर्णय को तत्काल और त्वरित गति से लागू किया जाए। साथ ही अन्य कामगारों को भी पीएफ के दायरे में लाने के लिए एक टास्क फोर्स का गठन किया जाए।

## सऊदी अरब से हाजियों की आमद शुरू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड के हाजियों का वापसी 23 तारीख से मक्का मदीना से वापसी शुरू हो गई है। हज वॉलंटियर के मो लतीफ आलम के अनुसार झारखंड का हाजियों का 2 प्लेन में 546 हाजियों का जत्था कोलकाता एयरपोर्ट पहुंचा। जिसमे में पहला प्लेन में 245 और दूसरा प्लेन में 301 आया। जिसमे रांची सहित बोकारो धनबाद लोहरदगा के हाजी आए हैं । हज के खिदमत में रांची से हज कमिटी के सीईओ आफताब अहमद , खुर्शीद अनवर, मो नसीर, शमीम अहमद, मो लतीफ आलम, मो अरशद जिया, खिदमत में कोलकाता एयरपोर्ट में लगे हुए हैं।

## जगदंबा माँ की स्मृति दिवस के पूर्व संध्या पर कार्यक्रम आयोजित

**प्रभाम मंत्र संवाददाता**

**रांची।** प्रजापिता ब्रह्माकूमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की प्रथम अध्यक्षा जगदंबा माँ की स्मृति दिवस के पूर्व संध्या पर चौधरी बगान, हरित भवन, हरमू रोड रॉची में स्थित ब्रह्माकुमारी संस्थान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए सरला बिरला विश्व विद्यालय के कुलपति डा0 गोपाल पाठक ने कहा कि ज्ञान का प्रकाश जीवन को आलोकित करता है। परंतु मानवता के इतिहास में ऐसे भी महान विभूति हुए हैं जो स्वयं ज्ञान का प्रकाश बनकर इस संसार को इतना आलोकित कर देते हैं कि उनकी स्मृतियाँ युगों-युगों तक अज्ञानता के तिमिर का शमन करके ज्ञान के प्रकाश से मानव हदय को आलोकित करती रहती है। ऐसी ही भारतीय मनीषा की शिरोमणि प्रतिनिधि, ईश्वरीय ज्ञान की कालजयी अवतार, रूद्र-यज्ञ-रक्षक मातेश्वरी श्री जगदम्बा ने इस धरा पर युगान्तकारी परिवर्तन का संवाहक बनकर हजारों ब्रह्मवत्सों के मानस पटल पर परमात्मा शिव के ईश्वरीय ज्ञान की जो अमिट छाप लगाई है, उसने वर्तमान समय में भी लाखों मनुष्य आत्माओं को मातृत्व की सुखद आंचल की छत्रछाया की पालना करके अपने ममतामयी स्वरूप को प्रकट किया।आर्ट ऑफ लिविंग के रूपेश ने कहा कि आध्यात्मिक ज्ञान और शक्तियों की चैतन्य दिव्य मूति मातेश्वरी जगदम्बा, कर्मयोग की ज्ञान-गंगा बहाकर आध्यात्मिक क्षेत्र में पुरूष वर्चस्व के मिथक तोड़कर यह संदेश देने में सफल रही कि आध्यात्मिक पुरूषार्थ और साधना के लिए त्याग, तपस्या और आत्म-अनुभूति ही यथार्थ सत्य है, लिंग-भेद और बाहरी पहचान का कोई महत्व नहीं कार्यक्रम में उपस्थित श्रमण संस्कृति संस्थान के अंकित जैन ने कहा ने कहा कि जगदम्बा सरस्वती ने मात् शक्ति के हाथ में इस भारत को पूनः स्वर्ग बनाने का ध्वज दिया है।

## अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस शुरू, एक हफ्ते तक आयोजित होंगे कार्यक्रम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** अंतर्राष्ट्रीय ओलम्पिक दिवस के अवसर पर क्रॉस कंट्री दौड़ की शुरुआत मॉर्निंग वॉकर और धारावाहिक रामायण के अकंपन मुरारी लाल गुप्ता के द्वारा झंडा दिखा कर किया गया। इसके अलावे साइकिलिंग और स्केटिंग की शुरुआत झारखण्ड ओलम्पिक एसोसिएशन के महासचिव डॉ मधुकांत पाठक के द्वारा फ्लैग ऑफ के द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ मधुकांत पाठक ने अपने उदगार व्यक्त करते हुए कहाँ की इस वर्ष का अंतराष्ट्रीय ओलम्पिक दिवस इस लिए काफी महत्वपूर्ण हैं की हमारी टीम पेरिस ओलम्पिक में भाग लेने जा रहें हैं जिनका हमें उत्साहवर्धन करना हैं। झारखण्ड में यह 29 जून तक चलेगा।उन्होंने कहा की हमारा देश 2036 ओलम्पिक की मेजबानी करने के लिए कृतसंकल्पीत हैं और हम सभी 2025 से इसके लिए पुरे झारखण्ड के स्तर पर प्रयास करेंगे। अवसर पर डॉ पाठक सहित, शिवेन्द्र दुबे, चंचल भट्टाचार्य, मिथिलेश साहू, उदय साहू, अमर प्रियदर्शी, मनोज साहू, शैलेन्द्र दुबे,राजकुमार जैन,विनोद सिंह, सुनील कुमार,विभूति भूषन प्रसाद, गोविन्द झा, प्रभाकर वर्मा, राकेश कुमार सिंह, जी बाबुदेव, राजेश सिंह, कर्मवीर,अजय झा, राम भट्ट,रामप्रसाद, राजू मुंडा, दीपक गोप, एल प्रदीप कुमार सिंह,प्रभात रंजन तिवारी,वरद राज राव,विष्णु, साई के कोचेस और विभिन्न खेल संघो के पदाधिकारी, मॉर्निंग वॉकर और अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

## विकास कच्छप बने झारखंड के पहले इंटरनेशनल मेडलिस्ट पहलवान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** अम्मान (जॉर्डन) में 21 जून से आयोजित अंडर-17 सब जूनियर एशियन कुश्ती चैंपियनशिप में राज्य के विकास कच्छप ने पदक जीत कर इतिहास रच दिया है। 30 जून तक खेली जाने वाली इस प्रतियोगिता में रविवार को विकास ने कोरिया के पहलवान को हराकर भारतीय कुश्ती टीम की झोली में कांस्य पदक डाला। पदक जीतने के साथ ही वह झारखंड का पहला इंटरनेशनल पहलवान बना, जिसने अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक जीता है। दिल्ली के आईजी



स्टेडियम में आयोजित भारतीय कुश्ती टीम के चयन ट्रायल में विकास कच्छप ने 48 केजी भार वर्ग में प्रथम स्थान हासिल किया था और भारतीय कुश्ती टीम में अपना स्थान पक्का किया था। झारखंड के पहलवान विकास कच्छप को अंडर-17 एशियन कुश्ती प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतने पर झारखंड राज्य कुश्ती संघ के अध्यक्ष जीशान कमर,(भाप्रसे), अभिभावक के रवि कुमार (भाप्रसे), खेल निदेशक, झारखंड सुशांत गौरव, (भाप्रसे), संघ के मार्गदर्शक भोलानाथ सिंह, महासचिव-रजनीश कुमार, जेएसएसपीएस सीईओ जीके राठौर के अलावा विजय शंकर सिंह, कोषाध्यक्ष बबलू कुमार, उप निदेशक, खेल राज किशोर खाखा, सीनियर प्रशिक्षक राजीव रंजन एवं सभी जिला कुश्ती अध्यक्ष, सचिव एवं झारखंड राज्य कुश्ती परिवार एवं खेल विभाग के पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं दी हैं।

## गाड़ी समाज द्वारा 10वीं और 12वीं के सफल छात्राओं को सम्मानित किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** गद्दी समाज रांची के द्वारा 10वीं और 12वीं में सफल हुए छात्र-छात्राओं के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमे इबरार गद्दी और तबरेज़ हसन गद्दी ने मंच का संचालन किया इस कार्यक्रम में पूरे रांची शहर से छात्र/छात्राओं ने भाग लिया।दसवीं में फलाह नाज,सनोवार खुशी जिसने 96त्न हासिल किया साथ में एक नबीना 87 परवीन ने किया इंटर में रोनाक परवीन ने 93त्न,सदमीन नाज 84 त्न प्राप्त



किया इबरार गद्दी ने कहा यह कार्यक्रम छात्रों को शिक्षा को लेकर परेशान बढ़ाने के लिए किया जाए किस तरह के कार्यक्रम हर समाज हर वर्ग हर जगह होना चाहिए बच्चों को इन सब से खुशी मिलती है और वह अपनी पढ़ाई और शिक्षा के लेकर आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन मिलता है आगे भी हम इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन करते रहेंगे इस आयोजन को सफल बनाने में गद्दी समाज रांची के साहेब अली गद्दी,फैयाज गद्दी,आरिफ़ हुसैन,इबरार गद्दी तबरेज़ गद्दी,एनामुल गद्दी,शाहबाज गद्दी, इमरान गद्दी,इरफान गद्दी,जमाल गद्दी, जुनैद गद्दी,मेराज गद्दी आदि लोग का सहयोग रहा।

## लाइट हाउस धुर्वा आवासीय कल्याण समिति का गठन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** लाइट हाउस धुर्वा रांची में लाइट हाउस आवासीय कल्याण समिति की हुई बैठक में आवास मरम्मती, लाइटहाउस की परेशानी पर चर्चा की ।लाइट हाउस आवासीय कल्याण समिति के अध्यक्ष सुदर्शन लाल ने कहा इसका उद्देश्य कालोनी में रहने वाले के बीच कल्याण, सांप्रदायिक सदभाव व राष्ट्रीय एकता है। समिति द्वारा केवल उन समस्याओं का निपटारण किया जा सकता है जो सभी कालोनी वासियों से संबन्धित हों तथा जो उनके जीवन स्तर को संवर्धित करें।लाइटहाउस आवासीय कल्याण समिति धुर्वा रांची के सरक्षक आशुतोष कुमार सिंह, अध्यक्ष सुदर्शन लाल, उपाध्यक्ष प्रियंका सिंह ,उपाध्यक्ष इंदु देवी, उपसचिव कुणाल किशोर वर्मा, संयुक्त सचिव विपिन कुमार शर्मा ,कोषाध्यक्ष कुसुमलता देवी ,रामचंद्र वर्मा उप कोषाध्यक्ष और मीडिया प्रभारी नसीम अख्तर को को बनाया गया है ।

### रांची में जमकर बरसेंगे बादल

**रांची :** लंबे समय तक भीषण गर्मी झेलने के बाद मानसून पूर्व की झमाझम बारिश ने लोगों को बड़ी राहत दी। राज्य के संताल परगना वाले इलाके में 25 जून तथा 26 जून को संताल के साथ-साथ राजधानी रांची और आसपास के इलाके में भी भारी बारिश का अनुमान है। 24 जून को राज्य के कई स्थानों पर तेज हवा के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। 25 जून को राज्य में कई स्थानों पर हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश का अनुमान है। रांची मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने रविवार को बताया कि 26 जून को संताल के साथ-साथ राजधानी और आसपास वाले इलाकों में भी कई स्थानों पर भारी बारिश को लेकर 'येलो अलर्ट' किया गया है।

## राज्य ग्रामीण विकास विभाग ने विधायक निधि के लिए जारी किए 410 करोड़

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांचीः** ग्रामीण विकास विभाग ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए विधायक निधि के 410 करोड़ रुपये जारी कर दिए हैं। इसमें जनजातीय क्षेत्र उपयोजना के तहत 44 विधानसभा क्षेत्रों के विधायकों के लिए 220 करोड़ और अन्य क्षेत्र उपयोजना अंतर्गत 38 विधानसभा क्षेत्रों के लिए 190 करोड़ जारी किये गये हैं। राशि की निकासी संबंधित जिलों के निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी करेंगे। निकासी



की गयी राशि संबंधित विधानसभा क्षेत्रवार खोले गये बैंक खाता में रखी जायेगी। कार्यकारी एजेंसी, संवेदक और वेंडर को उनके द्वारा समर्पित मापी पुस्त, विपत्र एवं फोटोग्राफ इत्यादि के जांच के बाद ही राशि का भुगतान होगा। यह जानकारी रविवार को ग्रामीण विकास सचिव के श्रीनिवासन ने दी। ग्रामीण विकास सचिव ने दिये गए निर्देश आवंटित राशि का व्यय विधायकों द्वारा अनुशंसित योजनाओं पर विधायक योजना की गाइडलाइन के तहत किया जाये। निकासी की गयी राशि का खर्च स्थानीय आवश्यकताओं पर आधारित विकासात्मक प्रवृति की टिकाउ परिसंपत्तियों के सृजन पर ही किया जाये। निकासी की गयी राशि के बाद समेकित उपयोगिता प्रमाण पत्र भी हर हाल में जमा करना अनिवार्य होगा। यदि किसी विधानसभा सदस्य का निर्वाचन क्षेत्र एक से अधिक जिलों में पड़ता है तो उनके द्वारा अनुशंसित योजना की राशि निकासी कर दूसरे जिलों को हस्तांतरित कर दी जायेगी।

## वज्रपात से ऐसे करें बचाव, मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** आंधी और बिजली भारत के बड़े हिस्से को प्रभावित करने वाले प्रमुख मौसम संबंधी खतरों में से एक है। जिसके परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में मानव मृत्यु और पशु मृत्यु के साथ-साथ संपत्ति का नुकसान हुआ है। पिछले 20 वर्षों (2001-2021) में औसतन लगभग 2500 लोग आंधी और बिजली के कारण अपनी जान गंवा चुके हैं। भारत भविष्य में चरम मौसम की घटनाओं से प्रेरित ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन के कारण इन घटनाओं की गंभीरता और आवृत्ति में वृद्धि देख सकता है। यह उल्लेख करना जरूरी है कि बिजली आमतौर पर दिन के दूसरे पहर विशेषकर दोपहर या शाम को गिरती है। अगर बाहर हैं तो क्या करें- बाहर रहते समय बिजली गिरने से बचने के लिए, कुछ सुरक्षा सुझाव और शमन उपाय सुझाए गए हैं, जो इस प्रकार हैं- किसी भी बाहरी गतिविधि को शुरू करने से पहले मौसम का पूर्वानुमान देखें। आंधी और बिजली गिरने की इस स्थिति में 30 मिनट तक घर के अंदर ही रहें।जब गड़गड़ाहट हो, तो आश्रय लें और सुरक्षित स्थान या इमारत के




अंदर रहें। धातु की संरचनाओं और धातु की चादरों वाले निर्माणों से बचें। सुरक्षित आश्रयों में घर, कार्यालय, शॉपिंग सेंटर और हार्ड-टॉप वाहन बंद खिड़कियों के साथ शामिल हैं। कृपया पहाड़ियों या टीलों, पर्वत या चोटियों और लकीरों जैसे ऊंचे क्षेत्रों से तुरंत उतर जाएं। किसी खुले क्षेत्र में फंसने की स्थिति में, जल्दी से कार्य करें और खतरे वाले क्षेत्र से बाहर निकलें और पास के सुरक्षित स्थान पर शरण लें। आदर्श रूप से निचले इलाके में आश्रय लें और सुनिश्चित करें कि चुने गए स्थान पर बाढ़ आने की संभावना नहीं है। तालाबों, झीलों और अन्य जल निकायों से तुरंत बाहर निकलें और दूर रहें। टेलीफोन, बिजली, धातु की बाड़, ओवरहेड तार, रेल सड़क की पटरियाँ, पवन चक्कियाँ आदि जैसी सभी उपयोगिता लाइनों और विद्युत का संचालन करने वाली वस्तुओं से दूर रहें। पेड़ों और पहाड़ियों से दूर रहें। यदि आप आंधी और बिजली के दौरान समूह में हैं तो जोखिम को कम करने के लिए पर्याप्त दूरी बनाए

## कांग्रेस नेता आलोक, लाल किशोर और राजेश निलंबन मुक्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर के निर्देश पर रविवार को आलोक कुमार दुबे सहित तीन नेताओं को निलंबन मुक्त कर दिया गया। इनमें लाल किशोर नाथ शाहदेव और डॉ राजेश गुप्ता शामिल है। तीनों को सम्यक् विचारोपरांत तत्काल प्रभाव से निलंबन मुक्त कर दिया गया है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव सह झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर के अनुमोदन के बाद यह निर्णय लिया गया है। साथ ही यह उम्मीद जताई गई है कि तीनों वरिष्ठ नेता कांग्रेस पार्टी की विचारधारा पर पूरी दृ?ता से कार्य करेंगे। उल्लेखनीय है कि गत 12 फरवरी को कांग्रेस की अनुशासन समिति की अनुशंसा



पर आलोक कुमार दुबे, लाल किशोर शाहदेव, डॉ राजेश गुप्ता ÷छोटू÷ और साधुशरण गोप को तत्काल प्रभाव से अगले छह वर्षों के लिये झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के द्वारा पार्टी से निलंबित कर दिया गया था।

## तपकारा के गुटुहातु में समिति का 24वां शाखा स्थापित

### सरना प्रार्थना सभा आयोजित कर सुख, शांति और खुशहाली की कामना की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** तपकारा के गुटुहातु में रविवार को सरना धर्म प्रार्थना सभा सह झंडा बदली कार्यक्रम आयोजित किया गया. गुटुहातु के पहान जयराम गुड़िया एवं लुथुडु मुंडा की अगुवाई में सरना में विधिवत के पूजा पाठ किया गया और सिडबोंगा से सुख, शांति व खुशहाली की कामना की गई. इस अवसर पर धर्मगुरू बगराय ओड़ेया ने कहा कि हम प्राकृतिक उपासक सरना धर्म मानते हैं और भगवान सिंडबोंगा की अरजी गोवारी करते हैं. इससे मनाव जीवन में अध्यात्मिक शांति मिलती है और मानवीय जीवन में चेतना आती है.

इस अवसर पर धर्म अगुआ जीतु पहान ने कहा कि सरना धर्म विश्व का सबसे पुराना धर्म है. इसे बचाने की जरूरत हैं ताकि प्राकृतिक विशुद्ध को रखा जा सके. धर्मगुरू सोमा कण्डीर ने कहा कि भगवान सिडबोंगा आंखों से दिखाई नही देता है क्यों कि हम प्राकृतिक को ही भगवान के रूप में महसूस करते हैं और उसे स्वीकारते करते हैं. यह हमारे पूरखों ने भी प्राकृतिक को ही आधार मानकर जीवन में अमल किया है. इसलिए, हमें भी पूरखों प्रेरणा लेकर सरना धर्म पर विश्वास रखना चाहिए. इस कार्यक्रम में तोरप, रनिया, खूंटी, मुरहू और कमडारा प्रखंड के सरना धर्मावलम्बियों ने हिसा लिया. मौके डॉ. मथुरा कण्डीर, बिरसा कण्डीर, जयराम पहान, दुलारी बरला सुनिल गुड़िया, जीतु पहान, डॉ. जमुना मुंडू , सुशीला कन्डुलना, सुभासिनी पुर्ती, हेराम्बी गुड़िया, रमन गुड़िया, विजय गुड़िया आदि शामिल हुए.

## पिपरवार के कारो चौक में तेज रफ्तार कोल वाहन ने मवेशी को लिया चपेट में

### घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने घंटो रखा सड़क जाम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** पिपरवार थाना क्षेत्र के कारो चौक के समीप रविवार की सुबह तेज रफ्तार कोल वाहन ने एक मवेशी को अपनी चपेट में ले लिया। घटना में मवेशी बुरी तरह से जख्मी हो गया।इस घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजा की मांग को लेकर सड़क को जाम कर दिया। जिसके कारण उक्त मार्ग पर ट्रांसपोर्टिंग का कार्य पूरी तरह से बंद हो गया।भुक्तभोगी दीपक महतो ने बताया कि इस मार्ग पर कोल वाहनो का परिचालन काफी तेज गति से होता है,जिसके कारण आए दिन इस मार्ग पर दुर्घटना होती रहती है।कभी जानवर तो कभी इंसान कोल वाहन की चपेट में आकर मौत की गाल में समा रहे हैं।इसके अलावा कोल वाहनों के परिचालन के कारण हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।वहीं लोगों में भी डर बना रहता है।इसके अलावा ट्रांसपोर्टिंग होने से लोग धूल गर्द से भी परेशान रहते हैं। लेकिन इस ओर किसी का ध्यान नहीं है।ग्रामीणों ने कहा की घनी आबादी वाले क्षेत्र से ट्रांसपोर्टिंग का कार्य होने से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।कई बार इसकी शिकायत की गई,लेकिन कोई पहल नहीं किया गया।इधर सड़क जाम होने के बाद उक्त मार्ग पर कोल वाहनों की लंबी कतार लग गई।वहीं सूचना पाकर पिपरवार पुलिस भी मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली। समाचार लिखे जाने तक कंपनी और प्रशासन द्वारा ग्रामीणों के साथ वार्ता की जा रही है।

## पिपरवार मे भाजपा ने बलिदान दिवस के रूप मे मनाया डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथी



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा पिपरवार मंडल द्वारा पिपरवार के सभी बुथो पर मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा के नेतृत्व मे डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथी बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया।इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित किया।मंडल अध्यक्ष संजीव मिश्रा ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत माता के सपुत्र एवं स्वतंत्रता सेनानी अखण्ड भारत के स्वप्नकर्ता जिनका आज 81वी बलिदान दिवस हैं।एक देश में एक प्रधान एक विधान और एक निशान इस मुद्दे को लेकर के 23 जून 1953 को भारत को अखण्ड?ता को लेकर के बलिदान दिया था।उन्होंने कहा कि 1947 में देश आजाद हुआ था और 1950 मे भारत अपना संविधान लागू किया।संविधान लागू होने के बाद कांग्रेस की सरकार ने संविधान में धारा 370 जोड़कर राष्ट्रीय अखण्डता को गंभीर चोट पहुं?चाने काम किया था।जिसका डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने विरोध किया और अखण्ड भारत की सपनों को साकार करने की अनंत प्रयास में लगे रहे।इसके साथ ही कार्यकर्ताओं ने पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारियां निभाने का संकल्प लिया।इस मौके पर मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा,प्रमुख रीना कुमारी,माधुरी देवी, अरुण उरॉव,राजू करमाली, राघवेन्द्र कुमार,श्रीवास्तव उरॉव,अमित गुप्ता,विनोद मिंज,राजपाल टाना भगत, राज भोगता,ललिता कुमारी, सोनम कुमारी,संजना कुमारी, अंश उरॉव,अंतराज उरॉव, अर्णव कुमार मिश्रा,अमित कुमार शर्मा,अर्पित उरॉव, सोनिया कुमारी,गुनगुन कुमारी,बबिता कुमारी,संजय भोक्ता,भोला पासवन,विकास कुमार,आकाश भगत,आशिष गुप्ता,प्रिंस गुप्ता,मुकेश महतो,गोलू सोनी,विजय महतो,किरण देवी,लीला देवी,बसंती देवी,लक्ष्मी देवी, दिपक कुमार महतो सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि मनाई गई



**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं ने रविवार को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि मनाई गई साथ ही इस मौके पर वृक्ष रोपण भी किया गया। इस मौके पर पूर्णिमा सिंह देव, हरिहर महतो, चंदन गोस्वामी, सुधीर साहू, नेपाल मंडल, नीलकंठ स्वर्णकार, राजेंद्र साय, कंचन सोनार ,संदीप सिंह देव, कृष्ण रविदास, भूटान सिंह, महादेव बड़ाइक समेत भाजपा के कार्यकर्ता मौजूद थे।

## हाजियों का पहला जत्था वापस आया

**इटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हज 2024 में शामिल हो कर सऊदी अ़रब से ह़ाजियों का पहला जत्था शनिवार रात्रि 9 बजे वापस पहूंचा। ह़ज यात्रियों का यह दल ज़ायरे टूर्स एन ट्रेवल्स रांची के द्वारा विगत 19 मई को ह़ज यात्रा पर रवाना हुआ था। आज के दल में अन्य लोगों के अ़लावा गुल्ज़ार रोड इटकी के तौक़ीर जमाल व रेह़ाना ख़ातून शामिल हैं। इटकी पहुंचने पर इनका स्वागत मस्जिद ए जाफ़र में किया गया। स्वागत करने वालों में ह़ाजी क़ैसर आ़लम, मौलाना एक़बाल क़ासमी, मेराज आ़लम, ह़ाजी इंबेसात आ़लम, ज़ेयाउल आ़रफ़ीन सहित अन्य शामिल थे।

## एक दुधारू जर्सी गाय की हुई चोरी

**इटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बनियटोली से अज्ञात चोरों ने एक दुधारू जर्सी गाय की चोरी कर ले भागे । जिसकी कीमत 70 हजार बतायी गयी है। इस संबंध में गोपालक विशाल केशरी ने इटकी थाना में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। आवेदन के अनुसार विशाल केशरी ने इटकी के दो युवकों पर नामदर्ज संदेह जाहिर किया है। साथ ही यह भी जानकारी दी है कि वह रात को करीब 11 बजे नया बोरिंग के पानी का सफाई करने दरम्यान एक संदिगध व्यक्ति को घर के समीप गुजरते हुए फोन पर किसी से बात करने के क्रम में उसने बनिया टोली में गांजा खरीद लेने की बात बताई। विशाल केशरी 11:55 में घर मे सोने चला गया। उसके दादा जी के कमरे का दरवाजा खुला था । भुक्तभोगी के अनुसार उसके दादा जी का जब नीन्द खुल तो उसने देखा कि एक गाय गायब है । स्वजनों और मुहल्ले के लोगों ने गाय को हांक कर ले जाने की दिशा में गए । उसने बताया की चोरों ने इटकी पश्चिमी पंचायत भवन के पास पिकअप वैन में चोरी किए गाय को लाद कर मांडर थाना क्षेत्र के टंगरबसली होते सकरा की ओर ले भागे । इस संबंध में इटकी थाना में कांड संख्या 37/2024 के धारा 379 भादवि के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## टाटा एआईए ने 1,465 करोड़ रुपये के बोनस भुगतान के साथ रिकॉर्ड बनाया

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत की अग्रणी जीवन बीमा कंपनी टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने 2024 वित्तीय वर्ष के लिए प्रतिभागी (पीएआर) पॉलिसीधारकों के लिए 1,465 करोड़ रुपये के बोनस की घोषणा की है। घोषित बोनस भुगतान कंपनी द्वारा अब तक का सबसे अधिक भुगतान है, जो वित्त वर्ष 23 में घोषित 1,183 करोड़ रुपये के बोनस से 24% अधिक है। टाटा एआईए की मजबूत निवेश प्रबंधन क्षमताओं और मजबूत जोखिम प्रबंधन प्रथाओं के परिणामस्वरूप प्रतिभागी पॉलिसीधारकों के लिए लगातार उच्च बोनस प्राप्त हुए हैं। यह भी एक कारण है कि कंपनी को अपने उपभोक्ताओं का भरोसा प्राप्त है, क्योंकि वे अपनी पॉलिसियों को नवीनीकृत करना जारी रखते हैं।

## खलारी चर्च में 17 बच्चों को मिला पहला परम प्रसाद व 55 का हुआ दृढ़ीकरण संस्कार

# विश्वास के लिए डर का होना जरूरी है : आर्चबिशप विंसेंट आइंद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** खलारी कैथोलिक चर्च में रविवार को पवित्र दृढ़ीकरण संस्कार हुआ.इस मौके पर 17 बच्चों को पहला परम प्रसाद दिया गया वहीं 55 लोगों का दृढ़ीकरण संस्कार कराया गया. संस्कार पाने वालों में अधिकतर बच्चे व किशोर थे. मुख्य अधिष्ठाता आर्चडायसिस, रांची के आर्चबिशप विंसेंट आइंद की अगुवाई में सम्पूर्ण धर्मविधि पूरी की गयी. इस दौरान खलारी चर्च के फादर हिलारियुस तिग्गा, फादर आस्कर टोप्पो के अलावा फादर हुबूरतुस वेक व फादर जोन टोप्पो मुख्य रूप से मौजूद थे. संस्कार के दौरान आर्चबिशप विंसेंट आइंद ने अभिलाषियों के लिए बाईबल से आशीष वचन पढ़कर सुनाया. उन्होंने कहा प्रत्येक इंसान में किसी न किसी चीज का डर होता है. बाइबिल की कथा सुनाई जिसमें झील के तूफान से चेले डर गए थे.तब यीशु ने तूफान को शांत रहने कहा और हवाएं रूक गयी. तब चेलों को विश्वास हुआ कि यीशु भगवान के पुत्र हैं जिनकी आज्ञा आंधी व पानी भी मानते हैं. कहा कि विश्वास के लिए डर का होना जरूरी है. कहा कि कैथोलिक कलीसिया को अनेको बार परेशानियों का सामना करना पड़ा है. परंतु चुनौतियों से डरना नहीं है. कहा कि हमे पवित्र आत्मा के सात वरदान विवेक, समझदारी, परामर्श, ज्ञान, धैर्यता, धार्मिकता तथा प्रभु का भय हमेशा याद रखना चाहिए. संस्कार के लिए आए बच्चे बारी बारी से आर्चबिशप विंसेंट आइंद के सामने आए जहां आर्चबिशप ने दृढ़ीकरण संस्कार के विधान को पूरा किया. संस्कार करने वाले बच्चों ने ईश्वर का निवेदन किया व पाठ पढ़ा तथा ईश्वर का धन्यवाद देते हुए परम प्रसाद ग्रहण किया. आर्च बिशप ने कहा कि दृढ़ीकरण संस्कार से पवित्र आत्मा की प्राप्ति होती है और हम प्रभु के नजदीक पहुंच जाते हैं. दृढ़ीकरण संस्कार ग्रहण करने के बाद कलीसिया के प्रति हमारी जवाबदेही बढ़ जाती है. इससे पूर्व आराधना गीत सहित कई धार्मिक विधान किए गए. कार्यक्रम में सिस्टर नेली, सिस्टर जयंती, सिस्टर ओलिमा, सिस्टर हेलेन, प्रकाष कुजूर, रोबिन एक्का, ज्ञान कुजूर, इनोसेंट कुजूर, नरेश करमाली, प्रदीप कुजूर, पारसअमित खलखो, चार्ल्स पेंटोनी, गाजा रूण्डा, बबलु किस्कु, ललित टोप्पो, पीटर तिग्गा, माइकल मेर्थस, तेरेसा तिग्गा, पूनम किस्कु, सुनीता तिग्गा, ज्योति कुजूर, नीरा खलखो, सुनीता तिग्गा, ग्रेस खलखो, अनुप मुंडा, अन्ना खलखो, अनुग्रह, रश्मि, रोजविजय रूण्डा, अंकित सहित काफी संख्या में मसीही विश्वासी उपस्थित थे.

## अंतरराज्यीय मोबाइल टावर बैट्री चोर गिरोह के तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर खूंटी जेल भेजा गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कर्रा :** कर्रा पुलिस ने शनिवार को गुप्त सूचना के आधार पर कर्रा थाना कांड संख्या 57/24 फरार तीन अभियुक्तों को खूंटी के तमाड़ रोड़ गोल चक्कर सहित अन्य जगहों से गिरफ्तार करके रविवार को को खूंटी जेल भेजा गया. ज्ञात हो कि कर्रा थाना कांड संख्या 57/24 फरार अभियुक्त किसी घटना को अंजाम देने के फिराक उद्देश्य से शनिवार रात्रि को खूंटी बाजार टांड़ में घुम रहे थे. जिसकी गुप्त सूचना मिलने पर कर्रा थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार ने नेतृत्व में छापामारी दल का गठन करके सशस्त्र बल के साथ खूंटी रवाना हुए और रात्रि 11 बजे खूंटी के तमाड़ रोड़ गोल चक्कर के पास से कांड में फरार अभियुक्त आनंद कुमार साव पिता उमेश साव साकिन मौसीबाड़ी थाना धुर्वा को मोबाइल के साथ पकड़ा गया. और अभियुक्त आनंद कुमार साव के निशान देही पर संतोष उरांव पिता टुना उरांव साकिन मियां टोली धुर्वा एवं प्रदीप मिंज पिता जरिया मिंज साकिन हुलहूण्डू को पकड़ा गया एवं खूंटी जिला अंतर्गत विभिन्न मोबाइल टावरों से चोर गिरोह द्वारा चोरी की गयी. सफेद रंग का एच बी एल बी आर एल ए बैट्री लिखा हुआ तीन पीस बैट्री संतोष उरांव पिता टुना उरांव साकिन मियां टोली धुर्वा के घर से बरामद किया गया. कांड का उद्भेदन करते हुए रविवार को कर्रा थाना में प्रेस कॉन्फ्रेंस करके तोरपा इंस्पेक्टर अशोक कुमार सिंह ने घटना की विस्तृत जानकारी दिया और बताया कि सभी अभियुक्त अंतरराज्यीय मोबाइल टावर बैट्री चोरी गिरोह से जुड़े हुए हैं. वहीं रविवार को तीनों गिरफ्तार अभियुक्तों को खूंटी जेल भेजा गया. कर्रा पुलिस ने अभियुक्तों के पास से चोरी का तीन पीस मोबाइल टावर बैट्री एवं नोकिया कंपनी का स्क्रीनटच मोबाइल फोन एक पीस बरामद किया है . छापामारी दल में कर्रा थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार, सब इंस्पेक्टर जुगेश सिंह, तकनीकी शाखा खूंटी, कर्रा थाना के रिजर्व गार्ड गौतम कुमार, प्रवीण कुमार, रघु बड़ाइक, अनिल कुल्लू, कन्हैया कुमार, पंचम खलखो शामिल थे।

## डॉ. परमेश्वर भगत ने दी ताइक्कांडो बच्चो को शुभकामनाए



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेडो :** पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ. परमेश्वर भगत ने अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर ताइक्कांडो के बच्चों के साथ समय व्यतीत किए। इन्होंने, उन्हें साहस और समर्थन की भावना से भरी बातें साझा की और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। डॉ. भगत ने कहा कि खेल में उनकी मेहनत और अभ्यास से वे अपने सपनों को पूरा कर सकते हैं। अंत में डॉ परमेश्वर भगत ने कहा की झारखंड के अनेकों बच्चे खेल कूद में बेहतर प्रदर्शन कर रहे है, इन्हे अपनी मेहनत को और मजबूत करते हुए ओलिंपिक का ख्वाब देखना चाहिए और उसके अनुरूप कड़ी मेहनत करनी की जरूरत है। खेल कूद में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चो पर सरकार को विशेष ध्यान देने की जरूरत है, ताकि हमारे क्षेत्र के बच्चे ओलिंपिक तक का सफर को पर कर सके। बच्चे उनके शब्दों से प्रेरित हुए और अपनी छलांग लगाने के लिए उत्साहित हुए।

## विधायक के पहल पर ट्रांसफार्मर लगा, ग्रामीणों में खुशी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** प्रखंड के धोवाटिकरा गांव में पिछले 20 दिनों बाद रविवार को विधायक सुदेश कुमार महतो के पहल पर नया ट्रांसफार्मर लगा। ग्रामीण जगदीश कुमार महतो ने बताया कि धोवाटिकरा गांव का 25 केवीए का ट्रांसफार्मर पिछले 20 दिनों पूर्व जल गया था। जिसकी सूचना विभाग को दी गई थी। लेकिन इस दिशा में विभाग उदासीन रहा। गर्मी के इस मौसम में बिजली बाधित रहने से पंखा, टीवी समेत विद्युत संबंधित सामग्री यूं ही बेकार पड़ा हुआ था। इतना ही नहीं मोबाइल चार्ज करने के लिए भी लोगों को दूसरा गांव जाना पड़ रहा था। वही किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध नहीं होने से फसलों को भी नुकसान हो रहा था। स्थानीय ग्रामीणों ने पिछले दिनों इसकी सूचना विधायक सुदेश कुमार महतो को दी थी। विधायक ने विभाग से बात कर शनिवार को ग्रामीणों को ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया। आजसू पार्टी के क्षेत्रीय प्रभारी लक्ष्मण महतो विकास महतो एवं ग्रामीणों की सहयोग से विद्युत कर्मीयों ने रविवार शाम तक विद्युत बहाल करा दिया। इस कार्य पर खुशी जाहिर करते हुए ग्रामीणों ने विधायक सुदेश कुमार महतो को आभार व्यक्त किया। आभार व्यक्त करने वालों में जगदीश कुमार, मनोज महतो, अशोक महतो, मुन्ना महतो , विकास महतो , अजय महतो, सुकराम महतो , सूरेश महतो, धन्नजय महतो आदि शामिल है।

## झुंड से बिछड़े जंगली हाथी ने दो घरों को किया क्षतिग्रस्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रखंड के रोगो व खिरदा गांव में शनिवार की रात झुंड से बिछड़े एक विशालकाय जंगली हाथी ने जमकर उत्पात मचाते हुए दो घरों क्षतिग्रस्त कर दिया है। घटना के संदर्भ में पंचयात के मुखिया वीरेंद्र भगत ने बताया कि रोगो गांव में रात 7.45 बजे सहोद्रा मुंडाईन पति स्व मंगरा मुंडा के कच्चे मकान का दिवाल ध्वस्त कर दिया। जिससे घर में रखा सारा सामान व अनाज दब कर बर्बाद हो गया। घटना के समय सहोद्रा मुंडाइन पड़ोसी के घर में गयी हुई थी। इस दौरान जंगली हाथी ने घर के दीवार को ध्वस्त कर दिया। वही घर में रखे गेंहू खा कर व छींट कर बर्बाद कर दिया। इधर गिराए गए



मकान के मलवे से घरेलू उपयोग का समान बर्बाद हो गया। साथ ही मलवे के गिरने से दो खरगोश की मौत हो गई। इधर वहाॅ हाथी खिरदा गांव में रात लगभग 12 बजे पहुंचा और शांति तिर्की पति मारियानुस तिर्की के घर की दिवाल को ध्वस्त कर दिया। जिस कमरे को हाथी ने ध्वस्त किया उसमें शांति तिर्की का दामाद दिलीप उरांव और बेटी रोशनी तिर्की सो रहे थे। इस घटना में दोनों बाल-बाल बचे। जंगली हाथी ने कमरे में रखे अनाज को खाया और मिट्टी से दबने से बर्तन आदि को क्षतिग्रस्त कर दिया। इधर घटना की जानकारी होने पर नेहालु पंचायत के मुखिया वीरेंद्र भगत व ईटा पंचायत के पूर्व मुखिया बुधराम बाड़ा पीड़ित सहोद्रा मुंडाइन व शांति तिर्की के घर पहुंचे। साथ ही दोनों को आपदा प्रबंधन के तहत प्रखंड प्रशासन से समानों की क्षतिपूर्ति और मकान के मरम्मती के लिए मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। इधर फिर से जंगली हाथी के आ जाने से क्षेत्र में दहशत का माहौल व्याप्त है।

## अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस पर बचरा में एथलेटिक्स प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा चार नम्बर खेल मैदान मे रविवार को अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के मौके पर एथलेटिक्स चैंपियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।चतरा जिला ओलंपिक संघ के द्वारा आयोजित इस एथलेटिक्स प्रतियोगिता में पिपरवार कोयलांचल सहित आसपास के बालक एवं बालिका एथलेटिक्स खिलाड़ी शामिल हुए।प्रतियोगिता में गोला फेक,चक्का फेक,100 मीटर,200 मीटर,400 मीटर एवं 600 मीटर दौड़ का इवेंट कराया गया।इस कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप में पिपरवार भाजपा मंडल अध्यक्ष संजीव मिश्रा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में काजल मेडिकल हॉल के निर्देशक अजय कुमार रजक मौजुद थे।इस प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले एथलेटिक्स खिलाड़ियों मे बालक वर्ग मे 600 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्रतीक कुमार,द्वितीय स्थान साहिल कुमार एवं तृतीय स्थान अमन कुमार, 600 मीटर दौड़ बालिका वर्ग में प्रथम स्थान सोनी कुमारी,द्वितीय स्थान दीपिका कुमारी एवं तृतीय स्थान संगीता कुमारी,बालक वर्ग गोला फेक में प्रथम स्थान अमन कुमार,द्वितीय स्थान सोनू कुमार एवं तृतीय स्थान प्रतीक कुमार,बालिका वर्ग में गोला फेक मे प्रथम स्थान बेबी कुमारी द्वितीय स्थान तानिया कुमारी एवं तृतीय स्थान संगीता कुमारी रही।इस प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के द्वारा मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया।चतरा जिला ओलंपिक संघ के संयुक्त सचिव सह एथलेटिक्स कोच गणेश कुमार महतो ने बताया कि इस प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले एथलेटिक्स खिलाड़ियों को जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में शामिल होने का अवसर मिलेगा।इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में चतरा जिला ओलंपिक संघ के महासचिव राकेश कुमार सिंह,संयुक्त सचिव सह गणेश स्पोर्टिंग क्लब राय के संस्थापक गणेश कुमार महतो का काफी योगदान रहा।इस मौके पर रामलाल महतो, बबलू महतो,रोहित कुमार भुइयाँ,धनंजय भारती, अमित शर्मा,सुचिता कुमारी एवं सपना कुमारी सहित कई लोग मौजुद थे।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## आर वी एस अकादमी में रोबोटिक्स और एआई लैब का हुआ उद्घाटन

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जमशेदपुर के डिमना रोड, मानगो स्थित आर वी एस अकादमी में अत्याधुनिक रोबोटिक्स लैब का उद्घाटन हुआ। छात्रों के बीच नवाचार और व्यावहारिक शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मौके आर वी एस अकादमी के चेयरमैन बिन्दा सिंह ने रिबन काटकर लैब का उद्घाटन किया।कार्यक्रम में स्कूल प्रबंधन और संकाय के प्रमुख सदस्यों ने भाग लिया, जिनमें भरत सिंह (सचिव), शत्रुघ्न सिंह (कोषाध्यक्ष), शक्ति सिंह, (कार्यकारी समिति के सदस्य), सौरभ सिंह, शिप्रा सिंह, राजेश कुमार तिवारी (आर वी एस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के प्रिंसिपल), विक्रम शर्मा(हेड, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट डिपार्टमेंट, आर वी एस सी ई टी), वीशा मोहिंद्रा (आरवीएस अकादमी की प्रिंसिपल) और अनीता तिवारी (उप प्रिंसिपल) शामिल थे। आर वी एस अकादमी में रोबोटिक्स लैब को आईसीएसई पाठ्यक्रम की कठोर आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जो पायथन आईडीई, आर्डिनो आईडीई और टिंकरसीएडी जैसे उन्नत सॉफ़्टवेयर टूल से लैस है। लैब में हाथों से प्रयोग करने के लिए हार्डवेयर की एक व्यापक सरणी है।



## जीएसटी में राहत, सरकार का सकारात्मक कदम : सोन्थालिया

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय सचिव सुरेश सोन्थालिया ने कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन द्वारा जीएसटी में किए गए महत्वपूर्ण घोषणाएं केंद्रीय सरकार और जीएसटी काउंसिल का व्यापार करने में आसानी प्रदान करने की दिशा में बड़ा सकारात्मक कदम है। उन्होंने आगे कहा कि ब्याज और पेनल्टी में छूट, इनपुट टैक्स क्रेडिट की समय सीमा का विस्तार और मुकदमेबाजी और पूर्व-डिपॉजिट आवश्यकताओं में कमी से करदाताओं को बहुत जरूरी राहत मिलेगी। जीएसटी काउंसिल ने 1 जुलाई 2017 से अधिकृत संचालन के लिए एसईजेड इकाई/डेवलपर द्वारा आयात पर लगाए गए मुआवजा उपकर को छूट देने की सिफारिश की है। इससे एसईजेड उत्पाद लागत-प्रतिस्पर्धी बनेंगे।

## युवक ने महिला पर चलाई गोली, घायल, एमजीएम रेफर

**तिरुलडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** तिरुलडीह थाना के सीमावर्ती गांव में रविवार की दोपहर एक युवक ने एक महिला पर गोली मार दी. महिला की पहचान तिरुलडीह थाना क्षेत्र के लेटेमदा पंचायत के अंतिम छोर पर बसे गांव संपदडीह की रहने वाली 38 वर्षीय गीता महतो के रूप में की गई है. गोली मारने वाला युवक पश्चिम बंगाल के बाघमुंडी थाना क्षेत्र के वीरग्राम का रहने वाला बताया जा रहा है. गोली महिला के कंधे पर लगी है.इस घटना के बाद परिजनों ने घायल महिला को इलाज के लिए तत्काल तिरुलडीह स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया. वहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल जमशेदपुर रेफर कर दिया गया. घटना की सूचना मिलने के बाद तिरुलडीह थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू की. पुलिस गोली मारने वाले युवक की तलाश में जुट गई है.

## प्रेमेंद्र को मिली सरायकेला युथ कांग्रेस की कमान

**खरसावां(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव सह झारखंड प्रदेश के युवा प्रभारी इशिता सेढा के सहमति से प्रेमेंद्र कुमार मिश्रा को सरायकेला खरसावां जिला के युवा कांग्रेस अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। इस दौरान प्रेमेंद्र कुमार मिश्रा ने इशिता सेढा एवं झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष अभिजीत राज का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी मुझे सौंपी है।मैं उस पर पूरी ईमानदारी एवं निष्ठा पूर्वक कार्य करूंगा। साथ ही संगठन को और मजबूती मिले इसके लिए ज्यादा से ज्यादा युवाओं को पार्टी से जोड़ा जाएगा।



## ग्रामीण विकास एवं मानव अधिकार संगठन का विस्तार स्टेट कोऑर्डिनेटर बने शेशांक व सुरेश चंद्र

**जादूगोड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जादूगोड़ा थाना अंतर्गत आदिवासी बालिका उच्च विद्यालय गोपालपुर स्थित स्कूल परिसर में ग्रामीण विकास एवं मानव अधिकार संगठन की रविवार बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता संगठन सचिव ओमियो रंजन भक्त ने की। सर्वसम्मति से राज्य स्तरीय कमिटी का गठन किया गया। जिसमे कोऑर्डिनेटर शेशांक भक्त व सुरेश चंद्र भक्त को बनाया गया। पूर्वी सिंहभूम जिला स्तरीय कमिटी में अध्यक्ष लुगु मुर्मु व कोषाध्यक्ष उत्पल भक्त व जिला संयोजक सूरज भक्त (पोटका), गौतम भक्त व जोगिंदर भक्त को दी गई है। बैठक के बाद संगठन सचिव ओमियो रंजन भक्त ने कहा की संघटन पूरे राज्य महान जागरण अभियान चलाकर लोगो को सदस्य बनाएगी व कंबल वितरण,ब्लड कैंप समेत आने वाले दिनों में बहडागोड़ा में ओल्ड एज होम की स्थापना की जायेगी। इस बैठक में संगठन की ओर से सुभाषिनी, सरदार रीना रानी बेरा, मुरारी लाल भक्त, देवदास भक्त सनातन सिंह एवम अन्य लोग उपस्थित थे।



# गम्हरिया के बुरुडीह में प्रस्तावित डिग्री कॉलेज को लेकर ग्राम सभा में दो गुटों में हुई मारपीट

- एक गुट जहां कॉलेज खोलने के पक्ष में हैं तो दूसरा गुट ग्राम सभा का बहाना बना कर रहा विरोध
- भूमि झारखंड सरकार की है, एक इंच जमीन भी मूल रैयतों का नहीं- अंचलाधिकारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** गम्हरिया प्रखंड के बुरुडीह में प्रस्तावित डिग्री कॉलेज को लेकर आयोजित ग्राम सभा के दौरान दो गुटों में बंटे ग्रामीणों के बीच जमकर बवाल हुआ। बवाल इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। काफी देर बाद दोनों पक्षों के ग्रामीणों को किसी प्रकार समझा बुझाकर मामला शांत कराया जा सका। इस हंगामा के कारण ग्राम सभा मे कोई निर्णय लिया जा सका। विदित है कि उक्त गांव में डिग्री कॉलेज खोलने को लेकर वहां के ग्रामीण दो गुटों में बंटे हैं। एक गुट जहां कॉलेज खोलने के पक्ष में हैं तो दूसरा गट इसके विरोध में हैं। इस कारण प्रखंड प्रशासन की ओर से रविवार को ग्राम सभा बुलाई गई थी। गौरतलब है कि झारखंड गठन के करीब 23 साल बाद मुख्यमंत्री बनते ही चंपई सोरेन ने क्षेत्र के युवाओं को डिग्री कॉलेज की सौगात दी है। किन्तु, यहां के कुछ ग्रामीण इसके विरोध में उतर गए हैं। उक्त प्रस्तावित डिग्री कॉलेज के लिए सरकार ने बुरुडीह पंचायत में अनाबाद झारखंड सरकार के करीब 15.20 एकड़ जमीन अधिग्रहण करने की स्वीकृति दी है। इसके प्रथम चरण में करीब 5 एकड़ जमीन का सीमांकन कार्य शुरू किया गया। किन्तु, कुछ ग्रामीणों ने इसके विरोध में मोर्चा खोल दिया है। विरोध कर रहे पक्ष के ग्रामीणों ने बताया कि बगैर ग्राम सभा की सहमति के हम जमीन नहीं दे सकते हैं। उन्होंने बताया कि जो ग्राम सभा बुलाई गई है वो फर्जी है। इसमें पारंपरिक माझी बाबा अनुपस्थित हैं। जिस जमीन पर विवाद है वह आदिवासी भूमि है।।ग्राम सभा वहां होना चाहिए था, लेकिन सरकार उनको बेदखल करना चाहती है। इसी बात को लेकर ग्राम सभा में दोनों पक्ष के ग्रामीण आपस में उलझ पड़े। एक पक्ष के ग्रामीण डिग्री कॉलेज बनाने की वकालत कर रहे हैं तो दूसरे पक्ष के ग्रामीण इसे ग्राम सभा का अपमान बताते हुए विरोध कर रहे हैं। इस मौके पर उपस्थित गम्हरिया के अंचलाधिकारी कमल किशोर ने बताया कि डिग्री कॉलेज निर्माण के लिए जो भी भूखंड लिया जा रहा है वह अनाबाद झारखंड सरकार की भूमि है। उसमे एक इंच जमीन भी मूल रैयतों का नहीं लिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जो लोग विरोध कर रहे हैं उनकी मांग उचित नहीं है। इसके बावजूद उन्हें भरोसा दिलाया गया है कि किसी का भी मकान टूटने नहीं दिया जाएगा।

## लैम्पस में धान बीज नहीं पहुंचने से किसान बाहर से ऊंची कीमत पर बीज खरीदने को मजबूर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ व कुकड़ु प्रखंड क्षेत्र में किसानों को लैम्पसों में धान का बीज नहीं मिलने से किसानों को बाजार से महंगी दामों में खरीदना पड़ रहा है। अब तक लैम्पसों में सरकारी स्तर पर मिलने वाले धान के बीज नहीं पहुंचे हैं। इसके कारण किसानों को परेशानी होने लगी है। मानसून आने को है और लैम्पस में धान के बीज अब तक नहीं पहुंचे हैं। किसान रोज लैम्पस के चक्कर काट रहे हैं। ऐसे में किसानों को बाजार से महंगी दर पर बीज खरीदने पड़ रहे हैं। सितु लैम्पस के लेखापाल भोलानाथ दास ने बताया कि धान बीज क्रय करने के लिए लैम्पस के माध्यम से ड्राफ्ट जमा कर दिया गया है. अभी तक धान का बीज नहीं मिलने से किसानों को बहुत दिक्कत हो रही है। उन्होंने कहा कि तत्काल 120 बोरा मंगाया जा रहा है। सप्ताह दस दिन में किसानों को धान उपलब्ध कराया जाएगा। वहीं किसान अघोर प्रसाद महतो ने बताया कि अभी तक लैम्पस में धान बीज नहीं आया है। उन्होंने कहा कि किसानों का खेत तैयार है।

## पटमदा मंडल कार्यालय एवं विभिन्न बूथों पर मनाई गई डॉ. श्यामा प्रसाद की पुण्यतिथि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** रविवार को भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा पटमदा मंडल कार्यालय एवं क्षेत्र के विभिन्न बूथों में भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया। मंडल कार्यालय में कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष मंटू चरण दत्त ने की। मौके पर जिला कार्यसमिति सदस्य शरत सिंह सरदार, मंडल महामंत्री सह मुखिया कृष्णपद सिंह व इन्द्रनारायण महतो, पतितपावन दत्त, विजय कुमार सिंह सहित अन्य नेताओं ने मुखर्जी की तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारियों के अलावा सुभाष माहली, निरंजन रजक, चन्दन सिंह, अनिल महतो, कृष्ण चंद्र महतो, बिमल मंडल, रथु महतो, रामकृष्ण महतो, मिहिर महतो, बिमल कैवर्त, शशधर सिंह, नीलकमल महतो, रेवती महतो श्रीमंत महतो व प्रसेनजित महतो आदि उपस्थित थे।

## आजसू नेता ललित महतो के माता की श्राद्धकर्म में शामिल हुए विधायक गागराई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावा :** झारखंड आंदोलनकारी व आजसू के पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष ललित महतो के माता की श्राद्धकर्म में खरसावां विधायक दशरथ गागराई ने शामिल होकर ललित महतो के माता की तस्वीर पर पुष्प और माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। मौके पर विधायक दशरथ गागराई ने कहा कि संसार में सभी को एक दिन उसी रास्ते से जाना है और वही सत्य है।आज ललित महतो के माता जी की निधन काफी दुख दाई है। मौके पर विधायक दशरथ गागराई भवेश मिश्रा तुलसी महतो शामिल थे।

## भाजपा सोनारी मंडल ने मनाया डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** भाजपा सोनारी मंडल गुदरी बाजार कार्यालय में एवं मंडल के शक्ति केंद्र पर डा.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया। मंडल अध्यक्ष प्रशांत कुमार पोद्दार के अध्यक्षता में सर्वप्रथम सोनारी गुदरी बाजार कार्यालय में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तस्वीर पर माल्यार्पण कर द्वीप प्रज्वलित करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित की।मौके पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जटा शंकर पांडे, प्रदेश ओबीसी मोर्चा के मिडिया प्रभारी सोनु ठाकुर, संजय रजक, सतेन्द्र सिंह यादव, कृष्णा यादव, सुखदेव सिंह, शंकर सिंह, डाक्टर दिपक घोष, सुजीत आदित्य, उज्जवल सिंह, रमेश प्रसाद साहू, किसान मोर्चा के अध्यक्ष राजकुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

## इंदिरा नगर बस्ती में 250 लोगों ने उठाया नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच का लाभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** रविवार को होम पाईप इंदिरा नगर बस्ती में आयोजित हुए निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर में लगभग 250 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य जांच का लाभ उटाया। पूर्व सांसद डॉ अजय कुमार के निर्देशानुसार साहू समाज एवं फेटिस अस्पताल कोलकाता के द्वारा अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा के जिलाध्यक्ष राकेश साहू के नेतृत्व में यह शिविर आयोजित हुआ। मौके पर राकेश साहू ने कहा कि बस्तियों में इस प्रकार के निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन होते रहना चाहिए। राकेश साहू ने बताया कि कई नेत्र रोगियों का निःशुल्क आंख का ऑपरेशन अगले सप्ताह पूर्णिमा नेत्रालय ले जाकर कराया जाएगा। इस शिविर में फिजिशियन डा.आर के साह शिल्पा पूर्णिमा नेत्रालय के मनीष कुमार, मो जमाली एवं विजय कुमार (रक्तचाप, मधुमेह) दंत चिकित्सा दो अफसाना आदि डाक्टर मौजूद थे।



कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में संजीव श्रीवास्तव, सुरेंद्र शर्मा, रितेश कुमार, भूषण यादव, संध्या दास, राजा सिंह, नीरज साहू को साहू समाज के सदस्यों ने अंग वस्त्र पहनकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से सुरेश कुमार, शिवलोचन शाह, संतोष गुप्ता, वीरेंद्र शाह, आदित्य धनराज शाह, सागर साहू, प्रवीण साहू, वेदांत साहू, कमलेश साहू श्रवण साहू आदि मौजूद थे।

## स्कूली बच्चों के बीच चित्रांकन प्रतियोगिता आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** कुंभकार समिति गम्हरिया की ओर से वार्षिक अनुष्ठान के अवसर पर स्कूली बच्चों के बीच चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बड़ा गम्हरिया स्थित कुम्भकार समाज सेवा सदन में आयोजित इस प्रतियोगिता में क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के कक्षा नर्सरी से बारहवीं तक के करीब 450 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। ग्रुप ए में प्रथम शिवांश, द्वितीय लक्ष्मी साहू व तृतीय स्थान पर सजल बेहरा रहा जबकि ग्रुप बी में प्रथम विनीत कुमार, द्वितीय पीयूष नंदी व तृतीय स्थान पर शुभम डे रहा। इसी प्रकार, ग्रुप सी में प्रथम स्थान पर स्वायंतनी घोष, द्वितीय स्थान पर मयूराक्षी पॉल व तृतीय स्थान पर रजनी रॉय रही



जबकि ग्रुप डी में श्रीकृष्णा स्वर्णकार प्रथम, चंचला दास द्वितीय व आयुष रंजन तृतीय स्थान पर रहा। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ एसके दास और विशिष्ट अतिथि समाजसेवी राखाहरि दास द्वारा उन बच्चों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। समिति के अध्यक्ष मनोरंजन बेज और महासचिव बंकिम चौधरी द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर इसका उद्घाटन किया गया। इस मौके पर आशीष दास, हरे किसन पाल,भैरव प्रमाणिक, सीताराम बेज ,बिनंद रखलदास, अमित पाल ,भीम दास, मनोज पाल, विकास पाल, बादल पाल, मथुरा दास, शंकर दास समेत सभी सदस्य उपस्थित थे।

## पेसा कानून कुड़मी समाज तभी स्वीकार करेगी जब अनुसूचित क्षेत्र में संशोधन हो : शीतल ओहदार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** देवेन्द्र सेवा संघ हॉल सोनारी में आज टोटेमिक कुड़मी/कुरमी महतो समाज का एकदिवसीय विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी का अध्यक्षता झारखंड आंदोलनकारी सह आदिवासी कुड़मी समाज के प्रवक्ता हरमोहन महतो ने किया। मुख्य अतिथि शीतल ओहदार ने अपना विचार रखते हुए कहा कि मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने आदेश जारी किया है कि झारखंड में पेसा कानून सख्ती से लागू किया जाए जिसका कुड़मी समाज तभी स्वीकार करेगी जब अनुसूचित क्षेत्र में संशोधन हो। उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि रांची, जमशेदपुर और सरायकेला - खरसावां में बहुत ऐसे गांव हैं जहां कुड़मी बहुल होते हुए भी सेडुल एरिया होने के कारण गांव के प्रधान,मुखिया, पंचायत समिति, वार्ड तक को एस0 टी0 आरक्षित किया गया है, यदि पेसा कानून को शक्ति से लागू किया गया तो इन जिलों में कुड़मी समाज सबसे अधिक प्रभावित होगा और यह कम्युनिटी दोयम दर्जा के रूप में रह जाएगा। अध्यक्षीय भाषण देते हुए सभा अध्यक्ष हरमोहन महतो ने झारखंड सरकार से मांग करते हुए कहा कि पेसा कानून सख्ती से तभी लागू हो जब जातीय जनगणना पहले कराया जाए और संख्या के आधार पर अधिकार दिया जाए, उन्होंने यह भी मांग किया कि पेसा कानून में एकल पद आरक्षित है, जिसमें कुड़मी जनजाति को गजट में शामिल किया जाए और ग्राम सभा में उचित प्रतिनिधित्व मिले। विचार गोष्ठी में शिक्षक सखीचंद महतो, केंद्रीय महासचिव सपन कुमार महतो, कुड़मी सेना संरक्षक शैलेंद्र महतो, भवतरण महतो, दानिसिंह महतो, खुदीराम महतो, अधिवक्ता काकोली महतो , कुमार ऋषि, डॉ तरुण कुमार महतो, डॉ देवाशीष महतो, राजू महतो, डब्लू महतो,दिलिप कुमार महतो, भुषण चंद्र महतो, सुनील महतो आदि ने विचार रखा।

# टाटा स्टील सस्टेनेबिलिटी के क्षेत्र में निभा रही अग्रणी भूमिका

## - 2045 तक शुद्ध शून्य उत्सर्जन प्राप्त करने के लिए टाटा समूह प्रतिबद्ध

**प्रभात मंत्र, जमशेदपुर डेस्क :** आज वैश्विक स्तर पर और भारत में भी स्टील सेक्टर पर सस्टेनेबिलिटी के पक्षधरों की कड़ी नज़र है, क्योंकि यह पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण में अपनी भूमिका निभा रहा है, जो न केवल दुनिया के पसंदीदा मिश्र धातु का उत्पादन जारी रखे हुए है, बल्कि ऐसा कोई अवांछित अवशेष नहीं छोड़ता है जो हवा, पानी या धरती को प्रदूषित कर सके। ऊर्जा और अन्य संसाधनों पर आधारित क्षेत्र के रूप में, स्टील सेक्टर के सामने सस्टेनेबिलिटी की चुनौती कोई साधारण चुनौती नहीं है और इसके लिए दशकों से इसके संचालन के तरीके में बुनियादी बदलाव की आवश्यकता है। इसी संदर्भ में, भारत की सबसे पुरानी स्टील निर्माता और वैश्विक स्तर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराने वाली टाटा स्टील सस्टेनेबिलिटी के क्षेत्र में भी तेजी से अग्रणी भूमिका निभा रही है। भारत की सीमा के भीतर और बाहर मान्यता प्राप्त और सम्मानित ब्रांड नाम वाले एक जिम्मेदार और भरोसेमंद कॉर्पोरेट नागरिक के रूप में, टाटा स्टील ने पिछले एक दशक से भी अधिक समय से एक उल्लेखनीय सस्टेनेबिलिटी यात्रा की सफलतापूर्वक शुरुआत की है, जो न केवल अपने संचालन के लिए बल्कि दूसरों के लिए भी अनुकरणीय पर्यावरणीय मापदंडों की एक विस्तृत श्रृंखला पर नए मानक स्थापित कर रही है।अपने कार्बन फुटप्रिंट को कम करने और सस्टेनेबल अभ्यासों की ओर बढ़ने के प्रयास में, टाटा स्टील समूह-व्यापी परियोजना आलिंगना के तहत 2045 तक शुद्ध शून्य उत्सर्जन प्राप्त करने के टाटा समूह के घोषित उद्देश्य के लिए प्रतिबद्ध है।

**पानी :** स्टील उत्पादन के लिए पानी एक महत्वपूर्ण संसाधन है। पिछले 5 वर्षों में, टाटा स्टील ने देश में अपने रॉ मटेरियल निर्माण स्थलों के लिए विशिष्ट मीठे पानी की खपत (एम3/ टीसीएस) को 33 फीसदी तक कम कर दिया है। इसने अपने स्टीलमेकिंग और माइनिंग लोकेशंस पर विभिन्न जल संरक्षण परियोजनाओं को लागू करके ऐसा करने में कामयाबी हासिल की है। इनमें कमी के लिए शुष्क प्रक्रियाओं को लागू करना, पानी की रिकवरी के लिए पम्पिंग इंफ्रास्ट्रक्चर और स्टीलमेकिंग प्रक्रियाओं में अपशिष्ट को ट्रीट करने और रीसाइकल करने के लिए रिवर्स ऑस्मोसिस के साथ एक सेंट्रल एफल्यूंट ट्रीटमेंट प्लांट शामिल हैं। ट्रीट किए गए एफल्यूंट्स का कोक क्वेंचिंग, ब्लास्ट फर्नेस स्लैग ग्रैनुलेशन, स्टील स्लैग क्वेंचिंग, सिंटर और पेलेट मिक्सिंग, गैस क्लीनिंग प्लांट, बागवानी, धूल को बैठाना आदि जैसे निम्न-स्तरीय अनुप्रयोगों के लिए पुनः उपयोग किया जाता है।



**वायु :** टाटा स्टील के परिचालन स्थलों पर वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए धूल उत्सर्जन में कमी लाना एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है। इसे उन्नत प्रदूषण नियंत्रण उपकरण, नई प्रौद्योगिकियों के कार्यान्वयन, लगातार आंतरिक प्रयासों और रखरखाव रणनीतियों के माध्यम से हासिल किया गया है। इन उपायों से टाटा स्टील को देश में अपने स्टैक डस्ट इमिशन को काफी कम करने में मदद मिली है। 1994-95 से 2023-24 तक, जमशेदपुर और कलिंगानगर स्टीलवर्क्स में स्टैक डस्ट इमिशन में क्रमशः 97.8 फीसदी और 67 फीसदी की कमी आई है। इसी तरह, 2018-19 में अधिग्रहण के बाद से, मेरामंडली प्लांट (भारत का सबसे बड़ा फ्लैट स्टील उत्पादन संयंत्र) के स्टैक डस्ट इमिशन में 54 फीसदी और गम्हरिया में भी (टाटा स्टील लॉन्ग प्रोडक्ट्स) 61 फीसदी की कमी आई है।

**ठोस अपशिष्ट प्रबंधन:-**

अपने लैंडफिल में शून्य अपशिष्ट लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्ध, टाटा स्टील प्रति वर्ष लगभग 16 मिलियन टन बाय प्रोडक्ट्स (एमटीपीए) को हैंडल करती है, जो 250 से अधिक स्टॉक कीपिंग इकाइयों या एसकेयू के साथ 25+ उत्पाद श्रेणियों में फैला हुआ है। वित्त वर्ष 2023-24 में, टाटा स्टील ने जमशेदपुर, कलिंगनगर, मेरामंडली और गम्हरिया में 100 फीसदी ठोस अपशिष्ट उपयोग हासिल किया। देश में अपनी तरह की पहली पहल में, टाटा स्टील ने सड़क, फ्लाई ऐश ईंट और सीमेंट निर्माण में अनुप्रयोग के लिए दो नए उत्पाद - टाटा एग्रेटो और टाटा निर्माण लॉन्च किए टाटा एग्रेटो और टाटा निर्माण को सड़क निर्माण उद्योग में प्राकृतिक एग्रेगेटेस की तुलना में बेहतर उत्पाद के रूप में परीक्षण किया गया है जो प्राकृतिक जैव विविधता के संरक्षण में मदद करता है। टाटा स्टील ने सल्फर युक्त पोषक सप्लीमेंट ब्रांडेड धुर्वी गोल्ड के निर्माण के लिए बेसिक ऑक्सीजन फर्नेस स्लैग का उपयोग करने के लिए एक पेटेंट सस्टेनेबल वेस्ट मैनेजमेंट भी विकसित की है। ब्लास्ट फर्नेस स्लैग एकीकृत इस्पात संयंत्रों से उत्पन्न एक और विशाल ठोस अपशिष्ट या बाय प्रोडक्ट है। इस सामग्री के आधार पर, टाटा स्टील ने एक नया ब्रांड - टाटा ड्यूरेको पेश किया है, जो ग्राउंड ग्रेनुलेटेड ब्लास्ट फर्नेस स्लैग (जीजीबीएस) है।

**कार्बन फुटप्रिंट में कमी:-**

अपनी विनिर्माण प्रक्रियाओं से कार्बन फुटप्रिंट को कम करने के प्रयासों के तहत, टाटा स्टील ने 'सर्कुलर इकोनॉमी' मार्ग अपनाया है, जिसका एक प्रमुख तत्व स्टील स्क्रैप की रीसाइक्लिंग है। कंपनी स्टील निर्माण में स्टील स्क्रैप के उपयोग को बढ़ाने के लिए अभिनव रणनीतियों को लागू कर रही है, जिसमें लुधियाना में इलेक्ट्रिक आर्क फर्नेस (ईएएफ) आधारित लॉन्ग प्रोडक्ट स्टील प्लांट की स्थापना शामिल है। इस प्लांट में कार्बन फुटप्रिंट न्यूनतम होगा और इसकी क्षमता 0.75 एमएनटीपीए होगी, जिससे स्टील स्क्रैप का अधिकतम उपयोग होगा।

**स्वच्छ ऊर्जा की ओर अग्रसर:-**

भारत वर्तमान में दुनिया के सबसे बड़े क्लीन ट्रांजिशन में से एक से गुजर रहा है, जिसका प्रभाव हर औद्योगिक क्षेत्र पर पड़ रहा है। यह देखते हुए कि स्टील निर्माण एक ऊर्जा-गहन क्षेत्र है, टाटा स्टील भी कैप्टिव व्यवस्था के तहत लगभग 9966 मेगावाट सौर और पवन हाइब्रिड अक्षय ऊर्जा क्षमता स्थापित करने के लिए टाटा पावर रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड के साथ साझेदारी करके अपने स्वच्छ ऊर्जा पोर्टफोलियो को बढ़ा रही है। यह पहल भारत में कंपनी की 379 मेगावाट बिजली की आवश्यकता को पूरा करेगी।

## 63 वीं सुब्रतो कप अंतर्राष्ट्रीय जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

# खेल हमें नैतिकता और संयम की शिक्षा प्रदान करता है : मंत्री सत्यानंद भोक्ता



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग रांची के द्वारा जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित 3 दिवसीय जिला स्तरीय 63 वीं सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता 2024 - 25 का शुभारंभ उद्योग, श्रम नियोजन एवं कौशल विभाग के मंत्री सत्यानंद भोक्ता एवं उपायुक्त रमेश घोलप के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम कस्तूरबा आवासीय विद्यालय चतरा के बालिकाओं द्वारा बैंड सेट के मधुर धुन और स्वागत गीत से अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत मुख्य अतिथि मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने झंडोतोलन कर किया। तत्पश्चात विभिन्न प्रखंडों से आए हुए खिलाड़ियों द्वारा मार्च पास्ट कर सबका दिल मोह लिया। मुख्य नोडल पदाधिकारी दीपक कुमार के द्वारा शपथ ग्रहण करवाया गया। स्वागत भाषण जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार मिश्र ने किया। इसके साथ ही पौधा, मेंमोंटो एवं शॉल देकर अतिथियों का विधिवत रूप से स्वागत किया गया। मंत्री एवं विशिष्ट अतिथियों के द्वारा बॉल कीक तथा आकाश में गुब्बारा एवं कबूतर उड़ा कर शुभारंभ किया गया। इस दौरान मैदान के चारों ओर आतिशबाजी से पूरा स्टेडियम गूंज उठा। उद्घाटन बेला में मुख्य अतिथि मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य सरकार खेल के विकास के प्रति कृत्संकल्पित है। कहा कि राज्य आज खेल के मामले में काफी आगे हैं। झारखंड ने कई मेडल लेकर राज्य का नाम रौशन किया है। खेल हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह हमें स्वस्थ रखने के साथ साथ मानसिक शारीरिक और सामाजिक विकास का भी माध्यम है। खेल हमें नैतिकता और संयम की शिक्षा प्रदान करता है। मंत्री ने वर्तमान उपायुक्त रमेश घोलप से जिले में खेल के विकास में योगदान देने को कहा। उन्होंने आयोजित किए जा रहे अंतर्राष्ट्रीय सुब्रतो कप फुटबॉल टर्नामेंट में हिस्सा ले रहे खिलाड़ियों को शुभकामना देते हुए कहा कि आप जिला, राज्य और देश का नाम रौशन करें। उपायुक्त रमेश घोलप ने कहा कि क्षेत्र और खेल का विकास उनकी प्राथमिकता में शामिल है। इस टूर्नामेंट का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण स्तर में छुपी प्रतिभा को राज्य व देश स्तर पर लाना है।जिला परिषद उपाध्यक्ष सह एथलेटिक्स एसोसियेशन के अध्यक्ष वृज किशोर तिवारी ने कहा कि पिछले पांच वर्षो में जिले में खेल का काफी विकास हुआ है। जिले के खिलाड़ियों ने राज्य और देश स्तर पर चतरा का परचम लहराया है। उन्होंने खिलाड़ियों से ऐसे ही खेलते रहने की बात कही।अंडर 15 बालक एवं अंडर 15 बालक बालिका जो प्रखंड स्तर के खेल में विजेता टीम घोषित हुई है। वही सभी खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।वहीं आज का प्रथम मैच गिद्धौर बनाम हंटरगंज के बीच मैच खेला गया जिसमें गिद्धौर की टीम 3 -0 से विजय हुई।दूसरा मैच चतरा बनाम लावालोंग के बीच मैच खेला गया जिसमें चतरा के टीम 3- 0 से विजय हुई।तीसरा मैच सिमरिया बनाम कुंदा के बीच खेला गया जिसमे सिमरिया के टीम 1- 0 से विजय हुई ।चौथा मैच टंडवा बनाम कान्हाचट्टी के बीच मैच हुआ।

# घायल अवस्था में एक युवक को इलाज के लिए भेजा गया अस्पताल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिद्धौर :** थाना के अंतर्गत गांगपुर के यादव होटल के समीप से पुलिस ने घायल अवस्था में एक युवक को एंबुलेंस के माध्यम से इलाज के लिए समुदाय स्वास्थ्य केंद्र गिद्धौर भेज दिया। घायल युवक गिद्धौर थाना क्षेत्र के लुबधिया गांव निवासी तुलसी यादव का पुत्र दिनेश यादव है। इस दौरान दिनेश यादव का छोटा भाई बताया कि बीते शनिवार की करीब डेड बजे रात तीन लोग बाइक से आए और भाई को उठाकर चिरैया जंगल ले गए।जहां चाकू से मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। ग्रामीणों ने घायल अवस्था में रविवार की सुबह उसे गंगापुर यादव होटल के समीप पहुंचा दिया। घायल युवक के छोटा भाई ने बताया कि हेमन यादव सहित अन्य लोगों ने मिलकर चाकू से मारकर घायल कर दिया है। ग्रामीणों ने इसके बाद गिद्धौर पुलिस को सूचना दी।सूचना मिलते हैं की गिद्धौर थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता उक्त स्थल पर पहुंच,घायल युवक को अपने कब्जे में कर एंबुलेंस से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गिद्धौर भेज दिया। अस्पताल खुला है परंतु इलाज के लिए आधा घंटा इंतजार करना पड़ा।इस दौरान युवक के भाई ने बताया कि गिद्धौर अस्पताल खुला था परंतु आधा घंटा तक कोई कर्मी नहीं थे। आधा घंटा के बाद इलाज कर बेहतर इलाज के लिए चतरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने बताया की घायल युवक के फर्द बयान पर लुब्धिय गांव के हेमन यादव, दीपक यादव व मनोज यादव को नामजद व तीन अज्ञात को अभियुक्त के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर लिया गया है। जिसका थाना कांड संख्या 44/24 है।मालूम हो की घायल युवक को इलाज के लिए एंबुलेंस आधा घंटा से अस्पताल पास खड़ा रहा, परंतु कर्मियों के लापरवाही दरसाता है।हलांकि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गिद्धौर में कई कर्मी बहुत दिनों से जमे हुए है। ट्रांसफर होने के बाद भी बड़े पैरवी लगाकर रोकवा लेते है। जिसके वजह से कर्मी लापरवाही बरतने में कोई कसर नहीं छोड़ते है।

# मादक पादार्थ के विरुद्ध चला जागरूकता रैली




प्रभात मंत्र संवाददाता

**कुंदा :** नशा समाज के लिए घातक है जिसे लेकर मादक पादार्थ के विरुद्ध कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विधालय की बच्चियों के द्वारा गांव-गांव में जागरूकता रैली निकाली गई।बच्चियों के द्वारा ग्रामीणों ने शपथ ली कि सबसे पहले गांव के हर नागरिक को नशे से बचाने का काम करेंगे। गांव को नशा मुक्त करेंगे। हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जय और जय जवान जय किसान के नारे लगाए गए। बच्चियों ने हाथ मे स्लोगन लिए नारा लगा रहीं थीं।जो लोग शराब बेचने का काम करते हैं, वह समाज का बड़ा दुश्मन हैं। वार्डेन इंदु भारती ने कहा कि नशा समाज को खोखला कर देता है। जो लोग नशा बेचने का काम करते हैं, वह समाज के दुश्मन हैं। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी देश के विकास में बड़ी भूमिका अदा करती है। अगर युवा ही नशे की गर्त में चले जाएंगे तो देश की तरक्की में बाधा बन जाएंगे। मादक पादार्थ जागरूकता अभियान में हर व्यक्ति को योगदान देते हुए सरकार का सहयोग करना चाहिए। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि नशा बेचने वालों की सूचना पुलिस प्रशासन को बिना डरे दें। नशा तस्करों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर सभी शिक्षक उपस्थित थे।

# मंत्री सत्यानंद भोक्ता पहुंचे प्रतापपुर, विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का स्वीकृति पत्र समेत करोड़ों रुपए के परिसंपत्तियों का किया वितरण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**प्रतापपुर :** मंत्री श्री सत्यानन्द भोगता जी अपने चतरा प्रवास के दौरान एक दिवसीय दौरे आज प्रतापपुर पहुँचे। इस दौरान माननीय मंत्री श्री भोगता जी प्रतापपुर प्रखंड कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। माननीय मंत्री श्री भोगता जी के कार्यक्रम में आगमन पर अनुमंडल पदाधिकारी सुरेंद्र उराँव ने पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। इसके उपरांत माननीय मंत्री ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। ततपश्चात योग्य लाभुकों के बीच अबुवा आवास, सर्वजन पेंशन योजना, छात्रवृत्ति योजना, साइकिल वितरण योजना, बकरी विरतण योजना, बिरसा बागवानी योजना समेत अन्य कई जनकल्याणकारी योजनाओं का स्वीकृति पत्र, करोड़ों रुपए की परिसंपत्तियों का वितरण किया। उक्त कार्यक्रम के मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अजय दास, अंचलाधिकारी नित्यानंद दास, मंत्री प्रतिनिधि लवली देवी, राजद प्रखंड अध्यक्ष खेदु यादव, मुखिया संघ अध्यक्ष किशोर यादव, मुखिया अमरेश सिंह, मुखिया मनीष सिंह, युवा नेता बिनोद भोक्ता, मुखिया प्रतिनिधि जितेंद्र सार्थक, पूर्व मुखिया रोहित यादव समेत कई गणमान्य मौजूद रहे।

# तुरी समाज की बैठक में सशक्तिकरण पर चर्चा



**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के हुरनाली पंचायत भवन में रविवार को तुरी समाज की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता महेश तुरी जबकि संचालन सुनीता देवी ने किया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि तुरी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष नागेश्वर तुरी और हजारीबाग प्रभारी किशुन तुरी मुख्य रूप से उपस्थित हुए। बैठक में समाज को सशक्त बनाने का पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में कहा गया कि समाज में नशापान और अशिक्षा बहुत बड़ी समस्या है जिसे दूर किए बगैर समाज का भला नहीं हो सकता है। अतिथियों ने कहा कि समाज के लोग एकजुट बनाए रखें साथ ही समाज व्याप्त कुरीतियों को दूर करने का प्रयास करें। बच्चों को हर हाल में शिक्षित करें और आगे बढ़ने का संकल्प ले। तभी समाज अग्रगणी समाज बन पाएगा। बैठक में तुरी समाज के दर्जनों लोग मौजूद थे

# भाजपाइयों ने मनाया समर्पण दिवस



**बारियातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय स्थित भाजपा मंडल कार्यालय में रविवार को मंडल अध्यक्ष लव कुमार सिंह की नेतृत्व मे समर्पण दिवस मनाया गया। समर्पण इस अवसर पर उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए लव कुमार सिंह ने कहा कि आज संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि है। बीजेपी इसे बलिदान दिवस के तौर पर मना रही है। श्यामा प्रसाद मुखर्जी के निधन को 71 साल हो चुके हैं। लेकिन आज भी उनकी मौत का रहस्य सिर्फ रहस्य बनकर रह गया है। सियासतदानों का एक धड़ा श्यामा प्रसाद मुखर्जी की मौत को साजिश मानता है। जबकि दूसरा उनकी मौत को प्राकृतिक बताता रहा है। मौत की असल वजह क्या रही यह किसी को नहीं पता, लेकिन उनकी मौत किन परिस्थितियों में हुई और मौत से पहले क्या हुआ? ये जान लेना बेहद ज़रूरी है। इसके पश्चात् पूर्व सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र कुमार सिंह ने कहा कि 23 जून 1953 को जनसंघ के संस्थापक और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की रहस्यमयी परिस्थितियों में मौत हो गई थी। मौत प्राकृतिक थी या फिर इसके पीछे कोई साजिश थी ये समझने के लिए एक बार फिर हम आपको इतिहास के उस कालखंड में ले चलेंगे जहां पहुंचकर आप यह खुद तय कर सकें। 370 के मुखर विरोधी थे मुखर्जी श्यामा प्रसाद मुखर्जी को जनसंघ के संस्थापक और कांग्रेस अध्यक्ष के अलावा जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 का मुखर विरोधी होने के नाते भी जाना जाता है। उनकी इच्छा थी कि जम्मू-कश्मीर में भी अन्य राज्यों की तरह समान कानून रहें। कश्मीर को भी देश के हिस्से की तरह देखा जाए। श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने कहा था कि इस देश में दो विधान, दो निशान और दो प्रधान नहीं चलेंगे. हम सभी को उनके बताए गए मार्ग पर चलने की आवश्यकता है. मौके पर प्रखण्ड उपाध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह, जिला मंत्री ब्रजमोहन राम,सत्येंद्र कुमार सिंह,ओबीसी प्रखण्ड अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद, प्रखण्ड उपाध्यक्ष किशोर प्रसाद, किशोर प्रसाद, ओबीसी जिला उपाध्यक्ष देवनंदन प्रसाद, प्रखण्ड मंत्री गोपाल यादव, धनेश्वर ऊरांव, जिला परिषद सदस्य रमेश राम सहित अनेकों कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर कार्यक्रम के सफल आयोजन मे महत्वपूर्ण भुमिका निभाए।

# ग्रीन राशन कार्ड व आधार सीडिंग करने के लिए शिविर का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बारियातु :** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सभी पंचायत में सुयोग्य लाभुकों का ग्रीन राशन कार्ड निर्गत करने और आधार कार्ड सीडिंग करने को लेकर 24 जुन से 01 जुलाई तक पंचायत स्तरीय शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस संबन्ध में जानकारी देते हुए बीडीओ सह सीओ नंद कुमार राम ने बताया कि उपायुक्त लातेहार के निर्देशानुसार झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के तहत छुटे हुए सुयोग्य लाभुकों को ग्रीन राशन कार्ड निर्गत व आधार सीडिंग करना है। उन्होने बताया कि शिविर में राशन कार्ड धारियों का आयुषमान कार्ड भी निर्गत करना है व आयुषमान कार्ड धारियों का ई केवाईसी भी करना है। प्रखंड क्षेत्र मे 24 जुन को बारियातू एवं साल्वे 26 जुन को अमरवाडिह एवं टोंटी 28 जुन को शिबला एवं गोनिया एव अंत में 01 जुलाई को डाढा, फुलसु और बालुभांग पंचायत मे शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होने शिविर में लोगो को बढ चढ कर हिस्सा लेने की अपील की।

## नरेन्द्र मोदी ने धारा 370 को समाप्त कर डॉक्टर मुखर्जी के सपने को साकार कर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दी है : कुलामन साव

# चंदवा में भाजपाइयों ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रुप में मनाया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** चंदवा स्थानीय पथ निर्माण विश्रामागार परिसर में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के द्वारा रविवार को जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत कि गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मंडल अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद साहु ने किया। वंही मंच का संचालन मंडल महामंत्री दीपक निषाद कर रहे थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मंडल अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद साहू ने कहा कि भारतीय संस्कृति के नक्षत्र अखिल भारतीय जनसंघ के संस्थापक राजनीति व शिक्षा के क्षेत्र में सुविख्यात श्रधेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का पूरा जीवन राष्ट्र की एकता और अखंडता को समर्पित रहा। वे एक प्रखर राष्ट्रवादी थे। अपने सिद्धांतों से कभी पीछे नहीं हटे। जिला मंत्री कुलामन साव ने कहा कि डॉ मुखर्जी अखंड भारत एक भारत के लिए कश्मीर को देश की मुख्यधारा में लाना चाहते थे। उनका कहना था कि एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे। धारा 370 को हटाने के लिए उन्होंने काफी संघर्ष किया और अपने जीवन का बलिदान किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने धारा 370 को समाप्त कर डॉक्टर मुखर्जी के सपने को साकार कर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दी है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व सासंद प्रतिनिधि राजेंद्र यादव, मंडल उपाध्यक्ष संजय साहु, मंडल मंत्री हीरामनी देवी, राजु भुंइया, मंडल महामंत्री शिवकेश्वर यादव, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष रिकी वर्मा, ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष सूर्यनारायण साहू, प्रेम नाथ साहु, एससी मोर्चा अध्यक्ष सकेन्द्र भुंइया, प्रदीप ठाकुर, वीरेंद्र प्रसाद, मुरारीलाल साहू, शंकर साहु, रवि ठाकुर, यमुना चौधरी, चंद्रभूषण केशरी, ताजेंद्र सिंह, छोटू कुमार, बिनोद गंझु, शुभम कुमार समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# भाजपाइयों ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का मनाया बलिदान दिवस



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** भाजपा जिला कार्यालय में रविवार को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जनसंघ के संस्थापक शिक्षाविद महान चिंतक डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी का पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाया।कार्यक्रम में भाजपा के जिला अध्यक्ष पंकज सिंह ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा की डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी अखंड भारत के पक्षधर थे उन्होंने संसद में अपने भाषण में धारा 370 को समाप्त करने की जोरदार वकालत की थी। अगस्त 1952 में जम्मू कश्मीर की विशाल रैली में उन्होंने कहा था कि मैं आपको भारतीय संविधान प्राप्त कराऊंगा या फिर इस देश की पूर्ति के लिए अपना जीवन बलिदान कर दूंगा 23 जून 1953 को रहस्यमय स्थिति में जेल में ही उनकी मृत्यु हो गई। उन्होंने कश्मीर को लेकर एक नारा दिया था नहीं चलेगा एक देश में दो विधान दो प्रधान और दो निशान अंतोदय उनका परम लक्ष्य था उनके आकस्मिक मृत्यु पर उनकी माता जोगमाया देवी ने कहा था कि मेरे पुत्र की मृत्यु भारत माता के पुत्र के मृत्यु के रूप में हुई। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजधनी प्रसाद यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता ऐसे देश के महान विभूति को कोटि-कोटि नमन करते हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष राकेश कुमार दुबे, जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, महामंत्री बंशी यादव प्रदेश कार्यसमिति युवा मोर्चा मुकेश पाण्डेय, विधानसभा प्रभारी रामदेव सिंह, जिला मीडिया प्रभारी राजीव रंजन पाण्डेय, मंडल अध्यक्ष प्रमोद प्रसाद, प्रखंड प्रमुख परशुराम लोहरा, अनिल सिंह, आनंद सिंह, विष्णु गुप्ता, सतेंद्र यादव, समेत भजपा के कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# एसवीएम में प्रांतीय मेधावी छात्र अभिनंदन समारोह का हुआ आयोजन




प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** जिला मुख्यालय स्थित सरस्वती विद्या मंदिर धर्मपुर लातेहार में 23 जून दिन रविवार को प्रांतीय मेधावी छात्र अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया।जिसमें प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। दीप प्रज्वलन मुख्य अतिथि ख्याली राम (क्षेत्रीय संगठन मंत्री उत्तर पूर्व क्षेत्र) अजय कुमार तिवारी (प्रदेश सचिव) अनिल कुमार ठाकुर (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघ चालक) राजीव रंजन पांडे, (स्थानीय विद्यालय के प्रबंधकारणी समिति के अध्यक्ष) नरेंद्र कुमार पांडे ( प्रबंधकारणी समिति के सचिव व कार्यक्रम संयोजक) के द्वारा संयुक्त रूप से सरस्वती वंदना से प्रतिभा सम्मान समारोह की शुरुआत हुई। तत्पश्चात विद्यालय के प्राचार्य अरुण कुमार चौधरी ने मंचासीन अतिथियों का परिचय कराया। कार्यक्रम की भूमिका देते हुए विद्या विकास समिति के प्रदेश सचिव अजय कुमार तिवारी ने कहा कि प्रतिभाशाली पहचान के लिए मोहताज नहीं होते। वे हमेशा पथ प्रदर्शक होते हैं। उनके पद चिन्हों पर उनके बाद की पीढ़ी उनका अनुकरण करती है। हमें बड़ा सपना देखना चाहिए और उसे अंदर पालकर उसे पाने के लिए सर्वस्व न्योछावर कर देना चाहिए। अभिनंदन समारोह उपलब्धि का छोटा सा विराम है उसे याद रखना है आधुनिक शिक्षा हम प्राप्त करेंगे परंतु मानव मूल्य को नहीं भूलेंगे। समारोह में 10 जिलों के जैक बोर्ड व सीबीएसई बोर्ड के दशम व द्वादश के कुल 43 टॉपर विद्यार्थी सहित एक युवा वैज्ञानिक एक एसजीएफआई क्वालिफाइड विद्यार्थियों को चांदी का सिक्का, प्रशस्ति पत्र, और उनके अभिभावकों को अंग वस्त्र व रामायण की पुस्तक देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ख्याली राम ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह क्षण आज हम सभी के लिए सुखद वह प्रेरणादाई है। आज विद्या भारती विद्यालय के बच्चे हर क्षेत्र में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। जिसने परिश्रम किया है उसका सम्मान करने का दिन है आज। इसमें सब का योगदान है चाहे छात्र हो, शिक्षक हो, माता-पिता हो, परमेश्वर हो, सबका अभिनंदन व सम्मान का दिन है आज। हमें जीवन का प्रथम 25 वर्ष मेहनत कर सफलता पाना है या 75 वर्षों तक कठिनाई में जिंदगी गुजारनी है इसका निर्णय हमें (सभी विद्यार्थियों) को ही करनी है। संस्कार विहीन शिक्षा से विध्वंसक समाज का निर्माण होता है, वहीं संस्कार युक्त शिक्षा से स्वस्थ समाज का निर्माण होता है इसे हमें समझनी है। कार्यक्रम में मंच संचालन गुमला विभाग के विभाग प्रमुख व क्षेत्रीय प्रचार प्रसार प्रमुख अखिलेश कुमार तथा धन्यवाद ज्ञापन पलामू विभाग के विभाग प्रमुख नीरज कुमार लाल ने किया। कार्यक्रम में विद्या विकास समिति परीक्षा विभाग के जितेंद्र कुमार ,देवघर विभाग के सुरेश मंडल ,हजारीबाग विभाग के ओमप्रकाश सिन्हा, सह विभाग निरीक्षक ब्रजेश कुमार सिंह, विद्यालय कोषाध्यक्ष ज्योति चौधरी, समिति के सदस्य मनीष कुमार सिंह, मनीष कुमार व संबंधित 10 जिलों के प्रधानाचार्य सहित स्थानीय विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति के अध्यक्ष राजीव रंजन पांडे, सचिव नरेंद्र पांडे, सह सचिव सुधांशु दुबे तथा स्थानीय विद्यालय के सभी आचार्य दीदी जी उपस्थित थे।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com


# नगर निगम के द्वारा चलाया गया नशा मुक्ति जागरूकता अभियान




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** नगर आयुक्त सह प्रशासक के मार्गदर्शन में हजारीबाग नगर निगम अंतर्गत दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन की महिलाओं तथा नगर निगम टीम के द्वारा नशा मुक्ति अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत जहां एक ओर स्वयंसेवी सहायता की महिलाओं के द्वारा लोगों के बीच सघन जागरूकता अभियान चलाकर नशा मुक्त झारखंड ,नशा से होने वाले दुष्प्रभाव ,नशा से बचने के तरीके तथा इसके कुसंगति से दूर रहने हेतु जागरूक किया गया। इस दौरान महिलाओं को शपथ दिलाकर इसको दूर करने हेतु संकल्पित किया गया। उपनगर आयुक्त ज्योति सिंह, सहायक नगर आयुक्त विपिन कुमार ,कार्यपालक अभियंता रमेश सिंह ,नगर मिशन प्रबंधक मधु कुमारी,आवास योजना के नोडल अभिषेक सिंह,सामुदायिक संगठनकर्ता, निरमा कुमारी, सोमी श्रीवास्तव, शांति मुकुल खालको,सामुदायिक संसाधन सेविका तथा नगर निगम की टीम के द्वारा इस वृहत कार्यक्रम के तहत विशेष रूप आसपास के वातावरण को नशा मुक्त रखने तथा इसके कुचक्र को तोड़ने हेतु सदैव प्रयासरत रहने की अपील की गई।

# डेढ़ वर्ष बीत जाने के बाद भी नहीं हुआ सड़क की मरम्मती

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टाटीझरिया :** प्रखंड के झरपो तिरंगी मोड़ चौक से मैन रोड गाड़ी सारम गांव जाने के रास्ते शिलान्यास हुए विगत डेढ़ वर्ष बीत गए लेकिन अब तक सड़क मरम्मती का कार्य पूर्ण नहीं किया गया। सिर्फ खाना पूर्ति के नाम पर कोडरमा लोकसभा सांसद महोदया अनपूर्णा देवी और बरकट्ठा विधानसभा विधायक अमित कुमार यादव के हाथो सड़क मरम्मती कार्य को लेकर उक्त स्थल पर रिबन काटकर नारियल फोड़कर और आम जनता के बीच संवेदक द्वारा लड्डू वितरण कर खानापूर्ति किया गया। जिसे देखने वाला कोई नही जब कोडरमा लोकसभा सांसद या बरकट्ठा विधानसभा विधायक चुनाव में प्रत्यासी गण आमजनता को दिग्भ्रमित करने के उद्देश से जल ,जामिन ,सड़क,शिक्षा,रोजगार ,बिजली आदि जन समस्याओं का समाधान और



क्षेत्र विकास कर प्रचार प्रसार गाड़ियों में डीजे साउंड पर बड़े बड़े भाषण बाजी करते है । वही कई मतदाताओ ने नाम लिखने के शर्त पर नाराजगी जताते हुए कहा कि जब चुनाव में जीत जाते है विधायक या सांसद प्रत्यासी तो क्षेत्र के जन समस्याओं को झांकने तक नही आते। दुर्भाग्यपूर्ण बात है की जब चुनाव आता है तो क्षेत्र में महापर्व की भांति विभिन्न राजनैतिक दल की पार्टियां अपने अपने प्रचार प्रसार की गाड़ियों में बैनर ,पोस्टर,राजनैतिक दल विशेष झंडे बांध और डीजे के सहारे कई तरह के मिथ्या बयान कर लोगो को दिग्भ्रमित करते है। यदि सांसद विधायक क्षेत्र में भ्रमण करने आते भी है तो वे कुछ व्यक्तिगत लोगो से ही मुलाकात कर गाड़ी में बैठ चले जाते है। कभी भी क्षेत्र के आम जनता से रूबरू होकर समस्याओ को जानने का जिज्ञासा नही रखते है।उन्होंने यह भी कहा की टटीझरिया प्रखंड सह अंचल कार्यालय से लेकर टाटीझरिया थाना भी भ्रष्टाचार के हत्थे चढ़ गया। आज प्रखंड में शिक्षा संबंधी छात्र छात्राओ को आवासीय ,जाती, आय प्रमाण पत्र समयानुसार नही मिलने से काफी परेशानियों की सामना करना पड़ रहा है। वही जमीन म्यूटेशन नही होने कारण ऑनलाइन रशीद कटवाने में भी क्षेत्रवासियो को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। टाटीझरिया ने पदासिन बिडीओ सह सीओ रश्मि खुशबू मिंज बिचौलियों के कथनुसार ही कार्य करती है। वही टाटीझरिया पुलिस प्रशासन द्वारा ट्रेक्टर चालको को बालू उठाव में रोका जा रहा है।इधर सरकार कहती है की आबुवा आवास , मनारेगा,कूप निर्माण, डीएमएफटी समेत अन्य योजना को समयानुसार पूर्ण करने को कहती है और यहां इस तरह की बाधा उत्पन्न होती है तो आखिर विचारणीय है की कैसे समयानुसार सरकारी योजना कार्यों को पूर्ण की जा सकती है।ऐसी समस्याओं को समाधान करने करने वाले कोई नेता मंत्री विधायक नही है। आम जनता को सिर्फ आश्वासन ही दिया जा रहा है।

## 7 जुलाई को टाउन हॉल में राज्य स्तरीय सम्मेलन का होगा आयोजन



**हजारीबाग :** राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव रेड्डी के आदेश अनुसार राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राकेश्वर पांडे समेत तमाम बड़े नेता शिरकत करेंगे। जिसे लेकर रविवार को झारखंड राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता सुरजीत नागवाला और प्रदेश संयुक्त सचिव चंद्रशेखर मिश्र ने संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। वही प्रेस वार्ता के दौरान बताया गया कि 7 जुलाई 24 दिन रविवार को टाउन हॉल में राज्य स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ संजय सिंह, प्रदेश अध्यक्ष राकेश्वर पांडे, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर समेत पूरे राज्य भर के प्रतिनिधि भाग लेंगे। हजारीबाग समेत तमाम जगहों के मजदूर रैयत विस्थापितों के हक अधिकार की चर्चा करेंगे।

## कर्णपुरा महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने किया शैक्षणिक भ्रमण



**बड़कागांव :** कर्णपुरा महाविद्यालय, भूगोल विभाग के द्वारा प्रो . रंजीत प्रसाद के नेतृत्व में सत्र 2021- 24 सेमेस्टर 6 के छात्राओं को हुंडरू जलप्रपात तथा बिरसा जैविक उद्यान का भौगोलिक शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। जिसे प्राचार्य कीर्ति नाथ महतो ने शुभकामनाएं देते हुए यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यात्रा में अतिथि शिक्षक के रूप में प्रो. ललित कुमार, प्रो .पवन कुमार साथ में गए। अतिथि प्रोफेसर ने कहा के भौगोलिक शैक्षणिक यात्रा से छात्र-छात्राओं के मानसिक बौद्धिक विकास में सहायता मिलती है साथ ही नेतृत्व करने की क्षमता ,समूह में सहयोग की भावना विकास होता है। इस भौगोलिक यात्रा के दौरान छात्राओं ने देखा कि जलवायु परिवर्तन के कारण हमारे पर्यावरण पर किस प्रकार का प्रभाव पड़ रहा है। हुंडरू जलप्रपात भीषण गर्मी पड़ने के कारण पिछले कई महीनो से सूखा हुआ था। पर्यटक आते थे और वह वापस निराश होकर लौट जाते थे। पिछले दिनों हुई बारिश के कारण यह प्रताप में पुनः जल से भर गया है। जिससे इसकी खूबसूरती देखने लायक थी। इसके बाद सभी बिरसा जैविक उद्यान गए। जहां कई तरह के जंगली पशु पक्षियों को देखने का अनुभव प्राप्त किया। सोनेलाल मोहन ने छात्र-छात्राओं का नेतृत्व किया। मौके पर प्रमोद कुमार, प्रवेश कुमार, अभिषेक सिंह, अफसाना परवीन, लक्ष्मी कुमारी, कुंदन कुमार, मनोज कुमार, रितेश कुमार, मंजू कुमारी, ममता कुमारी, राधा कुमारी, अनिका कुमारी, वर्षा कुमारी, सुरेंद्र कुमार, विवेक कुमार, निरंजन कुमार, अंकित पांडे, निरंजन सिंह, अखिलेश कुमार, सचिन कुमार, गुड़िया कुमारी, शोभा कुमारी, गीता कुमारी, पवन कुमार, शीतल कुमारी, आशिया परवीन, शिरीष परवीन, मिशाल परवीन, राजेश महतो, वासुदेव कुमार, विद्या कुमारी, चंचल कुमारी, हार्दिक कुमार, बेबी कुमारी, रणदीप प्रसाद, अमन कुमार, पिंकी कुमारी तथा पूजा कुमारी शामिल हुए।

## अच्छी बारिश की आश मे, किसान उतरे खेत खलिहान में



**हजारीबाग :** हजारीबाग के किसान इस वर्ष अच्छी बारिश कि आश लगाये हुए खेतो कि ओर रुख कर लिए हैं. इस संबंध मे कटकमदाग प्रखंड के ढेन्गुरा गांव के किसान शम्भू गोप ने कहा कि इस बार हम सब मौसम विभाग के द्वारा किये गए अच्छे मौनसून के पूर्वानुमान से काफी खुश व आशान्वित हैं कि इस वर्ष अच्छी बारिश होगी जिससे हमारी फसलें भी अच्छी होगी इसलिए हम सब अभी से तैयारी मे जुट गयें हैं और खेतों को तैयार करने लगे हैं. चूँकि यहाँ हमसब किसानों कि खेती बारिश के पानी पर ही निर्भर है इसलिए वर्षाजल का पूरा सदुपयोग करना चाहतें हैं इसलिए हम मौनसून आने के पहले ही खेतों को पूरी तरह से तैयार कर ले रहें हैं . वहीं सदर प्रखंड के नगवॉ गाँव के किसान गुलाब मेहता ने बताया कि चूँकि मौनसून प्रत्येक वर्ष 15 जून को झारखंड मे प्रवेश कर जाता था इस बार भी मौसम विभाग के द्वारा अच्छा मौनसून का पूर्वानुमान लगाया गया है लेकिन अभी तक मौनसून का प्रवेश यहाँ नही हुआ है जिसके कारण मन थोड़ा शसंकित है लेकिन फिर भी तैयारी मे जुटे हुए हैं और यह आशा लगाये हैं कि अच्छी बारिश होगी जिससे हमारे खेत खलिहान फसल से आबाद रहेंगे.

## नीट प्रश्न पत्र लीक मामले को लेकर हजारीबाग का नाम सुर्खियों में

**हजारीबाग :** नीट परीक्षा में पेपर लीक होने की चर्चा पूरे भारत मे हो रही है. इस मामले में हजारीबाग कल्लू चौक स्थित ओएसिस स्कूल को भी शक के घेरे में लिया जा रहा है. प्रश्न पत्र लीक को लेकर बिहार से जांच टीम हजारीबाग कल्लू चौक स्थित ओएसिस स्कूल पहुंची जहां परीक्षा नियंत्रक और संचालक से घंटों तक पूछताछ की. उसके बाद जांच टीम बैंक में रखे गए प्रश्न पत्र को लेकर भी जांच पड़ताल की. सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जांच टीम पुख्ता सबूत लेने के लिए दोबारा हजारीबाग आने की आशंका जताई गई है.आपको बता दें कि नीट परीक्षा के लिए हजारीबाग में पांच सेंटर बनाए गए थे जिन में विवेकानंद स्कूल, संत जेवियर स्कूल, ओएसिस स्कूल और डी ए वी स्कूल का नाम शामिल है. डी ए वी स्कूल के सेंटर का एक लड़का इस परीक्षा में टॉप भी कर चुका है इसका रैंकिंग 100 है.

# इचाक में कोचिंग संचालक दंपति की हत्या का खुलासा, पिता और भाई सहित 6 गिरफ्तार



**हजारीबाग :** इचाक में दंपति की हत्या और शमशान घाट में शव जलाने का मामला पिछले कई दिनों से क्षेत्र मे चर्चा का विषय बना हुआ था. इसको लेकर रोज नये कयास लगाये जा रहे थे . पुलिस ने इस हत्त्या से पर्दा हटा दिया. इस संबंध मे हजारीबाग पुलिस अधीक्षक अरविंद सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि राहुल के पिता और भाई ने ही मिलकर राहुल और पूजा कि हत्त्या कि थी व साक्ष्य छुपाने के लिए रातों-रात अंतिम संस्कार कर दिया. इस संबंध मे मिली जानकारी के अनुसार राहुल कुमार व पूजा यादव ईचाक मे एक कोचिंग सेंटर का संचालन किया करते थे. एकाएक वे 16 जून से गायब हो गये जिसके बाद कोचिंग सेंटर के विद्यार्थियों ने गुमशुदगी से संबंधित सूचना पुलिस को दी वहीं पूजा यादव के परिजनों ने भी 21 जून को इचाक थाना में पूजा यादव व राहुल मेहता को उनके परिजनों द्वारा मारपीट करके जलाकर हत्या कर देने से संबंधित लिखित आवेदन दिया. पुलिस इस कांड के उद्भेदन की दिशा में त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना में संलिप्त छः लोगों को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया. पुलिस अधीक्षक अरविंद सिंह ने बताया कि घटित घटना के दिन बबलू मेहता जो कि राहुल मेहता का छोटा भाई है उसके द्वारा गिरफ्तार अभियुक्तों को एक जगह बुलाकर यह कहा गया कि आज ही के दिन घटना को अंजाम देना है राहुल मेहता के पिता ईश्वर प्रसाद मेहता छोटा भाई बबलू मेहता व उनके सहयोगी बॉबी कुमार, आशीष पांडेय, विक्की कुमार व सोनू कुमार सिन्हा ने मिलकर पूजा यादव हुआ राहुल मेहता की निर्मम हत्या कर दी और साक्ष्य छुपाने के दृष्टिकोण से रातों-रात उनका अंतिम संस्कार कर दिया. हत्या के मामले में पिता व छोटा भाई सहित 6 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है.

## हजारीबाग दिव्यांग संगठन संघ ने संसद को दी बधाई



**प्रभातमंत्र सवांददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग दिव्यांग संगठन संघ ने नवनिर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल को उनके कार्यालय में बुके दे कर स्वागत किया व उन्हें जीत की बधाई दिए।मौके पर दिव्यांग संगठन संघ के सदस्य दीपक कुमार शर्मा ने कहा कि आपके सांसद बनने के उपरांत हम दिव्यांग जानो को बहुत सी आकांक्षाएं हैं जिसे आप अवश्य पूरा करेंगे। मौके पर नागेश कुमार, राजकुमार, चितरंजन, अजय यादव , नेहा खातून, ललिता कुमारी , पम्मी कुमारी के साथ दिव्यांग संगठन संघ के कई सदस्य मौजूद रहे।

## ब्राउन शुगर एवं देह व्यापार के चपेट में हजारीबाग, सरकार निजात दिलाये : डॉ आरसी प्रसाद मेहता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

हजारीबाग : एकीकृत बिहार का दार्जलिंग कहे जाने वाला हजारीबाग कि क्षवि इन दिनों धूमिल हो रही है. कभी शिक्षा हब बनने कि राह पर अग्रसर रहे इस जिले के नौजवान अब ब्राउन शुगर इत्यादि का शिकार हो रहे हैं . उक्त बातें कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ आर सी प्रसाद मेहता ने कही उन्होंने आगे कहा कि जो व्यक्ति 3 वर्ष तक इस नशा का सेवन करेगा उसका लिवर, हार्ट ,फेफडा इनफेक्टेड होता है जिस कारण उसकी मृत्यु तक हो जाती है . जिले में कोरोना काल के बाद गिट्टी, पत्थर, बालू के कारोबार मे जो कमी आयी तो बेरोजगारी बढ़ी. बेरोजगार ब्राउन शुगर का व्यापार करने लगे जो महिलाएं मजदूरी करती थी वह आज देह व्यापार करने को मजबूर है. जिले में देह व्यापार और ब्राउन शुगर का धंधा जोरों पर चल रहा है . जिला प्रशासन चाहे तो नित्य दिन ब्राउन शुगर माफिया को पकड़ सकती है लेकिन जिला प्रशासन मूकदर्शक बनी हुई है. बालू के लिए हजारीबाग जिले में त्राहि त्राहि मचा हुआ है सरकार मूकदर्शक बनी हुई है. उन्होंने कहा कि कि समाज सेवियों के मांग पर पूर्व के एसपी कार्तिक एस एवं उपायुक्त आदित्य आनंद के द्वारा समय-समय इन सब के खिलाफ अभियान चलाकर माफियाओं पर शिकंजा कसा जाता था जो आज नदारद है.

# खनन विभाग की बड़ी कारवाई

## ईचाक के टेप्सा में अवैध तरीके से पत्थर खनन करने वाले अवैधकर्ताओ पर प्राथमिकी दर्ज




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** उपायुक्त नैंसी सहाय के निदेशानुसार ईचाक थाना क्षेत्र के मौजा टेप्सा में पूर्व से बन्द पड़े खदान में विस्फोटक का उपयोग कर पत्थर तोड़ने का शिकायत के आलोक में जिला खनन पदाधिकारी अजीत कुमार,खान निरीक्षक,ईचाक थाना के मंगल देव उराँव एवं पुलिस बल के साथ संयुक्त रूप से शिकायत स्थल की जाँच की गई। जाँच के क्रम में पाया गया कि अवैधकर्ताओं के द्वारा पत्थर तोड़ने के लिए ड्रील मशीन के माध्यम से सैकाड़ों होल में पत्थर तोड़ने के उद्देश्य से विस्फोटक/बारूद भरा गया था। स्थल पर पहुँचते ही जाँच वाहन को देखकर अवैधकर्ता स्थल से भाग गये। इस स्थल पर रस्सी के सहारे असुरक्षित तरीके से लटक कर मजदूरों द्वारा अवैध पत्थर को तोड़ने का काम किया जा रहा था, जिससे कभी भी गंभीर दुर्घटना घट सकती है। मौजा टेप्सा में किसी भी कम्पनी / व्यक्ति को कोई खनन पट्टा/अनुज्ञा पत्र नहीं है। यह काम पूर्णतः अवैध है, जिससे सरकार को राजस्व का नुकसान हो रहा है। स्थानीय लोगों से पुछताछ एवं जाँच पड़ताल के क्रम में पाया गया कि निम्नलिखित व्यक्तियों द्वारा अवैध कार्य किया जा रहा है, जिनका नाम एवं पता निम्न है :

(1) राज किशोर प्रसाद उर्फ राज किशोर मेहता, पिता पोखनाथ महतो, साकिन गुँजा, थाना ईचाक,

(2) बिक्की कुमार पिता ना मालुम, सा0 कुरहा, थाना ईचाक,

(3) प्रमोद मेहता, पिता तालो महतो, सा0 नगवाँ, पो0 बरियठ, थाना-कोर्रा.

(4) सिकन्दर मेहता, पिता ना मालुम, सा0 मोक्तमा, थाना ईचाक।

(5) रौशन सिंह, पिता रामदरेश सिंह, ग्राम साड़म।

(6) संजय मेहता उर्फ गाँधी मेहता, ग्राम चन्दवारा।

(7) लखन मेहता, पिता ना मालुम, सा0 चपरख, थाना ईचाक।

(8) सुनिल कुमार, पिता ना मालुम, सा0 चपरख, थाना ईचाक।

(9) संतोष मेहता, पिता ना मालुम, ग्राम चन्दवारा, थाना ईचाक, सभी जिला हजारीबाग द्वारा किया जा रहा था।

इस स्थल पर पूर्व में भी उपरोक्त वर्णित अवैधकर्ताओं के द्वारा ही अवैध खनन किये जाने के संदर्भ में कुल पाँच प्राथमिकी क्रमशः काण्ड संख्या 211/20, दिनांक 19.09.2020, काण्ड संख्या 25/22, दिनांक 04.02.2022, काण्ड संख्या 06/23, दिनांक 10.01.2023, काण्ड संख्या 161/23, दिनांक 19.08.2023 एवं काण्ड संख्या 230/23, दिनांक 09.12.2023 दर्ज की गई है। सभी अवैधकर्ता आदतन अपराधी है। वर्णित 09 अवैधकर्त्ता एवं अज्ञात के विरूद्ध विधिवत जप्ती सूची बनाते हुए अवैध खनन बन्द कराने एवं कानूनी कार्रवाई हेतु खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 4/21, झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली 2004 यथा संशोधित 2017 के नियम 4/54 एवं IPC की अन्य सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर दी गई है।

## विष्णुगढ़ अखाड़ा चौक, सुमित ज्वेलर्स से चोर ने उड़ाए लाखो के गहने



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ बंशीधर अखाड़ा चौक,एसबीआई बैंक के बगल में सुमित ज्वेलर्स से करीब 11 बजे चोर ने उड़ाए ढाई से तीन लाख के आभूषण। दुकान संचालक अरविंद कुमार बर्मन ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि मैं किसी कार्यवश हज़ारीबाग जा रहा था। दुकान में अपने बेटे को बिठा कर निकला।इस दौरान एक युवक दुकान में ग्राहक बनकर आया जिसका हुलिया काला शर्ट,जीन्स,हल्की बढ़ी दाढ़ी थी उसने मेरे बेटे से जेवर दिखाने की बात कही डब्बे से जेवर दिखाने के बाद कहा इस तरह का नही कुछ दूसरे डिजाइन का मेरे बेटे ने जेवर से भरे डिब्बे को सामने वाली दराज में रखा और दूसरा डब्बा निकालने लगा इस बीच युवक कुर्सी से उतरकर सामने गद्दे में बैठकर दराज खोलकर सोने से भरे आभूषण के डब्बे को निकालकर दुकान से निकल गया। चोर के निकलने के पश्चात मेरे बेटे को शक हुआ तो दराज खोलकर देखा तो आभूषण से भरा डब्बा गायब था। मेरे बेटे द्वारा फोन पर चोरी जानकारी मुझे दी गई,तब में टाटीझरिया के आगे से पुनः अपने दुकान वापस आ गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि चोर होंडा साइन से आये थे,सफेद शर्ट पहना चोर बाइक को चालू करके रखा था,दुकान से चोर चोरी कर मोटरसाइकिल में बैठ के रफ्फूचक्कर हो गए। इस घटना की लिखित रूप से विष्णुगढ़ थाने में दुकान संचालक अरविंद कुमार द्वारा दी जा चुकी है। समाचार लिखे जाने तक एफआईआर दर्ज नही पाया था।

## वनभोज कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा पार्टी जिसे देगी टिकट हम उसके साथ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ कोनार डैम में राजनीतिक लाभ के उद्देश्य से वनभोज का आयोजन किया गया। जिसमें भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं को अँधेरे में रखकर कहा गया कि यह वनभोज हज़ारीबाग लोकसभा में भाजपा के मनीष जायसवाल की जीत की खुशी में आयोजित किया गया है। इस वनभोज कार्यक्रम में टाटीझरिया मंडल अध्यक्ष समेत मंडल के पदाधिकारी,विष्णुगढ़ पूर्वी मंडल अध्यक्ष नारायण महतो समेत मंडल के पदाधिकारी,विष्णुगढ़ पश्चिमी से सिर्फ मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल,कोई भी मंडल पदाधिकारी मौजूद नही था। वनभोज कार्यक्रम में चर्चा के दौरान सुशील कुमार महतो को उनके समर्थकों द्वारा भाजपा से माण्डू विधानसभा के लिए प्रत्याशी बनाने का प्रस्ताव रखा गया। इस पर विष्णुगढ़ पूर्वी मंडल अध्यक्ष नारायण महतो, टाटीझरिया कार्यकारी मंडल अध्यक्ष ने कहा हमलोग पार्टी के सिपाही है,पार्टी जिस भी कार्यकर्ता को टिकट देगी हमसब उसके साथ है।विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल के पूर्व मंडल अध्यक्ष डोमन प्रसाद गुप्ता एवं मंडल पदाधिकारियो ने कहा कि सुशील कुमार महतो अभी हाल के दिनों में ही जेबीकेएसएस की बैठकों में भाग लिया था,लोकसभा चुनाव में भी इनका रोल कही दिखाई नही पड़ा ऐसे में हमसबों को इसी बात की शंका थी,की वनभोज के आयोजन का लाभ उठाकर गलत संदेश दिया जा सकता है। इस कारण विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल के अलावे विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल से कोई भी पदाधिकारी कोनार वनभोज में शामिल नही थे।

## बिजैया पंचायत में कांग्रेस पार्टी बूथ कमिटी की हुई बैठक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही प्रखंड अंतर्गत विजैया पंचायत भवन में कांग्रेस पार्टी की बूथ कमेटी की बैठक हुई। इस मौके पर मुख्य अतिथि अनुसूचित जाति के प्रदेश अध्यक्ष केदार पासवान एवं विशिष्ट अतिथि बरही विधायक उमाशंकर अकेला उपस्थित हुए। बैठक में मलकोको, बिजैया, डापोक भंडारों, कोलहुआकला यानी पांच पंचायत के अध्यक्ष एवं बूथ अध्यक्ष शामिल हुए। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी व संचालन पूर्व मुखिया दशरथ यादव ने किया। इस मौके पर कई कई लोगों ने भाजपा छोड़ कर कांग्रेस का दामन थामा। जिनमें बेलादोहर के विकास यादव, परमेश्वर पंडित छत्रु यादव, चिंतामण रविदास, राजू यादव, डेगलाल रविदास, रूपलाल यादव, रोहित कुमार यादव, सहित अन्य लोग थे।उक्त सभी लोगों को माला पहनाकर स्वागत किए। इस मौके पर विधायक उमाशंकर अकेला ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव में हमारी पार्टी बेहतर जीत सुनिश्चित किया और राहुल गांधी के हाथों को मजबूत किया है। इधर आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए पार्टी पदाधिकारी को अभी से ही जुट जाने को कहा और उपस्थित सभी पंचायत अध्यक्षों को बूथ कमिटी को मजबूत करने पर बल देने का निर्देश दिया। बैठक में उप प्रमुख देवलाल कुशवाहा, पूर्व मुखिया रघुबीर यादव, मुनिलाल ठाकुर, मीना देवी, प्रयाग प्रसाद, मनोज यादव, अशोक ठाकुर,दिनेश यादव, पंसस रोहित यादव, पूर्व मुखिया दशरथ यादव, जागेश्वर यादव सहित अन्य कई लोग उपस्थित थे।

## डालसा के सचिव सहयोग से आधार कार्ड कैंप का सफल हुआ समापन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रविवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) के सचिव राकेश रोशन के पहल पर लोहारबरवा टुंडी रोड स्थित लालमणि वृद्ध सेवा आश्रम में आधार सेवा केंद्र के द्वारा आधार कैंप लगाया गया। शनिवार को ओल्ड एज होम में 16 बुजुर्गों का आधार संबंधीत समस्याओं का निराकरण किया गया तथा दूसरे दिन रविवार को लोहारबरवा टुंडी रोड स्थित लालमनी वृद्धा सेवा आश्रम में आधार कैंप का आयोजन किया। जहां आश्रम में आश्रय ले रहे सभी 18 बुजुर्गों का आधार कार्ड से संबंधित समस्याओं का निराकरण किया गया। दोनों आश्रमों के 34 बुजुर्गों का आधार कार्ड बनाया गया। ओमकार मिश्रा ने कहा डालसा के सचिव राकेश रोशन कुमार ने बुजुर्गों के सुविधाओं के मद्देनजर आधार कार्ड का संज्ञान लिया था जो उनकी पहल पर आज पूर्ण हुआ है। अब आधार कार्ड बनने से भारत सरकार से मिलने वाली सहायता से आश्रम के सभी बुजुर्ग लाभान्वित होंगे। इस दो दिवसीय आधार कैंप के आयोजन के लिए कुमार मधुरेंद्र सिंह, ओंकार मिश्रा, कोषाध्यक्ष प्रशांत वर्मा, एस पंडित, शांति देवी, सुबल सिंह, फिरोज अंसारी, प्रीतम सिंह, शिवानंद ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव रोशन कुमार का आभार प्रकट कर धन्यवाद दिया।

## अखंड हरिनाम संकीर्तन का किया गया आयोजन



**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत पाथरगडिया और उपर नागदा में शनिवार को वार्षिक ओह रात्री अखंड हरिनाम संकीर्तन का अयोजन किया गया। पूजारी दिनेश गोस्वामी और निवास दास वैष्णव ने विधिवत तरीके से पूजा अर्चना किया। परमेश्वर दास एवं टीम बाट बिनोर निवासी बोकारो और गौरी रानी दास एवं टीम कलकता से आये युवा कीर्तनिया परमेश्वर दास वैष्णव के कीर्तन मंडली ने निताई गौउर गुरू वंदना कर कीर्तन का शुभारंभ किया। उपर नागदा में पंडित दिनेश गोस्वामी , कीर्तनकारी मुल गायक गौरी रानी दास, कृष्ण पोदो दास, भगवती दास, प्रियंका दास, अरुण दास, सम्रट दास, कमिटि के अध्यक्ष बादल सिंह, सहयोगी संजय सिंह, अशोक रवानी,संजय महतो, बदरी रवानी, प्रकाश सिंह, बिजय रवानी, जगरनाथ राय, राजकुमार रवानी, बिनोद रवानी, सन्तोष महतो, हराधन राय, महावीर रवानी, जय राम महतो, सीताराम महतो एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे ।

## रैयतों ने गोमो में रोका रेलवे के फ्रेट कॉरिडोर का काम

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** धनबाद रेल मंडल के गोमो-चंदपुरा सेक्शन में चैता गांव के पास चल रहे रेलवे के फ्रेट कॉरिडोर के काम को रैयतों ने रोक दिया। रैयतों के विरोध व हंगामा के चलते करीब छह घंटे तक परियोजना का काम बाधित रहा। स्थानीय रैयत डुमर चंद मंडल, रंजीत मंडल, कृष्णा मंडल, रमाकान्त मंडल, श्रीपद मंडल व आसू मंडल ने बताया कि जिस जमीन पर रेलवे का निर्माण कार्य कर रहा है, वह उनकी खतियानी जमीन है। जमीन को अंचल कार्यालय द्वारा ऑनलाइन नहीं किए जाने व पंजी 2 में सुधार नहीं होने के कारण रेलवे ने अब तक उन्हें मुआवजा का भुगतान नहीं किया है। रैयतों ने पिछले एक साल से तोपचांची अंचल कार्यालय से लेकर धनबाद अपर समाहर्ता तक को आवेदन देकर इंसाफ की गुहार लगाई। मामले का समाधान अब तक नहीं हो पाया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो हमलोग अपनी जमीन पर रेलवे को कम करने नहीं देंगे।

## नीट पेपर लीक घोटाला के खिलाफ कांग्रेस का जुलूस व पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** नीट पेपर लीक घोटाला के खिलाफ रविवार को धनबाद कांग्रेस ने जुलूस निकाल कर रणधीर वर्मा चौक पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन किया। कार्यक्रम का नेतृत्व धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संतोष सिंह व शमशेर आलम सहित अन्य कर रहे थे। रणधीर वर्मा चौक पर पुतला दहन के पश्चात आयोजित सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने इस मामले में नीट के निदेशक पर कोर्ट से हुई कार्रवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट की प्रशंसा की।

## तीसरा थाना पुलिस ने लोहा का पाइप काटते चार लोहा चोर को किया गिरफ्तार, गैस कटर भी बरामद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** झरिया कोयलांचल के लोहा तस्कर और लोहा चोर का आतंक काफी बढ़ गया है। दिन रात बीसीसीएल का लोहा तो काटा ही जा रहा है, पानी सप्लाई और घर के पाइप को भी नही छोड़ा जा रहा है। सारा लोहा झरिया के बनियाहिर बड़ा गोदाम और इंदिरा चौक समीप सजन का गोदाम में जाता है। प्रशासन अगर इन गोदाम पर नकेल कसेगी तो लोहा चोरी बंद हो सकता है। गौरतलब है की तीसरा थाना पुलिस ने गोल्डेन पहाड़ी में लोहे के पानी सप्लाई का पाइप काटते हुए चार लोहा चोर को गैस कटर के साथ गिरफ्तार किया है।

मामले की जानकारी देते हुए सिंदरी अंचल के एसडीपीओ भूपेंद्र प्रसाद रावत ने कहा की तीसरा थाना क्षेत्र में लागतार लोहा चोरी की सूचना मिल रही थी। जिसके आलोक में वरीय पुलिस अधिक्षक के निर्देश पर सिंदरी एसडीपीओ के द्वारा एक विशेष पुलिस टीम का गठन कर छापेमारी की गई जिसमे तीसरा थाना क्षेत्र के गोल्डेन पहाड़ी में पानी सप्लाई के लोहे की पाइप को गैस कटर से काटते हुए चार अपराधी को पकड़ लिया गया। साथ ही गैस कटर को भी जब्त कर लिया गया। गिरफ्तार अपराधी में बदल महतो, शुभस चंद्र महतो, जितेंद्र महतो और उमेश कुमार महतो शामिल है। सभी बलियापुर थाना क्षेत्र के कुसमा टांड़ के रहने वाले है। इस संबंध में तिसरा थाना कांड सं 55/24, धारा-379/411/34 भा0द0वि0 दर्ज किया गया है। छापेमारी दल में थाना प्रभारी सुमन कुमार सहित तीसरा थाना के एएसआई और जवान शामिल थे।

## शांतिपूर्ण लोकसभा चुनाव सम्पन्न कराने को लेकर वरीय पुलिस पदाधिकारियों को किया गया सम्मानित





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** रविवार को गिरिडीह एसपी दीपक कुमार शर्मा के द्वारा लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए कई वरीय पुलिस पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। वही डीआईजी द्वारा प्रदत्त प्रशस्ति पत्र देकर पुलिस अधिकारियों को सम्मानित किया। एसपी ने बताया कि जिन अधिकारियों को सम्मानित किया गया है उनमें जिला भर के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी और पुलिस उपाधीक्षक शामिल हैं। मौके पर एसपी दीपक शर्मा ने यह भी कहा कि इन पुलिस अधिकारियों के अलावा अन्य पुलिस कर्मियों को भी उनके द्वारा सम्मानित कर उनकी हौसला अफजाई की जाएगी। कहा फिलहाल चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न कराने के बाद डीआईजी स्तर से वरीय पुलिस अधिकारियों को सम्मानित किया गया है। जल्द ही चुनाव में अहम भूमिका निभाने वाले अन्य पुलिस कर्मियों की हौसला अफजाई की जाएगी।

### घर बैठे एक वृद्ध महिला का बना हेल्थ कार्ड

## घर-घर जाकर लोगों की सेवा करता रहूंगा : सद्दाम हुसैन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** झारखंड मुक्ति मोर्चा धनबाद महानगर अल्पसंख्यक अध्यक्ष सह वार्ड संख्या 18 के पार्षद प्रत्याशी मोहम्मद सद्दाम हुसैन ने पांडरपाला के रहने वाली एक बुजुर्ग महिला का हेल्थ कार्ड घर जाकर बना कर दिया। सद्दाम हुसैन ने बताया कि हकीमन खातून की बाई हाथ क्षतिग्रस्त हो गया है, जिसके इलाज के लिए हेल्थ कार्ड की आवश्यकता पड़ी तो हकीमन खातून की परिजनों ने मुझसे संपर्क किया। मैंने रात में ही हकीमन खातून के घर जाकर लैपटॉप के माध्यम से मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत हेल्थ कार्ड बना कर दिया ताकि हकीमन खातून का इलाज में सहूलियत हो सके। सद्दाम हुसैन ने लोगों से आग्रह भी किया कि अपनी अपनी हेल्थ कार्ड जरूर बनवा कर रखें क्योंकि परेशानियां बोलकर नहीं आती है बल्कि अचानक से आ जाती है। ऐसे मे मध्यम वर्ग के लोग पैसों के अभाव के कारण घबराने लगते हैं। ऐसी स्थिति में झारखंड सरकार द्वारा दी जाने वाली योजना मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत हेल्थ कार्ड एक वरदान साबित होता है। मौके पर झामुम नेता कमाल हुसैन खान उपस्थित थे।

## पुण्यतिथि पर याद किए गए झारखण्ड आंदोलनकारी स्व. गणेश महतो

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बगोदर :** झारखंड आंदोलनकारी स्व.गणेश महतो की प्रथम पुण्यतिथि में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय बरवाडीह, अड़वारा के प्रांगण में किया गया। टूर्नामेंट का उद्घाटन झारखण्ड आन्दोलन कारी कन्हैया प्रसाद महतो ने विधिवत फीता काट किया। कार्यक्रम प्रारम्भ होने के पूर्व झारखण्ड आंदोलन कारी स्व0 गणेश महतो के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी दी गई वहीं टूर्नामेंट में कुल 12 टीमें भाग लिया था। जिसमें फाइनल मैच तुकतुको बनाम पहाड़पुर के बीच खेला वहीं तुकतुको की टीम ने अपने प्रतिद्वंद्वी को 24 रण से हराकर टूर्नामेंट का किताब अपने नाम कर लिया। मैंच में बेहतरीन कॉमन्टेटर की भूमिका गोवर्धन महतो ने किया। विजेता टीम



को डॉ0 संगीता कुमारी ने 4100 रुपये का चेक देकर प्रोत्साहित किया वहीं उपविजेता टीम को 3100 रू की चेक छोटन प्रसाद छात्र ने दिए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सामाजिक आंदोलनकारी छोटन प्रसाद छात्र ने कहा कि झारखंड आंदोलन में गणेश महतो ने अहम भूमिका निभाया थे। झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक सदस्य रहे1972से झारखंड आंदोलन में शरीक रहे साथ ही सामाजिक सुधार के लिए भी वे हमेशा समर्पित रहे ।कुडमी समाज के लिए समाज उत्थान के लिए कार्य किए बहु-विवाह प्रथा, विवाह के छोड़ छाड़ को रोकने, बाल विवाह रोकने में भी अहम भूमिका निभायें है। आज उनके कमी समाज में महसूस हो रहा है। पुण्य तिथि में चार फलदार वृक्ष भी लगाया गया। टुर्नामेन्ट के सफल आयोजन में रामेश्वर महतो मनोज महतो अजय कुमार, प्रतिमा राज प्रमिला कुमारी, राजेश कुमार, केदार महतो, सुधीर प्रसाद, राजू सिंह, अनिल महतो, चुरामन महतो, गुलाबचंद प्रसाद समेत लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाया।

## अंतरराष्ट्रीय ओलम्पिक दिवस के अवसर पर एक दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** रविवार को गिरिडीह ज़िले में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय झारखंड रांची के निर्देश के आलोक में जिला खेल कार्यालय गिरिडीह द्वारा एथलेटिक्स, फुटबॉल और बैडमिंटन का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से 14 वर्ष वर्ग के खिलाड़ियों द्वारा भाग लिया गया । उक्त कार्यक्रम में मुख्य अथिति के रूप में विजय सिंह बिरुवा, अपर समाहर्ता एवं विशिष्ट अथिति के रूप में पवन कुमार, खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

सभी अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया।



मुख्य अतिथि अपर समाहर्ता विजय सिंह बिरुवा ने सभी खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला खेल पदाधिकारी अर्जुन बरला के साथ उनकी टीम चंद्रभूषण शुक्ला, ज़िला खेल समन्वयक, रघु राज रोशन, प्रशिक्षक, आवसीय फुटबॉल प्रशिक्षण केंद्र गिरिडीह, मुकेश कुमार राम, प्रशिक्षक, बैडमिंटन डे बोर्डिंग क्रीड़ा प्रशिक्षण केंद्र, मनोवर अंसारी एवं सभी तकनीकी सदस्यों का अहम योगदान रहा।

**सभी आयोजित हुए खेल प्रतियोगिता के परिणाम :-** एथेलेटिक्स, ।) 60 मी0 दौड़ ( बालक), प्रथम स्थान- अर्नव राज, द्वितीय स्थान- मो0 समर, तृतीय स्थान- आदित्य राज, II) 60 मी0 दौड़ (बालिका), प्रथम स्थान- जोनशी हंसदा, द्वितीय स्थान- साक्षी सुप्रिया, **तृतीय स्थान- अदिति**

III) 600 मी0 दौड़ (बालक), प्रथम स्थान- प्रेम कुमार दास, द्वितीय स्थान- कुंदन कुमार, तृतीय स्थान- प्रेमांशु, IV)600 मी0 (बालिका), प्रथम स्थान- वर्षा कुमारी, द्वितीय स्थान- रोजिलाइन हंसदा, तृतीय स्थान- राजनंदनी कुमारी, V) लोंग जम्प (बालक)। प्रथम स्थान- मो0 समर।

## दो जिगरी दोस्तों के शव पहुंचते ही मनईटांड़ में पसरा मातम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** झरिया में रहने वाले दोस्त की मां के अंतिम संस्कार में शामिल होने मोहलबनी घाट गए दो जिगरी दोस्त करण कुमार आर्या व सचिन तुरी की दामोदर नदी में नहाने के दौरान डूबने से मौत हो गई थी। दोनों युवक धनबाद के मनईटांड़ कुम्हारपट्टी के रहने वाले थे। पोस्टमार्टम के बाद दोनों का शव मनईटांड़ कुम्हारपट्टी पहुंचा। शव आते ही माहौल गमगीन हो गया। करण के शव से लिपटकर मां विलाप कर रही थी। मां यह कहते हुए बेसुध हो रही थी कि कहां खो गया लाल, किसी तरह वापस आ जा। वहीं उसके पिता प्रेम प्रकाश आर्या एक कोने में खड़ा होकर सिसक रहे थी। सचिन के शव से लिपटकर बहन और मां दहाड़ मारकर रो रही थीं।

दो जिगरी दोस्तों के एक साथ शव देख वहां मौजूद सभी लोगों की आंखे नम हो गई। करण आर्या मेडिकल कंपनी में एमआर का काम करता था। उसके पिता प्रेम कुमार आर्या एक बैंक में गाड़ी चलाते हैं। सचिन धनबाद की मेडिकल दुकान में काम करता था। दोनों परिवार मनईटांड़ कुम्हारपट्टी में उदित नारायण सिंह के मकान में वर्षो से भाड़ा पर रहते आ रहे हैं। दोनों जिगरी दोस्तों के शव को एक साथ एक ही वाहन से मटकुरिया श्मशानघाट ले जाकर अंतिम संस्कार कर दिया गया।

## धनबाद रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की संपत्ति उड़ाने वाली लेडी गैंग का भंडाफोड़, चार गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** धनबाद रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की संपत्ति उड़ाने वाली लेडी गैंग का भंडाफोड़ हुआ है। दो नाबालिग समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में रेसुब पोस्ट धनबाद के अधिकारी व स्टाफ रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या 07 पर समय करीब 11:30 बजे ट्रेन संख्या 13351 धनबाद-अल्लेपी एक्सप्रेस के कोच संख्या स5 पर तीन महिला एवं एक लड़का को संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिये जो देखकर भागने लगे।

तीन महिला एवं एक लड़का को दौड़ाकर पकड़ा गया। पकड़ाए महिलाओं ने अपना नाम भारती टुडू, उम्र-19 वर्ष, पति-पवन टुडु, पता-चंद्रपुरा स्टेशन के पास ओम निवास के पीछे, थाना-चंद्रपुरा, जिला-बोकारो (झारखंड), गोद में एक 4 महीने की बच्ची, जिसका नाम निकिता, तनु कुमारी, उम्र-15 वर्ष, पिता-संजु गोप, पता-चंद्रपुरा स्टेशन के पास ओम निवास के पीछे, थाना-चंद्रपुरा, जिला-बोकारो (झारखंड), शीतल कुमारी, उम्र-14 बर्ष, पिता-संजु गोप, पता-चंद्रपुरा स्टेशन के पास ओम निवास के पीछे, थाना-चंद्रपुरा, जिला-बोकारो और एक लड़का ने अपना नाम देवा पाँसे, उम्र-11 बर्ष, पिता-संजय पाँसे, पता-हटिया स्टेशन के पास, थाना-हटिया, जिला-रांची (झारखंड) बताया।

चेक करने पर भारती टुडू के पास से पर्स मिला, जिसमे एक इंडसइंड बैंक का डेबिट कार्ड, अरून मडैया नामक व्यक्ति का वोटर कार्ड एवं आधार कार्ड, ललिता मडैया नामक महिला का वोटर कार्ड, आधार कार्ड, श्रम कार्ड, जिस पर मोबाईल संख्या 6287865750 अंकित है तथा 1500/- रुपये नकद मिला, तनु कुमारी के पास से पर्स मिला, जिसमे एक जोड़ी चांदी का पायल एवं एक गले का चेन एवं चांदी का हनुमान जी का लॉकेट, शीतल कुमारी के पास से लेडिस पर्स, जिसमे 600 रुपए नकद मिला तथा देवा पाँसे के पास से पर्स मिला, जिसमें कुल 71,400/- रुपये तथा रुस्तम अली नामक व्यक्ति का आधारकार्ड, पैन कार्ड मिला। जिसके बारे में पूछने पर उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। कड़ाई से पूछने पर सभी ने बताया कि हमलोग गरीब लोग है तथा अपना भरण-पोषण के लिए कभी-कभी ट्रेन से रेलयात्री का पर्स चोरी कर लेते हैं।

## अखिल भारतीय रेलवे सुरक्षा बल शूटिंग प्रतियोगिता का समापन समारोह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर :** अखिल भारतीय रेलवे सुरक्षा बल शूटिंग प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 19.06.2024 से 22.06.2024 तक बिहार रेजीमेंट सेंटर दानापुर के फायरिंग रेंज पर किया गया जिसमें पूरे भारतवर्ष से विभिन्न क्षेत्रीय रेलों के रेलवे सुरक्षा बल के प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसमें राइफल, पिस्टल एवं कार्बाइन की विभिन्न फायरिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।





प्रतियोगिता का समापन समारोह आज दिनांक 23.06.2024 को अधिकारी क्लब महिंद्रू घाट पटना में आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि महाप्रबंधक पूर्व मध्य रेल तरुण प्रकाश द्वारा विजेताओं को पदक एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर पूर्व मध्य रेल के प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त अमरेश कुमार सहित रेलवे सुरक्षा बल के मुख्यालय एवं मंडलों के अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित थे । इस प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ टीम का खिताब दक्षिण रेलवे ने विजेता जीता जबकि रेलवे सुरक्षा विशेष बल (RPSF) की टीम उपविजेता रही। इसके अतिरिक्त पूर्वोत्तर रेलवे के प्रधान आरक्षी राजेश यादव कार्बाइन एवं राइफल प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ फायरर घोषित किए गए।

## रास्ते में बहाया जा रहा है घर का गंदा पानी, जिससे लोगों को आवागमन में हो रही है परेशानी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिरनी :** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पड़रिया में एक व्यक्ति के द्वारा रास्ते में घर का गंदा पानी बहाए जाने से लोगों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस बीच ग्रामीणों ने बताया कि रास्ते के बगल से ग्रामीण विकास विभाग के तहत नाली बनवाया गया था, जिस नाली को गांव के हीं कुछ लोगों के द्वारा भर दिया गया, इतना हीं नहीं 15वीं वित्त योजना के तहत घरेलू पानी के निबटान के लिए



सोख्ता गड्ढा भी बनाया गया है फिर भी पानी को रास्ते पर बहाया जा रहा है। जिसके कारण लोगों को इस प्रकार की परेशानी को झेलना पड़ रहा है। आपको बता दें कि उक्त रास्ता ग्राम चानो से रूपायडीह, मुरैना, मनिहारी, राजमानिया एवं वृंदा होते हुए विराजपुर को जोड़ती है जिसमें प्रतिदिन हजारों लोग गुजरते हैं इतना हीं नहीं ग्राम वृंदा में स्थित मां वृंदावासिनी के मंदिर में सैकड़ों श्रद्धालु पूजा पाठ करने के लिए प्रतिदिन इसी रास्ते से गुजरते हैं। ग्रामीणों को चिंता है कि गर्मी के दिन में ऐसा हाल है तो आने वाले बरसात के दिनों में पूरे रास्ते को कहीं गंदी नाली में तब्दील न कर दिया जाए।

## चलते चलते एक नजर

### स्वास्थ्य विभाग में भ्रष्टाचार स्वीकार्य नहीं : देवेंद्र नाथ महतो

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : सिल्ली विधान राहे प्रखण्ड अंतर्गत बी नावाडीह पंचायत कोटांगदाग ग्राम में निर्माणधीन उप स्वास्थ्य केंद्र में गड़बड़ी निर्माण कार्य का शिकायत पाने पर तत्काल कार्य स्थल पर जेबीकेएसएस केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष देवेंद्र नाथ महतो ने पहुंचा और निरीक्षण किया, तो पाया कि छत का ढलाई अधूरा है तथा छज्जा गिरा हुआ है। निरीक्षण के उपरांत कार्य का क्वालिटी का जानकारी मिस्त्री, लेबर ,मुंशी, ठिकेदार से लिया तत्पश्चात विभागीय इंजीनियर से बात कर क्वालिटी कंट्रोल टेस्ट रिपोर्ट और एग्रीमेंट पेपर लेकर ग्रामीण के साथ बैठक कर एग्रीमेंट के अनुरूप काम करने को कहा। मौके पर देवेन्द्र नाथ महतो ने कहा कि जनता का टैक्स का पैसा से बना सार्वजनिक भवन निर्माण में गड़बड़ी बर्दास्त नहीं किया जायेगा। गड़बड़ी का जांच कर दोषीदार को करवाई किया जाय अन्यथा आंदोलन के बाध्य होंगे जिसका जवाब देही विभाग की होगी।

### गुरुद्वारा में अरदास के साथ बस तुम हिंदी गाना का टीसर हुआ लॉन्च

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : मेन रोड गुरुद्वारा में अरदास के साथ बस तुम हिंदी म्यूजिक वीडियो का टीसर सिनबुल्स यूट्यूब चैनल से रिलीज़ किया गया। बस तुम हिंदी गाना को गया है झारखंड के लोकप्रिय गायक विवेक नायक ने और इस म्यूजिक वीडियो को डायरेक्ट किया है सुमित सचदेवा ने। इसके प्रोड्यूसर हैं अतुल मल्होत्रा , मुख्य किरदार निभाया है निक शर्मा और प्रिया वर्मा ने,इसकी शूटिंग रांची के खूबसूरत लोकेशन मे की गयी है और इसे एडिट किया है सुमित सिन्हा, कांसेप्ट और सिनेमाटोग्रैफी सुमित सचदेवा, प्रोडक्शन हेड कुणाल भारती, लिरिक्स ओम जी, म्यूजिक डायरेक्टर जयंत डोराई और साकेत साल्ट रिकार्ड , लाइन प्रोड्यूसर विक्रम साबू, स्टील फोटोग्राफी अरमान अंसारी , फोकस अमन, मेकअप जया ड्रोन संतोष ,प्रॉडक्शन हाउस सीने बुल्स रांची।

### रांची में बैंक ऑफ महाराष्ट्र के एटीएम रूम का सायरन बजने पर दौड़ी पुलिस



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : राजधानी के सुखदेव नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत किशोरगंज रोड पर स्थित बैंक ऑफ महाराष्ट्र के एटीएम रूम का सायरन रविवार को अचानक बजने लगा। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल की। बताया गया कि मशीन के कार्ड स्ट्रिप को बदलने की कोशिश की गई थी। इसी वजह से सायरन बजने लगा था। सायरन बजने के बाद पुलिस ने बैंक के मैनेजर को बुलाया और उनसे एटीएम में छेड़छाड़ की जांच करने को कहा। एटीएम के कार्ड स्ट्रिप के जांच करने पर कोई गड़बड़ी नहीं मिली। थाना प्रभारी ने बताया कि जांच के दौरान एटीएम में कोई गड़बड़ी नहीं पाई गई है। सीसीटीवी फुटेज सहित अन्य बिंदुओं पर जांच की जा रही है।

# कुंबा खुर्द में ढाई एकड़ में लहलहा रहा है नीबू की बागवानी

**श्रवण पासवान @ प्रभात मंत्र**

**बंशीधर नगर:** सरकार द्वारा चलाई जा रही सरकारी योजनाओं के संबंध में आम तौर पर नेगेटिव सोच ही लोगो के दिमाग मे घर कर बैठी है।लोगो का मानना है कि सरकारी योजनाओं में व्यापक रूप से भ्रष्टाचार विराजमान है।चाहे वो विकास की योजनाएं हो या मनरेगा द्वारा संचालित मजदूरों को मजदूरी उपलब्ध कराने वाली योजनाए ही क्यों ना शामिल हो।जब कि सिक्के के और दूसरा पहलू भी है।जहाँ की हकीकत लोगों की सोच से एकदम परे है।मनरेगा योजना द्वारा चलाई जा रही मत्वकांक्षी योजना मुख्यमंत्री बिरसा हरित बागवानी योजना के तहत किया जा रहा आम बागवानी भी शामिल है।जिसके तहत किसानों द्वारा अच्छा कार्य भी किया जा रहा है।उसी कड़ी में सरकार द्वारा कई बार सम्मानित नगर उंटारी प्रखंड के कुंबाखुर्द ग्राम के निवासी किसान रामकेश चौधरी कि बात करे तो सरकार द्वारा चलाये जा रहे मनरेगा से उन्हें विशेष नीबू बागवानी करने का विशेष अधिकार से तत्कालीन उपायुक्त द्वारा दिया गया है।जब कि नीबू बागवानी की योजना सरकारी योजना में लिस्टेड नही है।फिर भी मुख्यमंत्री बिरसा हरित बागवानी योजना लाभुकों की आय बढ़ाने में मिल का पत्थर साबित हो रहा है।नगर उंटारी प्रखंड के कुम्बा खुर्द ग्राम निवासी 62 वर्षीय प्रगतिशील किसान रामकेश चौधरी के लगन, परिश्रम व अनुभव के कारण लगभग ढाई एकड़ भूमि में उनके बागवानी के पौधे लहलहा रहे हैं। वर्तमान में उन्हें लगभग एक लाख रुपये प्रतिवर्ष की आय हो रही है।हालांकि उनके पौधे जब सामान्य रूप से फल देने लगेंगे तो उनकी आय कई गुनी बढ़ जाएगी।उन्होंने बताया कि वर्ष 2022 में उन्होंने बिरसा हरित बागवानी योजना के तहत नींबू बागवानी लगाया है.हालांकि इस योजना के तहत आम बागवानी ही लगाये जाने का प्रावधान है.

*** सरकारी मदद से बदल रही है किसानों की मानसिकता,बदल रहे है खेती का ढंग**

**रामकेश चौधरी के बागवानी में है सैकड़ों फलदार पौधे:** ढाई एकड़ भूमि पर नींबू के 125 पौधे,महोगनी के 50, अन्नानास के 1000 पौधे,मौसम्मी के 10 पौधे,अमरूद के 10 पौधे,स्ट्रावेरी, ड्रैगन फ्रूड के 20 पौधे,पपीता के 20 पौधे,नारियल के 5 पौधे तथा कटहल व आँवला के 10-10 पौधे लगाये हैं.इसके अलावे उक्त भूमि में मौसमी साग-सब्जी भी उगाते है.उन्होंने जापानी घास का पौधा,गुलाब,गेंदा के फूल सहित पूरे वर्ष फल देने वाला आम का पौधा भी लगाया है.बागवानी में पानी की कमी नही हो इसके लिये उन्होंने बोर कराकर उसमे मोटर लगाया है जिससे पौधों की सिंचाई समय-समय पर किया जा सके।वे अपने घर से अलग बागवानी के बीच ही रहने के लिये अपना झोपड़ी बनाया हुआ है।उन्होंने बताया कि अब वे अपना पूरा समय बागवानी को ही समर्पित कर दिया है।उनके कार्यो में उनकी पत्नी उनका पूरा साथ दे रही हैं। वे अपनी बागवानी की देख रेख पत्नी के साथ करते है तथा मजदूरों का सहयोग भी लेते है।



**रामकेश चौधरी को जरूरत है एक तालाब की**

बागवानी की सिंचाई के लिये उन्हें एक तालाब की जरूरत है। श्री चौधरी ने बताया कि गर्मी के दिनों में जल स्तर नीचे चले जाने के कारण बागवानी की सिंचाई के लिये बोर का पानी कम पड़ जाता है।उन्होंने कहा कि अगर एक तालाब मिल जाता तो पानी की समस्या हमेशा के लिये समाप्त हो जाता।तालाब के लिये उनके पास भूमि उपलब्ध है।

**प्रगतिशील किसान हैं रामकेश चौधरी** : 62 वर्षीय रामकेश चौधरी ने बताया कि प्रगतिशील किसान होने के कारण वे सरकारी खर्च पर कई कृषि विश्व विद्यालयों में प्रशिक्षण भी प्राप्त किया है। उन्होंने बताया कि वे बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के साथ साथ गुजरात,महाराष्ट्र, आंध्रप्रदेश के कृषि विश्वद्यालयों में भी प्रशिक्षण प्राप्त किया है।उन्होंने बताया कि कृषि वैज्ञानिक नागराज द्वारा उन्हें सम्मानित भी किया गया है।

# आकाश आनंद फिर बने मायावती के उतराधिकारी



**एजेंसी**

**लखनऊ :** आकाश आनंद एक बार फिर से बसपा के नेशनल कोऑर्डिनेटर बन गए हैं। सोमवार को लखनऊ में हुई बैठक में यह फैसला किया किया। मायावती ने आकाश आनंद को वापस से वही पद सौंप दिया है। इस मौके पर मायावती ने कहा कि बसपा आने वाले चुनावों में मजबूती के साथ लड़ती हुई दिखेगी। साथ ही वह किसी भी पार्टी के साथ गठबंधन करने नहीं जा रही है। वह अकेले ही चुनाव लड़ेगी। बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती की भतीजे आकाश आनंद से नाराजगी दूर हो गई है। दरअसल, उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में बसपा प्रमुख मायावती ने लोकसभा चुनाव में हार के बाद राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक की। बैठक में भतीजे आकाश ने मायावती के पैर छुए।लोकसभा चुनाव के दौरान अपनी एक स्पीच के बाद मायावती ने उन्हें इस पद से हटा दिया था। तब मायावती ने कहा था कि उन्हें अनुभव नहीं है। अभी उन्हें अनुभव हासिल करना होगा। बसपा सुप्रीमो मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को उत्तराखंड व पंजाब विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी का स्टार प्रचारक बनाया था। लोकसभा चुनाव में पार्टी की हार की रविवार को होने वाली समीक्षा बैठक से पहले उनके इस फैसले को अहम माना जा रहा था। इस फैसले ने इस बात का इशारा दे दिया था कि आकाश आनंद की सक्रिय राजनीति में वापसी होने जा रही है।

# सांसद वीडी राम ने किया महत्वपूर्ण योजनाओं के कार्य प्रगति की समीक्षा बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम ने पलामू जिला समाहरणालय सभागार में केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं मुख्य रूप से मेदिनीनगर फेज 2 पेयजलापूर्ति योजना, सोन-कोयल-ओरंगा पाइपलाइन सिंचाई योजना, भारत माला प्रोजेक्ट के तहत एनएच 75 एवं 98 का फोरलेन सड़क एवं फोरलेन बाईपास निर्माण के कार्यो की समीक्षा बैठक किया। श्री राम ने क्षेत्र की विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर भी चर्चा की। नल जल योजना के तहत पलामू जिला अंतर्गत विभिन्न जगहों पर खराब पड़े जल मीनार एवं चापानल को चिन्हित कर यथाशीघ्र दुरुस्त कराने का निदेश सम्बंधित पदाधिकारियों को दिया और कहा की इस तपिश भरी गर्मी में लोगों को पीने के पानी जैसी मूलभूत



सुविधाओं से वंचित नहीं किया जा सकता। उन्होंने नल जल योजना के तहत अपने प्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं एवं मंडल अध्यक्षो से खराब पड़े जलमीनार एवं चापानलों की मंगाई गई विस्तृत सूची को भी सुपुर्द किया। विभिन्न योजनाओं की धीमी गति के कारण सांसद ने पदाधिकारियों को ससमय पूरा करने का निदेश दिया।सांसद ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 75 एवं एनएच 98 के फोरलेन सड़क के कुछ जगहों पर रुके हुए कार्यो को भी जल्द ही शुरू करा दिया जाएगा। कुछ स्थानों पर लोगों को मुआवजा मिल गया है और कुछ मुआवजे की राशि बाकी है। जिसके कारण कार्य बाधित है। उसे अविलंब मुआवजा प्रदान करने का निदेश दिया ताकि निर्माण कार्य जल्द पूर्ण हो सके। वहीं अन्य योजनाओं में भी तीव्रता लाने हेतु संबधित पदाधिकारियों को स्पष्ट दिशा निदेश भी दिया।।इस अवसर पर डीडीसी रवि आनन्द, आयुक्त मेदिनीनगर नगर निगम, अपर समाहर्ता कुन्दन कुमार सहित अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

# मनरेगा में गाय शेड के नाम पर हजारों का हुआ घोटाला

*** लाखों की योजना में हजारों का लिया गया रिश्वत**

*** संवेदक ने अधिकारियों का रिश्वत का न्यौता लाभुक को सौंपा**



**अखिलेश कुमार @ प्रभात मंत्र**

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के करसो पंचायत में मनरेगा से रमेश यादव का गाय शेड बना हैं जिसका कार्य कलाप सही नहीं हैं और गाय शेड हवादार और उसमे बड़ा नाद बनाना था लेकिन लाभुको द्वारा पाइप पर गाय शेड पुराने दीवार से जोड़कर निर्माण करा दिया गया जबकि गाय शेड का अपना चार दिवारी होना चाहिए लेकिन धरातल पर ऐसा कुछ नहीं हैं और वहीं गाय शेड में पशु के जगह पर इंसान का रैन बसेरा बना हुआ हैं ऐसा ही हाल करसो पंचायत में देखने को मिल रहा हैं।वहीं आरके ट्रेडर्स के संवेदक एस कुमार यादव की मिली भगत से सरकारी पैसों का बंदरबाट कर लिया गया वहीं लाभुक रमेश यादव का भाई देवनाथ यादव ने बताया कि रमेश यादव मेरा भाई हैं जिसका नाम से गाय शेड पास हुआ था लेकिन गाय शेड बनाने का काम मुझे करने को कहा था जो गाय शेड बनकर तैयार हो गया। जिसका राशि संवेदक के खाता में गया और संवेदक द्वारा रमेश यादव को चालीस हजार रुपया दिया गया और अधिकारी व जनप्रतिनिधि को रिश्वत देने का नाम पर हमारा गाय शेड का पचास हजार रुपए संवेदक द्वारा हड़प लिया गया और जब इसकी शिकायत अधिकारियों के पास करने को कहा तो संवेदक ने दो हज़ार रुपया और अधिक देने की बात कहीं थीं लेकिन महीनों गुजर गया पैसा अभी तक नहीं मिला और देवनाथ यादव ने बताया कि संवेदक ने रिश्वत के नाम पर बीडीओ को पांच हज़ार,बीपीओ पांच हजार,जेई पांच हज़ार, ऐई दो हज़ार,मुखिया छह हज़ार,ऑपरेटर पांच हज़ार,संवेदक तीन हज़ार,रॉयल्टी उंचालिस सौ,जीएसटी तेतालिस सौ, रोज़गार सेवक पांच हज़ार,पंचायत सेवक पांच हज़ार कुल राशि पचास हज़ार सात सौ सभी को देना हैं जबकि तुम्हारा कुल राशि बानवे हज़ार नौ सौ हो रहा हैं जिसमे रमेश यादव का बाइस सौ रुपया निकल रहा हैं जो कभी भी दे देंगे।इधर इस संबंध में संवेदक एस यादव ने कहा कि रमेश यादव का गाय शेड बना है और उसको 48 हजार रुपए कुल राशि दे दिए हैं और बाकी पैसों का सामग्री रमेश यादव को दिया था।

### रांची में 20 सितंबर से शुरू होगा सांसद खेल महोत्सव

**रांची :** रांची में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन 20, 21 और 22 सितंबर 2024 को किया जाएगा। रांची लोकसभा क्षेत्र स्तरीय होने वाले इस महोत्सव में दर्जन भर खेल शामिल होंगे। इसका आयोजन का उद्देश्य 2036 में भारत में होने वाले ओलंपिक में झारखंड से अधिक से अधिक खिलाड़ियों की भागीदारी सुनिश्चित करना है। इस निमित्त केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह स्थानीय सांसद संजय सेठ ने तैयारी का जायजा लिया। यह महोत्सव झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित किया जाएगा। केंद्रीय राज्य मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि 2036 में होने वाले ओलंपिक में भारत के खिलाड़ी अधिक से अधिक पुरस्कार जीते। अपनी सशक्त भागीदारी निभाएं। प्रधानमंत्री के इसी सपने को पूरा करने के उद्देश्य से रांची में 20, 21 और 22 सितंबर को संसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

# बिहार में अब हुआ तीसरा पुल हादसा

**पूर्वी चंपारण में निर्माणाधीन पुल का एक हिस्सा गिरा**

**एजेंसी**

**पटना :** एक सप्ताह के अंदर बिहार में अब तीसरा पुल हादसा हुआ है। इस बार पूर्वी चंपारण के घोड़ासहन प्रखंड में डेढ़ करोड़ की लागत से बन रहा निर्माणाधीन पुल भरभरा कर गिर गया। अब इसका वीडियो वायरल हो रहा है। लोग बिहार सरकार पर सवाल खड़ा कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि घोड़ासहन प्रखंड अमावा से चैनपुर स्टेशन की ओर जाने वाली सड़क पर बन रहे पुल की ढलाई का काम कई दिनों से चल रहा था। शनिवार को पूल के एक हिस्से की ढलाई भी हुई थी। अचानक रात में करीब 40 फीट लंबा हिस्सा गिर गया। लोगों का कहना है कि पुल निर्माण में गुणवत्ता का कोई ख्याल नहीं रखा गया था। पुल में इस्तेमाल की गई सामग्रियों की गुणवत्ता काफी खराब है। इसलिए अररिया के बकरा नदी पर जैसे पुल हादसा हुआ था, वैसा ही हाल यहां भी हुआ।लोगों ने कहा कि अब सवाल उठता है कि ढलाई के वक्त ही पूल ध्वस्त हो जा रहा है। इसकी गुणवत्ता क्या होगी? इसके लिए कौन जिम्मेवार है? बिहार सरकार इस मामले की जांच करे और जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई करे। इधर, पुल हादसे के विरोध में लोगों ने जमकर नारेबाजी की। गिरे हुए पुल के सामने ग्रामीण खड़े हो गए इसके बाद नारेबाजी करने लगे।



**मुख्यमंत्री ने बुरुडीह डैम को राष्ट्रीय स्तर पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किए जाने को लेकर अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश**

# बुरुडीह डैम को बेहतरीन पर्यटन स्थल के रूप विकसित करना प्राथमिकता : चंपाई सोरेन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने पूर्वी सिंहभूम जिला स्थित बुरुडीह डैम का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने अवलोकन के क्रम में बुरुडीह डैम को राष्ट्रीय स्तर पर एक बेहतरीन पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किए जाने को लेकर अधिकारियों को कई अहम दिशा-निर्देश दिए। मौके पर मुख्यमंत्री ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी सरकार राज्य के कई नए पर्यटन स्थलों को बढ़ावा देने हेतु प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड प्रकृतिक सुंदरता के दृष्टिकोण से एक बहुत ही आकर्षक राज्य है। यहां पर्यटन की प्रबल संभावनाएं है। यही कारण है कि हमारी सरकार राज्य में चिन्हित धार्मिक, आध्यात्मिक स्थलों सहित पहाड़, फॉल आदि आकर्षक जगहों को विकसित करने के उद्देश्य से कार्य योजना बना रही है।

**डैम का पानी आस-पास क्षेत्र के किसान वर्ग को उपलब्ध कराएंगे:** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड आंदोलन के समय ही व्यक्तिगत रूप से मैं जंगल से घिरे हुए इस ऐतिहासिक बुरुडीह डैम की खूबसूरती से परिचित हूं, इस डैम का सर्वांगीण विकास हो, यह पहले से ही मेरे मन में था। इस डैम



का पानी बुरुडीह आस-पास क्षेत्र के किसान वर्ग को मिले इसी उद्देश्य से हमारी सरकार आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार हर सेक्टर में विकास की एक लम्बी लकीर खींचने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

**डैम में पर्यटन को बढ़ावा देने वाले सभी मूलभूत व्यवस्थाएं उपलब्ध होगी:** मुख्यमंत्री ने कहा कि बुरुडीह डैम का सौंदर्यीकरण कार्य सहित राष्ट्रीय स्तरीय पर्यटन के सभी जरूरी व्यवस्थाओं को एक निश्चित समय सीमा के अंदर पूरा करना सुनिश्चित यह राज्य सरकार का लक्ष्य है। यहां गेस्ट हाउस, खेल मैदान, पार्क निर्माण इत्यादि सभी कार्य प्राथमिकता के तौर पर किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के विभिन्न राज्यों से लोग इस पर्यटन स्थल में आकर यहां की खूबसूरती का आनंद ले सकें, इस निमित्त डैम को कनेक्ट करने वाला सड़क सहित बिजली, पानी और पर्यटकों के ठहरने की पूरी सुविधा उपलब्ध करायी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बुरुडीह डैम को विकसित कर घाटशिला क्षेत्र को एक नई पहचान देनी है। मौके पर मुख्यमंत्री ने वृक्षारोपण किया तथा पेड़ों में रक्षासूत्र बांधकर वृक्ष को संरक्षित करने का संदेश भी दिया।

**अधिकारियों को दिए निर्देश:** मुख्यमंत्री ने अवलोकन के दौरान अधिकारियों से राज्य सरकार द्वारा बुरुडीह डैम में किए जाने वाले कार्य योजना की विस्तृत जानकारी ली। मौके पर मुख्यमंत्री ने पर्यटन विभाग, वन विभाग और पूर्वी सिंहभूम जिला के अधिकारियों को बेहतर तालमेल और समन्वय बनाकर बुरुडीह डैम के विकास कार्य को निश्चित समय सीमा के अंतर्गत मूर्त रूप देने का निर्देश दिया।

# नीट पेपर लीक मामले में बिहार के बाद अब महाराष्ट्र का कनेक्शन, दो अध्यापकों से हुई पूछताछ

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** नीट यूजी पेपर लीक का मामला इन दिनों सुर्खियों में बना हुआ है। बिहार पुलिस ने इस मामले में कुछ लोगों को गिरफ्तार किया है। अब नीट पेपर लीक का कनेक्शन महाराष्ट्र में भी मिला है। पुलिस ने दो अध्यापकों से पेपर लीक मामले में पूछताछ की है। जिन अध्यापकों से पूछताछ हुई है, उन्हें नांदेड़ की आंतकरोधी स्कवॉड ने शक के आधार पर पकड़ा। पुलिस को शक है कि ये दोनों अध्यापक नीट पेपर लीक मामले में शामिल हो सकते हैं। दोनों महाराष्ट के जिला परिषद स्कूलों में पढ़ाते हैं। साथ ही दोनों लातूर में निजी कोचिंग सेंटर भी संचालित करते हैं।

पुलिस ने दोनों से कई घंटे तक पूछताछ की और फिर जाने दिया। पुलिस ने दोनों को जरूरत पड़ने पर फिर से पूछताछ के लिए पेश होने का भी निर्देश दिया है। देश में इन दिनों नीट और यूजीसी नेट




परीक्षाओं को लेकर हंगामा चल रहा है और केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा जांच की जा रही है। दरअसल नीट परीक्षा में पेपर लीक होने का शक है। वहीं यूजीसी नेट की परीक्षा सरकार ने रद्द कर दी है। सरकार का कहना है कि यूजीसी नेट का पेपर डार्कनेट पर लीक हो गया था, जिसके चलते परीक्षा के अगले दिन ही परीक्षा को रद्द करने का आदेश जारी कर दिया गया।विपक्ष और सामाजिक संगठन नीट यूजी का पेपर लीक होने का आरोप लगा रहे हैं और मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग कर रहे हैं। ऐसे में केंद्र सरकार ने नीट पेपर लीक मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी है। बिहार पुलिस ने इस मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने पूछताछ में स्वीकार किया कि परीक्षा से एक दिन पहले ही पेपर लीक हो गया था। पुलिस अब सॉल्वर गैंग के लोगों से भी पूछताछ कर रही है।केंद्र सरकार ने अनियमितताओं की शिकायत के बाद नीट और यूजीसी नेट समेत कई अहम परीक्षाएं कराने वाली एजेंसी एनटीए को प्रमुख को बदल दिया है। साथ ही एक पैनल का गठन किया है, जो नीट परीक्षा में हुई अनियमितताओं की जांच करेगा। बीती 5 मई को हुई नीट यूजी की परीक्षा में करीब 24 लाख छात्र शामिल हुए थे, लेकिन जैसे ही 4 जून को रिजल्ट घोषित किए गए और उसमें 1500 से ज्यादा छात्रों को ग्रेस मार्क्स देने का खुलासा हुआ तो मामला अदालत में पहुंच गया। इसके बाद एनटीए ने छात्रों को दिए ग्रेस मार्क्स हटाने और इन छात्रों की परीक्षा फिर से लेने का फैसला किया। आज इन 1500 से ज्यादा छात्रों की फिर से नीट यूजी की परीक्षा आयोजित की जा रही है। साथ ही नीट के कथित पेपर लीक मामले पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई भी चल रही है।